सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
20.06.2025
* * नगर संस्करण। पेज :12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | आषाढ़, कृष्ण पक्ष, नवमी, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 335



12 पीएम मोदी आज बिहार को देंगे कई सौगात

# आफत की बारिश, हर ओर पानी ही पानी

## सभी नदियां उफान पर, तमाम शहर जलमग्न, कई लोगों की मौत, तेनुघाट, मैथन और चांडिल डैम के फाटक खोले गये

खबर मन्त्र टीम

**रांची।** मॉनसून की आस लगाये झारखंडवासियों के लिए बारिश राहत नहीं आफत बनकर टूट पड़ी है। राजधानी रांची, जमशेदपुर, धनबाद , हजारीबाग, पलामू, गुमला, लोहरदगा, लातेहार समे तमाम जिलों में लगातार भारी बारिश ने कोहराम मचा दिया है। सभी इलेके बाढ़ की चपेट में हैं। हर ओर देखने पर सिर्फ पानी ही पानी दिखाई दे रहा है। जलप्रपात, डैम, बांध के अलावा नदी-नाले ऊफान पर हैं। कई कच्चे मकान धराशाई हो गये। इससे करीब दर्जन भर लोगों की मौत की खबर है। पानी के तेज बहाव के साथ जानवरों के साथ इंसान भी बह गये। राहत और बचाव कार्य में एनडीआरएफ को भी तैनात कर दिया गया है। पुल-पुलिया पानी में डूब रहे हैं तो खेत खलियान में पानी भर गया है।

जलप्रपातों ने रौद्र रूप ले लिया है। कई गांव जलमग्न हैं। वहीं राजधानी समेत तमाम जिलों में गली मुहल्लों ने नदी का रूप ले लिया है। कई जिलों में लगातार भारी बारिश के कारण कई शहर लबालब भर गये हैं। सड़कों पर भी पानी भर गया है। रांची के निचले इलाकों में मौजूद घरों में पानी घुस गया है। कई जिलों में डैम के फाटक खोले गये हैं। इससे किनारे के निवासियों पर खतरा मंडराने लगा है। खूंटी में एक पुल धंस गया है। लातेहार में डायवर्सन बहने की वजह से ट्रक जलमग्न हो गया है। हर जिले में प्रशासन के स्तर पर बारिश की वजह से हुई क्षति के आकलन का निर्देश दिया गया है।

(शेष पेज11 पर)





### बारिश से मंदिर भी आधा डूबा

चतरा जिले में एक मंदिर की छत तक पानी पहुंच गया। पानी इतनी ज्यादा बरसा है कि मंदिर का केवल गुंबद ही नजर आ रहा है। यहां हालात गंभीर बताये जा रहे हैं और इसके आसपास किसी को जाने नहीं दिया जा रहा है।





### डीपीएस का शिक्षक बहा

डीपीएस रांची के शिक्षक भी पानी के तेज बहाव में बह गये। उनका अबतक कोई पता नहीं चल सका है। संगीत शिक्षक माइकल घोष अपने दो शिक्षक मित्र पंकज श्रीवास्तव और ऋत्विक सामंता के साथ गुरुवार को एक चार पहिया वाहन से करीब डेढ़ बजे जोन्हा फॉल घूमने पहुंचे थे।

### कहां क्या हुआ

खेत, तालाब, कुआं, नदियां पानी से लबालब, पंचघाघ जलप्रपात अपने रौद्र रूप में।

**जमशेदपुर** : खरकई और स्वर्णरेखा उफान पर , लोगों से सतर्क रहने की अपील

**बोकारो**: तेनुघाट डैम के आठ रेडियल गेट, नदी किनारे वाले लोगों से सतर्क रहने की अपील।

**हजारीबाग** : बारिश से जलमग्न हुआ पूरे जिले में जगह-जगह जलजमाव की स्थिति, पानी में डूबा मंदिर।

**खूंटी** : पेलोल नदी पर बना पुल ध्वस्त, सिमडेगा और ओड़िशा से टूटा संपर्क।

**अड़की**: करकरी नदी पर निमार्णाधीन पुल में कार्यरत छह मजदूर तेज बहाव फंसे, एनडीआरएफ ने रेसक्यू कर बचाया।

घर गिरने से **तमाड़** में मासूम बच्ची, खूंटी के **तोरपा** में एक युवक की मौत।

**लातेहार** में एप्रोच पथ ध्वस्त, आवागमन बुरी तरह से प्रभावित। लातेहार में बारिश के कारण दो ट्रक नदी और नाले में डूब गये।

**धनबाद** में ओवरब्रिज की बुनियादी दीवार धंसी। हावड़ा-धनबाद-गया रेल खंड पर बरमसिया ओवरब्रिज की दीवार गिरी। आवागमन बाधित।

**कांके डैम** का जलस्तर खतरनाक रूप से बढ़ा, राज्य के सबसे बड़े अस्पताल **रिम्स** के बेसमेंट में भी पानी भर गया है।

### भारी बारिश का असर, आज भी बंद रहेंगे सभी स्कूल

मूसलधार बारिश को देखते हुए रांची जिला प्रशासन ने शुक्रवार को भी 12वीं तक की सभी कक्षाओं को स्थगित करने का फैसला लिया है। इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है। रांची के डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने बताया कि बच्चों की सुरक्षा से समझौता नहीं किया जा सकता। लिहाजा, मौसम केंद्र, रांची से बारिश के पूवार्नुमान पर आधारित फीडबैक लेने के बाद स्कूलों को कल भी बंद रखने का फैसला लिया गया है। मौसम केंद्र ने शुक्रवार को गढ़वा, पलामू, चतरा, और लातेहार जिलों में भारी बारिश की संभावना के कारण ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं हजारीबाग, कोडरमा, गिरिडीह, देवघर, और दुमका में येलो अलर्ट रहेगा।

## न्यूज डायरी

### झारखंड का मोस्ट वांटेड निसार दिल्ली में धराया

**रांची।** झारखंड के मोस्ट वांटेड अपराधी निसार हसन उर्फ निशु को दिल्ली एयरपोर्ट से गिरफ्तार कर लिया किया गया है। निसार पर जमशेदपुर में हत्या समेत कई संगीन आपराधिक मामले दर्ज हैं। उसके खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया गया था। झारखंड पुलिस मुख्यालय ने निसार की गिरफ्तारी की पुष्टि की है। जानकारी के अनुसार निसार बहरीन से भारत लौट रहा था, इसी दौरान लुकआउट नोटिस के जरिये उसे दिल्ली एयरपोर्ट से गिरफ्तार कर लिया गया। वह जमशेदपुर के कुख्यात अमरनाथ गिरोह से जुड़ा था। वह लंबे समय से फरार चल रहा था। दिल्ली पुलिस की गिरफ्तारी की सूचना पर जमशेदपुर पुलिस की टीम दिल्ली रवाना हो गयी है। निसार पर करणी सेवा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विनय सिंह समेत कई लोगों की हत्या का आरोप है।

### पद्मश्री छुटनी महतो के जीवन पर बनेगी फिल्म

**सरायकेला।** महिला डायन उत्पीड़न मामले में सामाजिक कार्य करने के लिए पद्मश्री से सम्मानित सरायकेला की छुटनी महतो के जीवन पर बायोपिक फिल्म बनने जा रही है। फिल्म तेलुगू के साथ हिंदी में भी रिलीज होगी और इसकी तैयारी शुरू कर दी गयी है। पद्मश्री छुटनी महतो के जीवन पर आधारित बायोपिक में तेलुगू की एक मशहूर अभिनेत्री छुटनी महतो की मुख्य भूमिका निभायेंगी। जल्द ही फिल्म का निर्माण शुरू होगा। फिल्म की शूटिंग झारखंड में भी होगी।

### बाढ़ में बही महिला तीन बाइक सवार बचे

**चतरा।** दो दिनों से लगातार बारिश होने से जल जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। गुरुवार को बाढ़ में एक महिला बह गयी,जिससे उसकी मौत हो गयी। उसकी पहचान प्रतापपुर थाना के मैराग निवासी भूपुन यादव (55) पत्नी सुमित्रा देवी के रूप में की गयी। वह लथरवा नदी पार कर रही थी। तेज बहाव के कारण वह बह गयी। जब उसे निकाला तो उसकी मौत हो गई थी। वहीं टंडवा प्रखंड मुख्यालय में चुंदरू-गेरूआ नदी पर बने पीपा पुल पार कर रहे बाइक सवार तीन युवा पानी में बहने से बाल बाल बच गये। लोगों ने बाइक सहित युवाओं को बाहर निकाल।

### ईरान से निकाले गये 110 छात्र दिल्ली पहुंचे

नयी दिल ली। भारत के ऑपरेशन सिंधु के तहत युद्धग्रस्त ईरान से निकाले गए 110 भारतीय छात्र सकुशल स्वदेश पहुंच गये। इन्हें ईरान से पहले अर्मेनिया पहुंचाया गया। वहां से फ्लाइट 6ए 9487 से दिल्ली लाया गया। इनकी पहली उड़ान आज गुरुवार तड़के राष्ट्रीय राजधानी पहुंची।

# ईरानी मिसाइलों से हिला इजराइल

## इजरायल ने परमाणु ठिकानों को बनाया निशाना

एजेंसी

**तेल अवीव।** ईरान और इजराइल के बीच चल रहा संघर्ष अब खतरनाक मोड़ पर पहुंच गया है। इजराइली वायुसेना ने ईरान के अराक भारी जल रिएक्टर पर हमला किया जिसे परमाणु हथियारों के लिए उपयोगी प्लूटोनियम उत्पादन से जोड़ा जाता है। वहीं जवाबी हमले में ईरान ने बैलिस्टिक मिसाइल से इजराइल पर हमला बोला। ईरान ने बैलिस्टिक मिसाइलों की नयी लहर से कई शहरों पर तेज बमबारी की जिससे इजराइल हिल गया। मसाइलों की लहर थमने के बाद इजराइल के रक्षामंत्री काट्ज ने प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। होलोन में काट्ज ने तबाही देखकर कहा कि ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई आधुनिक हिटलर हैं। उन्होंने कहा कि इस आदमी को खत्म करना युद्ध के लक्ष्यों के अनुरूप है। अस्पतालों और शहरों को निशाना बनाना ठीक नहीं है।

### ईरान ने 30 बैलिस्टिक मिसाइलें दागी


ईरान ने गुरुवार तड़के करीब 30 बैलिस्टिक मिसाइलें इजरायल पर दागीं। इसमें बीर शीबा स्थित प्रमुख सोरोका अस्पताल और इसके मध्य क्षेत्र के सात प्रमुख स्थानों को नुकसान पहुंचा। एक मिसाइल इजरायल के दक्षिणी हिस्से के प्रमुख अस्पताल सोरोका मेडिकल सेंटर पर सीधी गिरी। इसके अलावा, होलोन और रमात गन शहरों में भी ये



मिसाइलें गिरीं। यह हमला इजरायल पर एक बड़ा और गंभीर हमला माना जा रहा है। ईरानी हमले के बाद पुलिस ने एहतियातन इलाके को खाली कराना शुरू कर दिया है। सोरोका अस्पताल के पास हालांकि कोई सैन्य ठिकाना नहीं है।

### ईरान के जल रिएक्टर पर हमला

इजराइली वायुसेना ने ईरान के अराक भारी जल रिएक्टर पर हमला किया जिसे परमाणु हथियारों के लिए उपयोगी प्लूटोनियम उत्पादन से जोड़ा जाता है। यह रिएक्टर तेहरान से करीब 250 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में स्थित है। हमले से ठीक पहले इजराइली सेना ने चेतावनी जारी करते हुए स्थानीय लोगों से क्षेत्र खाली करने को कहा था। खबरों के मुताबिक इजराइली हमलों में अब तक ईरान में कम से कम 639 लोगों की मौत हो चुकी है।




# सिकल सेल पर नियंत्रण को सरकार प्रतिबद्ध : सीएम

## बेहतर इलाज देने का हो रहा प्रयास, सामूहिक प्रयासों से ही इसका उन्मूलन संभव

- पीड़ित युवक- युवतियों से किया सीधा संवाद
- जन जागरूकता की है जरूरत
- भावी पीढ़ी का सुरक्षित जीवन हमारी प्रतिबद्धता

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने कहा है कि सिकल सेल पर नियंत्रण के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। वह गुरूवार को विश्व सिकल सेल जागरूकता दिवस के अवसर पर यूनिसेफ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में रोग से प्रभावित युवक-युवतियों से सीधा संवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सिकल सेल के प्रति जन जागरूकता फैलाने पर जोर दिया ताकि लोगों के बीच इस बीमारी के प्रति समझ बढ़ सके। उन्होंने कहा कि हम सभी के सामूहिक प्रयासों से ही इस बीमारी का उन्मूलन संभव है। इस दिशा में संक्रमितों को बेहतर जीवन देने का प्रयास कर



रहे हैं। इस बीमारी का असर सिर्फ मरीज को ही नहीं बल्कि उसके पूरे परिवार को महसूस होता है।

**स्क्रीनिंग बढ़ाने की है जरूरत :** सीएम ने कहा कि इस बीमारी की प्रारंभिक पहचान और उपचार सुनिश्चित करने के लिये स्क्रीनिंग को बढ़ाने की जरूरत है। ऐसे में ज्यादा से ज्यादा लोगों का स्क्रीनिंग होनी चाहिए और जिन लोगों में इस बीमारी के लक्षण पाये जायें। उनकी काउंसलिंग कर जांच दवाइयां और अन्य सुविधाएं उन्हें उपलब्ध करायी जाये। इस बीमारी के निदान की दिशा में यह प्रयास होना चाहिए ताकि बच्चों के जन्म के साथ ही उसकी स्क्रीनिंग कराई जाये।

**मरीजों से ली जानकारी :** सीएम ने सिकल सेल से प्रभावित आतिया कौशर, स्नेहा तिर्की, सान्या परवीन, विमला कुमारी और अब्दुल हकीम अंसारी से संवाद कर उनकी बीमारी और उससे होने वाली परेशानियों और चल रहे इलाज की जानकारी ली। (शेष पेज 11 पर)

### सरकार रोकथाम को प्रयासरत

सीएम ने कहा कि सिकल सेल से निपटने के लिये स्वास्थ्य विभाग और अन्य माध्यमों से कार्य किया जा रहे हैं। इसमें यूनिसेफ जैसी संस्थाओं की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि राज्य के स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिये कई कदम उठाये गये हैं। लोगों का हेल्थ प्रोफाइल तैयार किया जा रहा है। हेल्थ प्रोफाइल के डेटा को एक नियत समय पर अपडेट करते रहना चाहिये। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग से कहा कि सिकल सेल के संक्रमितों की जांच और इलाज की पुख्ता व्यवस्था होनी चाहिए। मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित होनी चाहिये।

## मोनोलिथिश इंडिया लिमिटेड के एनएसई में लिस्टिंग कार्यक्रम में बोले मंत्री राधा कृष्ण किशोर

# केंद्र सरकार की उपेक्षा के बाद भी झारखंड आत्मनिर्भर बनेगा

खबर मन्त्र ब्यूरो




रांची। वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि यह झारखंड के लिए गौरव की बात है कि यहां के उद्यमी की कंपनी के आईपीओ का नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में लिस्टिंग हो गया। इससे कंपनी को कैपिटल मार्केट में एक प्लेटफार्म मिल गया। मुझे आशा है कि यह कंपनी आगे चलकर तेजी से विकास करेगा। वह, गुरुवार को रांची के उद्यमी प्रभात टेकरीवाल की कंपनी मोनोलिथिश इंडिया लिमिटेड के एनएसई में लिस्टिंग कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि टैक्स की हिस्सेदारी में केंद्र सरकार का रवैया झारखंड के साथ सही नहीं है। केंद्र झारखंड को उसके हिस्से का पैसा नहीं दे रही है। इससे कई योजनाएं प्रभावित हुई है।

**राज्य के ही टैक्स से झारखंड को आत्मनिर्भर बनाएंगे :** वित्त मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का संकल्प है कि राज्य के ही टैक्स से झारखंड को आत्मनिर्भर बनाएंगे। ताकि केंद्र के आगे हाथ फैलाना नहीं पड़े। लघु उद्योगों को सहयोग के मामले में बैंकों का प्रदर्शन बहुत खराब है, इसे बदलने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि वह, राज्य के उद्यमियों को विश्वास दिलाते हैं कि झारखंड सरकार उनके साथ है। बैंकों से भी आर्थिक मदद दिलाने में हर सहयोग करेगा। उन्होंने कहा कि मोनोलिथिश कंपनी अच्छा कार्य कर रही है। झारखंड सरकार की ओर से इस कंपनी को हर प्रकार का सहयोग किया जाएगा।

### यह कंपनी तेजी से विकास की ओर अग्रसर होगाः महुआ माजी

राज्यसभा सांसद महुआ माजी ने कहा कि हम लोगों के लिए बहुत खुशी की बात है कि रांची के व्यवसायी के कंपनी का आईपीओ एनएसई में लिस्टिंग हुआ। कंपनी के प्रति ग्राहकों के प्यार को देखते हुए लगता है यह कंपनी तेजी से विकास की ओर अग्रसर होगा। एनएसई के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट कृष्णन अय्यर ने कहा कि कैपिटल मार्केट में इस कंपनी का आना झारखंड के लिए अच्छी बात है। कंपनी का मुख्य ग्राहक देश के पूर्वी क्षेत्र के हैं। लिस्टिंग होने के बाद कंपनी को पूंजी एकत्र करने में लाभ होगा। जिसका फायदा ग्राहकों को भी मिलेगा। हेम सिक्योरिटीज के डायरेक्टर गौरव जैन ने कहा कि शुरूआती दौर में ही शेयर के लिए करीब 2 लाख आवेदन आ गए हैं। जो कंपनी के उज्जवल भविष्य को दशार्ती है।

## खबर एक नजर में

### शराब घोटाला मामले के आरोपियों की जमानत पर हुई सुनवाई

रांची। राज्य में 38 करोड़ रुपए से अधिक के शराब घोटाले में जेल में बंद तत्कालीन संयुक्त उत्पाद आयुक्त गजेंद्र सिंह और जेएसबीसीएल के वित्त महाप्रबंधक सुधीर कुमार दास की ओर से दाखिल जमानत याचिका पर गुरुवार को एसीबी के विशेष न्यायाधीश योगेश कुमार सिंह की अदालत में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने एसीबी से केस डायरी की मांग की। साथ ही अगली सुनवाई की तारीख 28 और 30 जून निर्धारित की है। गजेंद्र सिंह की याचिका पर 28 को सुधीर दास की याचिका पर 30 जून को सुनवाई होगी। गजेंद्र सिंह को 20 और सुधीर दास को 21 मई को गिरफ्तार किया था। तब से दोनों जेल में है। दोनों ने 18 जून को जमानत की गुहार लगाते हुए याचिका दाखिल की है।

### एटीएस कोर्ट ने जमानत देने से किया इन्कार

रांची। एटीएस के डीएसपी नीरज कुमार एवं दारोगा सोनू कुमार पर फायरिंग मामले में आरोपी चंदन साव को झटका लगा है। एटीएस कोर्ट ने उसको जमानत देने से इनकार किया है। उसकी ओर से दाखिल जमानत याचिका पर गुरुवार को एटीएस के विशेष न्यायाधीश एसएन तिवारी की अदालत में सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने याचिका खारिज कर दी। अदालत में सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि फायरिंग की घटना के समय मुवक्किल जेल में था। इस मामले में जमानत की सुविधा मिलनी चाहिये। वहीं, एपीपी ने अदालत जमानत का विरोध किया। अदालत को जानकारी दी कि चंदन साव के खिलाफ 22 केस दर्ज है। चंदन साव को एटीएस ने उक्त मामले में तीन अगस्त 2023 को रिमांड पर लिया था। तब से वह जेल में है।

### सरकार की लापरवाही से गोड्डा होम्योपैथिक कॉलेज की मान्यता खतरे में : अजय साह

रांची। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने गोड्डा स्थित राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की गंभीर अव्यवस्था और इसकी मान्यता पर मंडरा रहे संकट को लेकर गहरी चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि राज्य का एकमात्र होम्योपैथिक कॉलेज, सरकार की लापरवाही और संवेदनहीनता के चलते अपने अस्तित्व खोने की कगार पर है। जबकि, भारत सरकार का आयुष मंत्रालय लगातार सहयोग दे रहा है। राज्य सरकार के रवैये से ऐसा प्रतीत होता है मानो वह जानबूझकर इस संस्थान को विफलता की ओर धकेलना चाहती है। उन्होंने कहा कि कॉलेज में आज तक स्थायी प्राचार्य की नियुक्ति नहीं हो पाई है। जिससे संस्थान में प्रशासनिक कार्य ठप पड़ गये हैं। इसके अलावा, कॉलेज में 42 स्वीकृत पदों के मुकाबले बीते एक दशक से मात्र 8-10 शिक्षक कार्यरत हैं। उन्होंने कहा कि कॉलेज में छात्रावास की बेहद कमी है। छात्राओं को अस्पताल या हॉल जैसे स्थानों में बिना किसी मूलभूत सुविधा के एक साथ रहने को मजबूर किया गया है। साथ ही, इंटर्न हॉस्टल के अभाव में छात्रों को प्रतिदिन 40 किलोमीटर दूर गोड्डा शहर से कॉलेज तक आना-जाना पड़ता है। यह केवल असुविधाजनक नहीं, बल्कि खतरनाक भी है। उन्होंने कहा कि इंटर्नशिप कर रहे विद्यार्थियों को 10,000 मासिक स्टाइपेंड दिया जा रहा है, जो आयुष मंत्रालय के दिशा.निदेर्शों के विपरीत है। इतना ही नहीं, छात्रों को यह नाममात्र राशि भी समय पर नहीं मिलती है।

# बारिश से हुई क्षति का त्वरित आकलन कर शीघ्र भेजें रिपोर्ट डीसी: डॉ इरफान

## बाढ़, जलभराव और संकट की घड़ी में हर प्रशासनिक तंत्र अलर्ट मोड में रहें

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। राज्य में हो रही भारी वर्षा और संभावित बाढ़/जलभराव की गंभीर स्थिति को देखते हुए आपदा प्रबंधन विभाग के मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने गुरुवार को आपात बैठक कर राज्य के सभी उपायुक्तों, पुलिस अधीक्षकों, और संबंधित विभागों को अलर्ट मोड पर रहने का निर्देश दिया है। मौसम विभाग रांची द्वारा दी गई चेतावनी के अनुसार, आगामी दिनों में तेज बारिश, नदियों के जलस्तर में वृद्धि और बाढ़ जैसी स्थितियां उत्पन्न हो सकती हैं, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हो सकता है। डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि स्थिति पर नजर रखी जा रही है। सभी जिलों को एडवाइजरी भेज दी गई है। विभाग की सभी टीमें पूरी मुस्तैदी से तैयार है। लेकिन सबसे अहम है कि आमजन सचेत रहें और सरकारी दिशा-निदेर्शों का पालन करें। हमारा लक्ष्य हर जीवन की सुरक्षा करना है।

**बारिश से हुई क्षति का आकलन कर भेजें रिपोर्ट :** मंत्री ने राज्य के सभी जिलों के उपायुक्तों को निर्देशित किया है कि वे भारी वर्षा से हुई क्षति का त्वरित आकलन कर उसका प्रतिवेदन शीघ्र विभाग को उपलब्ध कराएं, ताकि प्रभावित लोगों को हुए नुकसान का मुआवजा यथाशीघ्र प्रदान किया जा सके। आपदा की घड़ी में संयम, सतर्कता और सहयोग ही सबसे बड़ा हथियार है। झारखंड सरकार आपके साथ है।

### जारी की गई एडवाइजरी में विशेष निर्देश

**क्या करें:** बारिश के दौरान सुरक्षित स्थानों पर रहें। जरूरी होने पर ही यात्रा करें और वाहन सावधानीपूर्वक चलाएं। बिजली उपकरणों को प्लग से निकालकर सुरक्षित करें। मच्छरों से बचाव हेतु उचित उपाय अपनाएं। साफ पानी का उपयोग करें और खुले खाद्य पदार्थों से बचें। मौसम अलर्ट और सूचनाओं पर नजर बनाए रखें।

**क्या न करें:** जलमग्न सड़क, पुल, अंडरपास या नालों में प्रवेश न करें। बाढ़ के पानी में तैराकी या खेलकूद न करें। जेनरेटर का उपयोग घर के अंदर न करें। गिरे हुए विद्युत तारों के संपर्क में न आयें। तुरंत प्रशासन को सूचित करें। अत्यधिक बारिश के दौरान यात्रा या बाहरी गतिविधियों से बचें।

**विद्यालय बंद करने का सुझाव :** जिन जिलों में रेड अलर्ट घोषित किया गया है, वहां के उपायुक्तों को विद्यालयों को अस्थायी रूप से बंद करने का सुझाव दिया गया है, ताकि बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

### राज्य शहरी विकास अभिकरण के निदेशक ने दिया योगदान



रांची। झारखंड कैडर के 2013 बैच के आईएएस अधिकारी सूरज कुमार ने ुरुवार को नगर विकास एवं आवास विभाग अंतर्गत राज्य शहरी विकास अभिकरण के निदेशक के पद पर अपना योगदान दिया। इसके साथ हीं उन्होंनें झारखंड राज्य आवास बोर्ड के प्रबंध निदेशक और रांची स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन के सीईओ के रुप में भी पदभार ग्रहण किया। इस मौके पर उन्होंने पदाधिकारियों से सूडा, झारखंड राज्य आवास बोर्ड और रांची स्मार्ट सिटी के तहत चल रही महत्वाकांक्षी योजनाओं की संक्षिप्त जानकारी ली तथा कई आवश्यक निर्देश भी दिये।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल सं०-2, राँची**

**कार्यालय आदेश**

**शुद्धि -पत्र**

एतद् द्वारा भवन निर्माण विभाग के संबन्धित श्रेणी में निबन्धित संवेदकों को सूचित किया जाता है, कि P.R. No.355159 Building(25-26):D से प्रकाशित निविदा सख्या–24/2025–26 में निविदा खोलने की तिथि/ समय एवं स्थान 04.07.2025 को 3:30 बजे नोडल पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडलस संख्या–02, रॉंची द्वारा प्रकाशित किया गया है। निविदा सख्या–24/2025–26 क्र0 संख्या–04 के कार्य का नाम Renovation of "A" Type Qtr No-A 12/23, Doranda, Ranchi. के जगह पर कार्य का नाम Renovation of "A" Type Qtr No-A 12/13, Doranda, Ranchi. पढ़ा जाय। शेष सभी शर्ते यथावत रहेगी।

कार्यपालक अभियन्ता,
भवन निर्माण विभाग,
भवन प्रमंडल सं0–2, राँची

PR 355465 Building (25-26)_D


# झारखंड गौ सेवा को और सशक्त करेगी सरकार: शिल्पी नेहा

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। झारखंड गौ सेवा आयोग के तत्वावधान में पारिस्थितिकीय संतुलन एवं आधुनिकता के परिप्रेक्ष्य में गो-सेवा के क्षेत्र में उभरती चुनौतियां एवं संभावनाएं पर दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ गुरुवार को पशुपालन भवन, हेसाग (रांची) के सभागार में हुई। राष्ट्रीय स्तर की इस कार्यशाला का उद्घाटन कृषि, पशुपालन, सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने की। कार्यशाला में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि पशु से प्रेम व्यक्ति के व्यवहार और सोच को दशार्ता है। गौ सेवा हर किसी को निस्वार्थ भाव से करना चाहिए। राज्य में गौ सेवा आयोग बेहतर काम कर रहा है। आयोग के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के पास आयोग को बढ़ाने के लिए विजन है।

### पशुओं के लिए प्रति दिन 100 रुपए आहार के नाम पर होगा है भुगतान

कृषि मंत्री ने कहा कि झारखंड देश का पहला ऐसा राज्य है, जो पशुओं के लिए प्रति दिन 100 रुपए आहार के नाम पर भुगतान करती है। सरकार के द्वारा एक साल की राशि का भुगतान किया जाता है। उन्होंने कहा कि राज्य के निबंधित गौशालाओं को मजबूत बनाने के लिए राज्य सरकार हर संभव मदद करने को तैयार है। कृषि मंत्री ने माना कि गौ शालाओं के जो सहयोग, अनुदान मिलना चाहिए, अपेक्षित रुप से नहीं मिल पा रहा है। सालाना अनुदान समय पर गौ शालाओं को मिले, इसके लिए प्रयास हो रहा है। कृषि विभाग अपने स्तर से गौ सेवा आयोग को और दुरूस्त करने को हरसंभव प्रयास करेगा। पिछले वर्ष में गौ शालाओं को अनुदान के तौर पर 2.50 करोड़ रुपए निबंधित गौ शालाओं को दिये जाने की भी सूचना शिल्पी नेहा तिर्की ने दी।

इस मौके पर झारखंड सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद, उपाध्यक्ष राजू गिरी, कृषि, पशुपालन विभाग के सचिव अबु बकर सिद्दीक पी, पूर्व केंद्रीय मंत्री और गुजरात के सांसद रहे डॉ वल्लभभाई कथीरिया, झारखंड गौ सेवा आयोग के सचिव डॉ संजय प्रसाद, निबंधक डॉ मुकेश मिश्रा, पशु चिकित्सक डॉ प्रभात पांडेय, डॉ जय तिवारी, गौ अनुसंधान विकास केंद्र, नागपुर (महाराष्ट्र) के समन्वयक सुनील मान सिंहका, प्रादेशिक गौशाला संघ के महामंत्री अनिल मोदी सहित अन्य भी उपस्थित थे।

### अर्थव्यवस्था को गति देने में गौ माताओं का अहम योगदानः किशोर

कार्यशाला के दूसरे सत्र में मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने गो उद्यमिता विकास पर आधारित तकनीकी सत्र में गौ शालाओं और गो माताओं के महत्व को स्वीकार किया। कहा कि झारखंड गौ सेवा आयोग के स्तर से आयोजित इस राष्ट्रीय कार्यशाला के जरिए पता लगा कि गौमाता की और कितनी खासियत है। पहले हमसब दूध, दही, पनीर के बारे में पता था। पर सच यह है कि गोमाताओं से हमारी अर्थव्यवस्था, संस्कृति कितनी विकसित होती रही है। हर भारतीय के मन में अपने देश के लिए जितना प्रेम रहता है, गोमाताओं के प्रति भी रहती है। दुनिया की जितनी सभ्यताएं उत्तर से दक्षिण, पूर्व से पश्मि तक की रही है, उसमें सभ्यताओं के विकास में गौमाताओं का सबसे अहम योगदान रहा है। मंत्री ने गोमाताओं के महत्व को रेखांकित करते कहा कि मां की कोख से जन्म लेने के बाद वे गाय का दूध पीकर बडे हुए। उसका ही असर और परिणाम है कि आज राज्य में वित्त मंत्री के तौर पर जवाबदेही संभाल रहे हैं।

### इको सिस्टम के लिए भी पशुधन का महत्वः सचिव

सचिव अबु बकर सिद्दीक ने मौके पर कहा कि आज दुनिया में पर्यावरण बदलाव की बात हो रही है। पशु, पक्षियों के संरक्षण, संवर्धन के जरिए भी पर्यावरण संरक्षण के लिए मदद दी जा सकती है। इको सिस्टम को मजबूत करने में पशुधन का भी महत्व है। राज्य सरकार अपने स्तर से गो सेवा आयोग के जरिए और अन्य तरीकों से सहयोग दे रही है।

### गोबर, गोमूत्र का व्यावसायिक उपयोग का समयः वल्लभभाई

पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ वल्लभभाई कथीरिया समेत सुनील मानसिंह, डॉ सत्यप्रकाश समेत अन्य विशेषज्ञों ने कहा कि देश में गोमूत्र, गोबर का व्यावसायिक उपयोग किया जा रहा है। मेडिकल साइंस की रिपोर्ट में इसके जरिए कई असाध्य बीमारियों के ईलाज, प्राकृतिक खेती का जिक्र हो रहा है। देशी गाय का पालन और उसके दूध के जरिए भी लाभ उठाया जा रहा है। गोपालन और इसके जरिए स्टार्ट अप के भी सफल उदाहरणों का जिक्र विशेषज्ञों ने किया।

### गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने के मिशन पर आयोगः राजीव रंजन

आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने उद्घाटन सत्र के दौरान कहा कि देश के अलग अलग हिस्सों के विशेषज्ञ यहां जुटे हैं। शिमला, गोवा, राजस्थान, मैसूर (कर्नाटक), बंगाल जैसी जगहों के एक्सपर्ट गौ सेवा के क्षेत्र में उभरती चुनौतियां एवं संभावनाएं पर चर्चा करेंगे। इसका उपयोग आनेवाले समय में आदर्श नीति बनाने में होगा। पहले यहां के गो सेवा आयोग का काम गौशालाओं को अनुदान देने और आधारभूत संरचनाओं के विकास में योगदान देने तक था। पर हेमंत सोरेन सरकार में अब गौ शालाओं को आत्मनिर्भर बनाने की भी पहल हो रही है।

### गो पालन के जरिए महिला सशक्तिकरणः राजू गिरी

उपाध्यक्ष राजू गिरी ने राष्ट्रीय स्तर के कार्यशाला के आयोजन के लिए सुझाव देने में कृषि सचिव को विशेष तौर पर धन्यवाद दिया। कहा कि हेमंत सरकार के मार्गदर्शन में गौशालाओं को मजबूत करने का प्रयास जारी है। राज्य भर की महिलाओं को प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का अभियान चल रहा है। प्रशिक्षण देकर गोबर से दीप,अगरबत्ती तैयार कराये जा रहे हैं। अभी 200-200 महिलाओं को प्रशिक्षण मिला है। आगे 5000 से अधिक को ट्रेंड किया जायेगा।


**E-Procurement Notice**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER,**
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**BUILDING DIVISION-2,Ranchi**
**Very Short Notice Inviting Tender 3rd Call**
Tender Reference No:-R.F.P 03 /2025-26/BCD/EE/DIV NO-02,RANCHI. Date:-20-06-2025

*Online* bids are invited by Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division-02,Ranchi for appointing *Consultancy Service for Preparation of DPR " Acoustics Treatment enhancement/ Design, testing of Sound system and Consultancy for the Jharkhand Vidhan Sabha Assembly Hall" at Dhurwa, Ranchi."* from qualified reputed Consultancy firms.

| | |
|---|---|
| Date of Upload of RFP Document | From 2606.2025 , 10.00 A.M. |
| Last date of online submission of RFP and Bid Document | 03.07.2025upto 1.00 P.M |
| Date and Time of Opening of Technical | 04.07.2025 at 1.00 P.M |
| Time of work completion | 02(Two) Months |
| Date of Pre Bid meeting | 01.07.2025 at 11.30 A.M. |
| Place of Pre Bid meeting | e-procurement Cell, Room No. 326A, 3rd Floor, Building Construction Department, Jharkhand Mantralaya, Dhurwa, Ranchi |
| Place of Opening | e-procurement Cell, Room No. 326A, 3rd Floor, Building Construction Department, Jharkhand Mantralaya, Dhurwa, Ranchi |
| Cost of RFP Documents | Rs.3,000/-( Three Thousand Only) |

Note-Only electronic receipt of Cost of Tender and Earnest Money Deposit (Bid Security) will be acceptable as per provisions of Standard Operating Procedure (SOP) Issued by Information Technology & e- Governance Department, Government of Jharkhand Vide Order Memo No. 120, Dt. 03.10.23 of Secretary, Information Technology & e-Governance Department, Government of Jharkhand. 2nd Call Tender Reference No-R.F.P 02 /2025-26/BCD/EE/DIV NO-02 and PR No-353634Building (25-26).D
http://jharkhandtenders.gov.in
Any change can be seen on Website http:// jharkhandtenders.gov.in
Any other information can be seen on http://jharkhandtenders.gov.in

Nodal Officer, e-Procurement Cell,
Office of the Executive Engineer,
BuildingConstruction Department,
Building Division-2,Ranchi.

PR 355440 Building(25-26)D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, सिमडेगा**

**अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 24/2025-26**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | विज्ञापन दाता का नाम | – | कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, सिमडेगा। |
| 2 | परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय | – | 26-06-2025 को अप0 12.00 बजे तक। |
| 3 | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | – | 28-06-2025 के अप0 2.30 बजे तक। |
| 4 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | – | 28-06-2025 के अप0 3.00 बजे से। |
| 5 | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | – | (i) अधीक्षण अभियंता भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं–2, रॉची का कार्यालय। (ii) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन प्रमंडल सिमडेगा। |
| 6 | निविदा प्राप्ति का स्थान | – | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन प्रमंडल, सिमडेगा। |
| 7 | कार्य विवरणी :– | | |

| Sl. No. | Name of work | Estimated Cost | Earnest Money | B.O.Q Cost | Time Of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | (i) E/R to DC Residence (Inner Sides) in Simdega. (ii) E/R to DC Residence (Outer Sides) in Simdega. | 4,99,500.00 | 10,000.00 | 750.00 | 15 (Fifteen) Days |

निविदा की शर्ते– WWW.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल, सिमडेगा

PR 355423 Simdega(25-26).D


# एनईपी-2020 : प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा के लिए शिक्षक तैयार करेगी सरकार

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा के लिए शिक्षक तैयार करने का निर्णय लिया है। इसके लिए राज्य के शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रारंभिक शिक्षा में डिप्लोमा पाठ्यक्रम की पढ़ाई शुरू कराई जाएगी। यह डिप्लोमा पाठ्यक्रम दो वर्ष का होगा, जिसमें नामांकन 12वीं कक्षा के बाद होगा। इस पाठ्यक्रम को पूरा करने वाले युवा प्री नर्सरी के साथ-साथ पहली और दूसरी कक्षा के शिक्षक बन सकेंगे

**पाठ्यक्रम का क्या है उद्देश्य :** पाठ्यक्रम का मुख्य उदेश्य शिक्षक तैयार करना है। इस पाठ्यक्रम का उद्देश्य उन युवाओं को शिक्षक के रूप में तैयार करना है, जो तीन से आठ वर्ष के बच्चों की शिक्षा के क्षेत्र में अपना करियर बनाना चाहते हैं। यह पाठ्यक्रम बच्चों के समग्र विकास, जैसे कि सामाजिक, भावनात्मक, संज्ञानात्मक और शारीरिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है। झारखंड में वर्तमान में मात्र एक संस्थान गढ़वा के गुरुपद शिक्षक प्रशिक्षण कालेज में इस पाठ्यक्रम की पढ़ाई होती है

### पाठ्यक्रम की विशेषताएं

**क्रेडिट आधारित :** यह पाठ्यक्रम नेशनल क्रेडिट फ्रेमवर्क के अनुसार कई क्रेडिट होंगे, जिनका उल्लेख भी करिकुलम में किया गया है।

**थ्योरी और प्रैक्टिकल :** कुल 40 क्रेडिट में थ्योरी और प्रैक्टिकल का अनुपात पांच अनुपात तीन का होगा।

**स्कूल एक्सपीरिएंस प्रोग्राम :** दो वर्ष के पाठ्यक्रम के दौरान अंतिम 90 दिन स्कूलों में कक्षाएं लेनी होगी।

### चार्जशीटेड दो आरोपियों को मिली एबीपी

जेपीएससी द्वितीय नियुक्ति घोटाले में चार्जशीटेड दो आरोपियों को अदालत ने अग्रिम जमानत की सुविधा प्रदान की है। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश एसएन तिवारी की अदालत में गुरुवार को आरोपियों की ओर से दाखिल याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने प्रमोद राम एवं राहुल आनंद को अग्रिम जमानत याचिका स्वीकार किया। इनलोगों ने अप्रैल महीने में अग्रिम जमानत की गुहार लगाते हुए याचिका दाखिल की थी।

भारी बारिश को लेकर जारी अलर्ट एवं बारिश के मौसम में तैयारी को लेकर की बैठक

# मुस्तैद रहें अधिकारी, प्रभावित क्षेत्रों में व्यवस्था का जायजा लें : उपायुक्त

- **बिजली विभाग एवं पथ निर्माण विभाग के पदाधिकारियों को भी मुस्तैद रहने का दिया गया निर्देश**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** भारी बारिश को लेकर जारी अलर्ट एवं जिला में बारिश के मौसम में तैयारी को लेकर उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, रांची मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में गुरुवार को ऑनलाइन बैठक आयोजित की गयी। बैठक में डीआईजी-सह-वरीय पुलिस अधीक्षक, रांची चंदन कुमार सिन्हा सहित संबंधित विभाग के जिलास्तरीय पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी जुड़े थे।

बैठक में उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा सबसे पहले मौसम विज्ञान विभाग द्वारा भारी बारिश को लेकर जारी अलर्ट पर जिला में स्थिति की समीक्षा की गयी। ग्रामीण एवं शहरी प्रभावित क्षेत्रों में उपायुक्त द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को सर्तकता बरतने एवं वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये।

मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा विशेषकर जिला पंचायती राज पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा अधीक्षक को हर पंचायत में पंचायत भवन एवं स्कूल भवनों में प्रभावित लोगों के लिए रिलीफ कैंप को लेकर व्यवस्था तैयार रखने के निर्देश दिये गये। सभी प्रखण्ड के जिलास्तरीय वरीय पदाधिकारियों को भी उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा स्थिति की लगातार मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिये गये ताकि ससमय प्रभावित क्षेत्र के लोगों को राहत पहुंचायी जा सके। जिला पंचायती राज पदाधिकारी को आगामी दिनों में सभी मुखिया समूहों के माध्यम से बारिश में सुरक्षा उपायों से संबंधित जानकारी का व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए गए।

बिजली विभाग एवं पथ निर्माण विभाग के पदाधिकारियों को भी उपायुक्त द्वारा मुस्तैद रहने का निर्देश दिया गया। बारिश के कारण बिजली के तार एवं सड़क पर पेड़ गिरने पर उन्होंने तत्काल कार्रवाई करते हुए व्यवस्था बहाल करने के निर्देश दिये।

जिला परिवहन पदाधिकारी एवं पुलिस उपाधीक्षक, यातायात को ट्रैफिक व्यवस्था की स्थिति पर विशेष ध्यान देने का निर्देश उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा दिया गया। उन्होंने दुर्घटना संभावित क्षेत्रों और बारिश के कारण प्रभावित सड़कों/पुलों पर यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था एवं नागरिकों को वैकल्पिक मार्गों की जानकारी देने के निर्देश दिये। उपायुक्त द्वारा क्षेत्रीय निगरानी समितियों के साथ मिलकर जाम नालियों, ठहरे हुए पानी और गिरे हुए पेड़ों की स्थिति पर नजर रखने का निर्देश दिया गया। उन्होंने जल निकासी की व्यवस्था को दुरुस्त करने और बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों की तैयारी रखने के भी निर्देश दिये।

उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा 10 जुलाई को प्रस्तावित इस्टर्न जोनल काउंसिल की बैठक को लेकर सभी संबंधित कोषांगों को भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

# झारखंड में रांची सहित कई जिलों में आज भी रहेगा मौसम का रेड अलर्ट!

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** झारखंड में 17 जून को दस्तक देने के बाद मानसून पूरी तरह सक्रिय है। पिछले 24 घंटों में मानसून की सक्रियता के कारण झारखंड के कई जिलों में भारी से अत्यधिक भारी बारिश दर्ज की गई। रांची मौसम केंद्र के अनुसार, 18 जून की सुबह 8:30 बजे से 19 जून की सुबह 8:30 बजे तक हुई बारिश में जमशेदपुर में सर्वाधिक 247.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई। अन्य जिलों में भी भारी बारिश हुई, जिसमें सरायकेला-खरसावां में 237.5 मिमी, रांची के कांके में 260.4 मिमी, लातेहार में 150 मिमी, चाईबासा में 123.3 मिमी, और डाल्टनगंज में 107.4 मिमी बारिश दर्ज की गई।

**निम्न दबाव का क्षेत्र उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ रहा**

रांची मौसम केंद्र के निदेशक अभिषेक आनंद ने बताया कि गंगा के तटीय क्षेत्र पश्चिम बंगाल और आसपास के इलाकों में बना निम्न दबाव का क्षेत्र धीरे-धीरे उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ रहा है। वर्तमान में यह पूर्वोत्तर झारखंड और गंगा के तटीय पश्चिम बंगाल के ऊपर स्थित है। उम्मीद है कि अगले 24 घंटों में यह क्षेत्र झारखंड से आगे बढ़ जाएगा।

**आज भी मौसम की चेतावनी**

20 जून को गढ़वा, पलामू, चतरा, और लातेहार जिलों में भारी बारिश की संभावना के कारण ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इसके अलावा, हजारीबाग, कोडरमा, गिरिडीह, देवघर, और दुमका जिलों में भारी बारिश का येलो अलर्ट रहेगा।

**मूसलाधार बारिश के कारण तापमान में भारी गिरावट**

लगातार मूसलाधार बारिश का असर राज्य के विभिन्न जिलों के अधिकतम तापमान पर पड़ा है। रांची में अधिकतम तापमान 8.5 डिग्री सेल्सियस कम होकर 25 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जमशेदपुर में तापमान 9.8 डिग्री सेल्सियस की गिरावट के साथ 26.4 डिग्री सेल्सियस रहा। डाल्टनगंज का अधिकतम तापमान 7.6 डिग्री सेल्सियस कम होकर 29.3 डिग्री सेल्सियस, बोकारो का 8.1 डिग्री सेल्सियस की कमी के साथ 30.2 डिग्री सेल्सियस और चाईबासा का 6.5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट के साथ 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# स्वर्णरेखा और हरमू नदी उफान पर

- **स्वर्णरेखा नदी के किनारे बसे कई इलाकों से लोगों का रेस्क्यू**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** राजधानी रांची समेत झारखंड के विभिन्न जिलों में लगातार तीन दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। शहर की छोटी-बड़ी सड़कें जलमग्न हो चुकी हैं, वहीं हरमू और स्वर्णरेखा जैसी प्रमुख नदियां खतरे के निशान के ऊपर बह रही हैं।

स्वर्णरेखा नदी के किनारे बसे कुछ इलाकों में पानी घरों में घुस गया है, जिससे कई परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट करना पड़ा। जिला प्रशासन द्वारा रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया और प्रभावित लोगों को सुरक्षित निकाला गया। वहीं हरमू नदी और अन्य बड़े नाले भी उफान पर हैं, जिससे आस-पास के इलाकों में जलभराव और बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं।

**एयरपोर्ट जाने वाली सड़क पर भी लगा जाम**

प्रशासन ने सड़क पर निकलने वाले नागरिकों से सावधानीपूर्वक वाहन चलाने की अपील की है। शहर में ट्रैफिक की रफ्तार धीमी हो गई है। इधर एयरपोर्ट रोड पर भी एक ट्रैक्टर, रोड धंसने के कारण पलट गया। रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट जाने वाली सड़क में जाम की स्थिति बन गई, जिससे एयरपोर्ट जाने वाले यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ी।

**बारिश के चलते प्रशासन अलर्ट मोड पर**

फिलहाल रांची व आसपास के जिलों में राहत व बचाव दल को अलर्ट मोड पर रखा गया है ताकि किसी भी आपात स्थिति से निपटा जा सके। जिला प्रशासन से मिली जानकारी के मुताबिक स्वर्णरेखा नदी के इर्द-गिर्द रहने वाले कुछ लोग फंस गए थे, उन्हें सुरक्षित निकाल लिया गया है। फिलहाल राजधानी रांची से हताहत की अभी तक कोई सूचना नहीं मिली है, प्रशासन की टीम लगातार नजर बनाई हुई है।

# बारिश से कई इलाके डूबे, घरों में घुसा नाले का पानी

- **जनजीवन पूरी तरह से अस्तव्यस्त**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** राजधानी रांची में लगातार हो रही बारिश से शहर के कई इलाकों में जलभराव की गंभीर समस्या खड़ी हो गई है। निचले इलाकों में रहने वाले लोगों के लिए यह बारिश परेशानी का सबब बन गई है। शहर के कई क्षेत्रों में जलजमाव की स्थिति से लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से पानी मुख्य नाले तक पहुंच ही नहीं पाता और परिसर में भर जाता है।

इससे हर वर्ष मानसून के समय लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। नाला का पानी लोगों के घरों में घुस चुका है, जिससे जनजीवन पूरी तरह से अस्तव्यस्त हो गया है. पीने के पानी से लेकर बिजली तक की सुविधा ठप हो चुकी है और लोग अपने ही घरों में कैद होकर रह गए हैं।

**दीपाटोली बना तालाब, बिजली और पानी का संकट :** खेलगांव स्थित दीपाटोली मोहल्ला पूरी तरह जलमग्न है. नालियों का गंदा पानी घरों के भीतर घुस चुका है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि घर के अंदर एक से दो फीट तक पानी भर गया है. बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक भारी परेशानी झेल रहे हैं. न तो पीने का साफ पानी है, न बिजली. जनरेटर सेट भी पानी में डूबकर ठप हो चुके हैं।

**डोरंडा मनीटोला पुल का संपर्क लोगों से टूटा :** डोरंडा मनीटोला का पुल के ऊपर से पानी का तेज बहाव आने लगा। जिससे आसपास के लोगों का संपर्क पुल से टूट गया है। पुल के ऊपर से पानी बहने लगा है। हिनू नदी (भुसूर नदी) में पानी भर गया है। वहीं लगातार हो रही बारिश के कारण डोरंडा गौरी शंकर नगर, संत अंथोली स्कूल के पास का रोड धंस गया है।

**कई इलाकों की स्थिति भयावह :** खेलगांव का दीपाटोली क्षेत्र हो, कोकर का निचला इलाका, हरमू नदी के किनारे बसे मोहल्ले या फिर डोरंडा का कई क्षेत्र-हर तरफ पानी का सैलाब है। दीपाटोली तो पूरी तरह डूब गया है। नालियों का कीचड़ भरा पानी घरों में घुसा है, जहां एक से दो फीट तक जलभराव हो गया है। बच्चे और बुजुर्ग सबसे ज्यादा परेशान हैं। कोकर में नालों का पानी सड़कों-गलियों से होता हुआ घरों में घुस रहा है। शौचालयों का गंदा पानी बैकफ्लो के कारण घरों में फैल रहा है, जिससे महिलाओं और बच्चों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। स्थानीय लोग बताते हैं। हरमू नदी के किनारे बसे घरों में नदी का पानी घुस गया है। लोग ऊपरी मंजिलों में सिमटे हैं, जहां न खाना बन पा रहा है, न बुनियादी जरूरतें पूरी हो पा रही हैं।

# रांची में भारी बारिश से खुली नगर निगम की पोल

- **शहर के कई इलाकों में घरों में घुसा नाली का गंदा पानी**

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**रांची।** राजधानी रांची में मानसून की पहली जोरदार बारिश ने नगर निगम की तैयारियों की पोल खोल दी है। शहर के कई इलाकों में जलजमाव की भयावह स्थिति उत्पन्न हो गई है। नाले का पानी लोगों के घरों में घुस चुका है, जिससे जनजीवन पूरी तरह से अस्तव्यस्त हो गया है। पीने के पानी से लेकर बिजली तक की सुविधा ठप हो चुकी है और लोग अपने ही घरों में कैद होकर रह गए हैं।

**दीपाटोली बना तालाब, बिजली और पानी का संकट**

खेलगांव स्थित दीपाटोली मोहल्ला पूरी तरह जलमग्न है। नालियों का गंदा पानी घरों के भीतर घुस चुका है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि घर के अंदर एक से दो फीट तक पानी भर गया है। बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक भारी परेशानी झेल रहे हैं। न तो पीने का साफ पानी है, न बिजली। जनरेटर सेट भी पानी में डूबकर ठप हो चुके हैं।

**कोकर की गलियों में बह रहा है गंदा नाला**

कोकर के निचले इलाकों में नालों का पानी सड़क और गलियों से होकर बह रहा है। कई घरों में शौचालय का गंदा पानी भी बैकफ्लो के कारण अंदर आ गया है। महिलाओं और बच्चों को भारी दिक्कत हो रही है। लोगों का कहना है कि यह कोई नई समस्या नहीं है, हर साल यही हाल होता है। लेकिन रांची नगर निगम की ओर से स्थाई समाधान के लिए कोई कदम नहीं उठाया जाता है।

**हरमू नदी के किनारे बसे इलाकों में स्थिति भयावह**

हरमू नदी के किनारे बसे कई घरों में नदी का पानी घुस चुका है। कुछ घरों में लोग ऊपरी मंजिल पर जाकर किसी तरह सुरक्षित हैं लेकिन वहां न तो खाना पका पा रहे हैं और न ही बुनियादी जरूरतों की पूर्ति हो पा रही है।

**नगर निगम पर लापरवाही के गंभीर आरोप**

वहीं स्थानीय निवासियों ने नगर निगम पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि उन्होंने कई बार जलजमाव की समस्या को लेकर शिकायतें दर्ज कराई हैं लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। बारिश से पहले नालों की सफाई अधूरी रह गई, जिसका नतीजा आज पूरा मोहल्ला भुगत रहा है।

**बिल्डरों की मनमानी और प्रशासन की चुप्पी**

एक और बड़ा मुद्दा सामने आया है अनियोजित शहरीकरण। जिन क्षेत्रों में पहले नाले या जलधाराएं थीं, वहां बिल्डरों ने बड़े फ्लैट खड़े कर दिए हैं। प्रशासन ने आंख मूंदकर मंजूरी दी और आज नालों का प्राकृतिक बहाव बंद हो चुका है। नतीजतन मामूली बारिश में ही पानी का जमाव हो जाता है और वह बस्ती में घुस आता है।

**जनजीवन पूरी तरह प्रभावित, लोग कर रहे हैं जीवन की जद्दोजहद**

ग्राउंड रिपोर्ट में यह सामने आया कि प्रभावित इलाकों के लोग रोजमर्रा की जिंदगी जीने में असमर्थ हो चुके हैं। खाना बनाना, ऑफिस जाना सब कुछ ठप है। राशन की दुकानों तक पहुंचना भी एक चुनौती बन गया है। कई परिवारों के घरों में खाना बनाने की सामग्री और गैस सिलेंडर भी पानी में डूब गए हैं।

**पिछले साल की स्थिति से कोई सबक नहीं लिया गया**

यह पहली बार नहीं है जब मानसून में ऐसी स्थिति उत्पन्न हुई हो। पिछले साल भी रांची के इन्हीं इलाकों में जलजमाव की गंभीर स्थिति बनी थी। तब एनडीआरएफ की टीमों को बुलाना पड़ा था लेकिन दुख की बात है कि उस आपदा से कोई सबक नहीं लिया गया। इस बार भी हालात लगभग वैसे ही हैं बल्कि कुछ जगहों पर स्थिति और बदतर हो चुकी है।

**जनप्रतिनिधियों की चुप्पी पर भी उठे सवाल**

स्थानीय लोग यह सवाल भी उठा रहे हैं कि आखिर उनके जनप्रतिनिधि कहां हैं? चुनाव के समय तो हर मोहल्ले में वादों की बौछार होती है लेकिन जब जनता को सच में मदद की जरूरत होती है, तो कोई सामने नहीं आता।

**स्थिति को तत्काल गंभीरता से लें अधिकारी**

हमारी टीम की इस ग्राउंड रिपोर्ट का मकसद है कि नगर निगम, जिला प्रशासन और राज्य सरकार तक आम जनता की पीड़ा पहुंचे। यह वक्त बयानबाजी का नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर ठोस कार्रवाई का है। यदि समय रहते जलनिकासी की व्यवस्था दुरुस्त नहीं की गई, तो आने वाले दिनों में यह स्थिति और विकराल हो सकती है। रांची जैसे राजधानी शहर में हर साल मानसून का यही हाल है तो यह सोचने की जरूरत है कि विकास का दावा किस आधार पर किया जा रहा है? नालों की सफाई, जलनिकासी की पुख्ता व्यवस्था और शहरी योजना में पारदर्शिता के बिना ऐसी त्रासदियों की पुनरावृत्ति को रोकना मुश्किल है।

**कई क्षेत्रों में परेशानी**

खेलगांव, कोकर, दीपा टोली, अशोक नगर, हरमू, कांके, कोकर, भरमटोली और पंडरा जैसे इलाकों में जलभराव की स्थिति बेहद चिंताजनक है। कई घरों में एक से दो फीट तक पानी भर गया है, जिससे लोग घरों में कैद होकर रह गए हैं।

**रोजमर्रा की जिंदगी ठप**

लगातार बारिश और जलभराव के कारण लोगों की दिनचर्या पूरी तरह बाधित हो गई है। लोग ऑफिस नहीं जा पा रहे हैं, बच्चों के स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी गई है। बाजारों में भी सन्नाटा है, मौसम विभाग और प्रशासन लोगों को घरों में रहने की सलाह दे रहा है। जिसकी वजह से लोग घर से निकलने से परहेज कर रहे हैं।

**कांके डैम में बढ़ा जलस्तर**

कांके डैम के किनारे बसे इलाकों में जलस्तर खतरनाक रूप से बढ़ गया है। स्थानीय लोग डरे हुए हैं कि अगर बारिश ऐसे ही जारी रही, तो स्थिति बेकाबू हो सकती है। वहीं स्थानीय लोगों ने नगर निगम पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है। लोगों का कहना है कि हर साल यही हाल होता है लेकिन प्रशासन समय रहते कदम नहीं उठाता। लोगों की मांग है कि इस बार स्थाई समाधान किया जाए ताकि हर मानसून में यह त्रासदी न दोहराई जाए।

# नगर निगम की अकर्मण्यता के कारण डूबी राजधानी: संजय सेठ

- **केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने कहा- निकाय चुनाव नहीं होना और अतिक्रमण भी है इस भयावह स्थिति की वजह**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि नगर निगम की अकर्मन्यता के कारण रांची आज चारों तरफ से पानी-पानी हुई पड़ी है। हर तरफ घर दुकान डूबे हुये हैं। कई मोहल्ले जलमग्न हो चुके हैं। गुरुवार को भीषण बारिश के बीच दर्जनों मोहल्ले को देखा। यह स्पष्ट देखने को मिला कि यह नगर निगम की अकर्मन्यता है। रांची के लोगों का जीवन नरकीय बन गया है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष भी रांची की स्थिति देखकर नगर निगम को आगाह किया था।

उन्होंने कहा कि रांची की ऐसी नरकीय स्थिति का एक बड़ा कारण नगर निगम का चुनाव नहीं होना भी है। चुनाव होने के उपरांत संबंधित वार्ड सदस्य अपने-अपने क्षेत्र की देखरेख और साफ-सफाई की जिम्मेदारी लेते हैं। इसके परिणाम स्वरूप जल जमाव नहीं हो पाता है। यह सोचने वाली बात है कि पहाड़ी इलाका रांची जलमग्न कैसे हो रहा है।

उन्होंने कहा कि जहां तहां बड़े-बड़े नालों पर अतिक्रमण भी जल जमाव का एक बड़ा कारण बन चुका है। अतिक्रमण हटाने में नगर निगम की थोड़ी भी रुचि नहीं दिखती है। बड़े-बड़े नालों की सफाई नहीं हो पाती है। नगर निगम के पास पैसे का नहीं होना भी रांची की नारकीय स्थिति का एक बड़ा कारण है। उन्होंने कहा कि शासन-प्रशासन रांचीवासियों की चिंता करे और प्राथमिकता के आधार पर इस दिशा में काम शुरू होना चाहिये।

# झारखंड में भारी बारिश से रेल यातायात भी प्रभावित

- **जलजमाव के कारण कई ट्रेनों का मार्ग बदला, एक ट्रेन रद्द**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** झारखंड समेत पूरे पूर्वी भारत में लगातार हो रही भारी बारिश का असर अब रेल सेवाओं पर भी साफ देखने को मिल रहा है। दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर मंडल अंतर्गत टाटानगर रेलवे स्टेशन के यार्ड क्षेत्र में अत्यधिक जलजमाव के कारण रेल यातायात बाधित हो गया है। इस स्थिति को देखते हुए रांची रेल मंडल से परिचालित कई ट्रेनों के मार्ग में परिवर्तन किया गया है, जबकि एक ट्रेन को पूरी तरह रद्द कर दिया गया है।

रेलवे द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, ट्रेन संख्या 22892 रांची-हावड़ा इंटरसिटी एक्सप्रेस, जिसकी यात्रा प्रारंभ तिथि 19 जून 2025 है, अब अपने निर्धारित मार्ग कोटशिला - पुरुलिया - टाटानगर - खड़गपुर की बजाय परिवर्तित मार्ग कोटशिला - राजाबेड़ा - चंद्रपुरा - भोजूडीह - आद्रा - मेदिनीपुर - खड़गपुर होकर चलाई जाएगी।

इसी तरह, ट्रेन संख्या 22891 हावड़ा - रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस, जो 19 जून को यात्रा प्रारंभ करती है, वह भी अब खड़गपुर - टाटानगर - पुरुलिया - झालदा मार्ग के स्थान पर खड़गपुर - मेदिनीपुर - आद्रा - जमुनियाटांड - राजाबेड़ा - कोटशिला होकर चलेगी।

जलजमाव की गंभीर स्थिति को देखते हुए ट्रेन संख्या 68085 टाटानगर-बरकाकाना पैसेंजर (वाया मूरी) को रद्द कर दिया गया है। यह ट्रेन भी 19 जून 2025 को ही चलने वाली थी। रेल प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि यात्रा से पूर्व संबंधित ट्रेन की स्थिति की जानकारी अवश्य लें। रेलवे स्टेशनों और ऑनलाइन माध्यमों पर अपडेट लगातार जारी किया जा रहा है। इस असामान्य स्थिति के कारण यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ रही है, खासकर उन यात्रियों को जो नियमित रूप से रांची, टाटानगर, बरकाकाना या हावड़ा की यात्रा करते हैं। एक यात्री ने बताया, हमें पहले से सूचना नहीं थी कि ट्रेन रद्द है, स्टेशन आकर पता चला, अब लौटना पड़ रहा है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, जैसे ही यार्ड क्षेत्र से जलजमाव की स्थिति सामान्य होगी, नियमित मार्ग बहाल कर दिया जाएगा। फिलहाल, यात्रियों की सुरक्षा और ट्रेनों की सुचारू आवाजाही को प्राथमिकता दी जा रही है।

## रांची पुलिस अब नशा तस्करों के परिजनों की भी करेगी काउंसिलिंग

# तस्करों पर सीसीए के साथ-साथ संपत्ति होगी जब्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी में रांची पुलिस के द्वारा अब नशा के कारोबार में शामिल ड्रग्स पैडलर्स नशे की तस्करी से दूर रहें इसके लिए अब उनके परिजनों को ही नशे से होने वाले नुकसान की जानकारी दी जाएगी। नशे की लत कितनी खतरनाक होती है, कैसे नशे की जद में आकर युवा पीढ़ी बर्बाद हो रही है, इसके लिए पुलिस ने बेहद सकारात्मक प्लान पर काम शुरू किया है। रांची पुलिस मादक पदार्थों के कारोबार को लेकर नो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। दरअसल, रांची पुलिस यह भलीभांति जानती है कि बड़े नशे के तस्कर युवाओं को खासकर कम उम्र के लड़के-लड़कियों को लालच या फिर उन्हें नशे का आदि बनाकर ड्रग्स पैडलर्स बना देते हैं। ऐसे में अब ड्रग्स पैडलर्स के परिवार सहित उनकी काउंसिलिंग तो होगी ही साथ ही बड़े तस्करों पर बड़ी कार्रवाई की भी तैयारी की गई है। यही वजह है कि पिछले डेढ़ सालों में केवल रांची से ही करोड़ों की नशे की खेप बरामद की गयी और दर्जनों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। अब पुलिस नशे के तस्करों के परिजनों का भी काउंसिलिंग करेगी ताकि वे अपने बेटों को ड्रग्स पैडलर्स बनने पर रोक लगा सकें।

डीआईजी सह एसएसपी चन्दन कुमार सिन्हा ने बताया कि जिले में बड़ी संख्या में ऐसे लोग हैं, जो कुछ रुपयों के लिए ब्राउन शुगर समेत अन्य नशीले पदार्थों की खरीद-बिक्री करते हैं। ऐसे लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भी भेजा है। ऐसे तत्वों को सुधारने और सही रास्ते पर लाने के लिए एक योजना तैयार की गई है। इस योजना के तहत पुलिस की टीम जेल से छूटे पैडलरों के घर जाकर उन्हें कोई दूसरा व्यवसाय करने के लिए जागरूक कर रही है। साथ ही उनके पूरे परिवार के सामने उन्हें यह बताया जा रहा है कि नशीले पदार्थ की बिक्री करने से कितने परिवार बर्बाद हो रहे हैं।



**तस्करों पर सीसीए के साथ-साथ होगी संपत्ति जब्ती की कार्रवाई**

बड़े नशे के तस्करों को न सिर्फ जेल भेजा जाएगा, बल्कि उन तस्करों पर सीसीए के साथ-साथ उनकी संपत्ति भी जब्त की जाएगी। रांची पुलिस की ओर से इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है। रांची पुलिस के द्वारा जिले में ब्राउन शुगर, अफीम समेत अन्य नशीले पदार्थ की तस्करी करने वाले आधा दर्जन से ज्यादा तस्करों की सूची तैयार की गई है। उस सूची में जिन तस्करों का नाम अंकित है, उनकी संपत्ति के बारे में पुलिस जानकारी इकट्ठा कर रही है। इस दौरान यह पता किया जाएगा कि तस्कर ने नशीले पदार्थ की तस्करी कर संपत्ति अर्जित की है या नहीं। साक्ष्य मिलने के बाद पुलिस तस्कर की संपत्ति जब्त करने की दिशा में कार्रवाई करेगी।

रांची पुलिस इस साल जनवरी से जून तक नशीले पदार्थ की खरीद-बिक्री करने के आरोप में 80 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। इसमें कई महिलाएं भी शामिल हैं। इन आरोपियों के पास से पुलिस भारी मात्रा में ब्राउन शुगर और अन्य नशीले पदार्थ जब्त कर चुकी है।

**रिश्तेदारों की भी संपत्ति की होगी जांच**

जिले में ब्राउन शुगर, अफीम समेत अन्य नशीले पदार्थ की तस्करी से मिले पैसे को रिश्तेदार या फिर दोस्तों के नाम से संपत्ति खरीद लेते हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि तस्करों के वैसे रिश्तेदार और दोस्तों की जानकारी ली जाएगी। उनकी संपत्ति के बारे में जानकारी प्राप्त करने के बाद उनसे भी पूछताछ होगी। संपत्ति खरीदने के लिए पैसे का श्रोत भी जाना जाएगा। अगर वह साक्ष्य नहीं उपलब्ध कराते हैं तो यह माना जाएगा कि तस्कर के पैसे से ही संपत्ति अर्जित की गई है। पुलिस उसे भी जब्त करने की दिशा में कार्रवाई करेगी।

## भरी बरसात में लोगों को चिरौंदी ब्राम्बे आवास खाली करने का दिया नोटिस

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी में चिरौंदी ब्राम्बे आवास में रहनेवाले लोगों को रांची नगर निगम ने भरी बरसात में आवास को जल्द खाली करने का नोटिस थमाया है। चूकि आवास जर्जर है, ऐसे में अत्यधिक वर्षा होने के कारण यह नोटिस निगम प्रशासक ने जारी किया है। वहां रहनेवालों ने कहा कि दो दिन से लगातार बारिश हो रही है, लोग अपने घरों से निकल नही पा रहे है। ऐसे में घर खाली करने की नोटिस देकर निगम अपनी जिम्मेवारी से भागने का प्रयास कर रहा है। चिरौंदी ब्राम्बे आवास पूरी तरह से जर्जर व कमजोर हो चुकी है। हर जगह छत टूट रही है। दीवारों में दरारे पड़ चुकी है। कभी भी दुर्घटनाएं हो सकती है

चिरौंदी ब्राम्बे आवास में रहनेवाले लोगों ने बताया कि नगर निगम ने शाम में आवास के लोगों को यह नोटिस दिया गया कि ब्राम्बे आवास को जल्द से जल्द खाली करके आश्रयगृह में चले जायें। वर्षा हो रही है तो निगम को हमलोगों की याद आ गयी परंतु जब वर्षो से हमलोग यह मांग करते आ रहे हैं कि हमलोगों को पुरानी बिल्डिंग ध्वस्त कर वहीं पर नया घर बनाकर दिया जाए। परंतु आज तक नगर-निगम या नगर विकास विभाग और वर्तमान सरकार का ध्यान नहीं गया। चिरौंदी ब्राम्बे आवास में हजारों गरीब परिवार लोग निवास करते हैं , जिसे नगर-निगम ने बसाया था परंतु आज एक नोटिस देकर अपनी जिम्मेदारियों से नहीं भाग सकते क्योंकि इतनी बारिश में हजारों गरीब लोगों के रहने के लिए रांची नगर-निगम के पास व्यवस्था भी नहीं है। चिरौंदी ब्राम्बे आवास के लोगों द्वारा मांग को जल्द से जल्द रांची नगर-निगम पूरा करें अन्यथा चिनोंदी ब्राम्बे आवास कभी भी गिरती है या किसी भी प्रकार की दुर्घटनाएं होती है तो इसकी सारी जवाबदेही रांची नगर निगम की होगी। ब्राम्बे आवास पूरी तरह से जर्जर है, कभी भी हादसे हो सकते हैं। हजारों गरीब परिवार के लोगों का जिन्दगी खतरे में है। मौके पर सुरेन्द्र कुमार राम, अमित राम, बबलू राम, राजकुमार राम, अमर राम, रंजीत राम, मनोज राम, अमित कुमार, संजय राम, सागर राम, भोला राम, राहूल कुमार, अजय राम, सुनील राम, सागर राम, अर्जुन राम, बिरेन्द्र राम सहित अन्य लोग मौजूद थे। रांची नगर निगम ने चिरौंदी ब्राम्बे आवास में रहनेवालों को दिये नोटिस में बताया है कि अत्यधिक वर्षा के कारण वाम्बे आवास योजना अंतर्गत निर्मित आवासों में जलजमाव एवं संरचनात्मक क्षति की संभावना उत्पन्न हो सकती है, जिससे निवासियों की सुरक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

## अमाया क्रिएशन का भव्य उद्घाटन

**पिस्का मोड़ पर नया फैशन एवं लाइफस्टाइल स्टोर खुला**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** शहर के व्यस्त पिस्का मोड़ इलाके में फैशन प्रेमियों के लिए एक खुशखबरी है। अमाया क्रिएशन नामक एक नए फैशन एवं लाइफस्टाइल स्टोर का भव्य उद्घाटन हुआ। यह स्टोर नीलांचल कोठी, पिस्का मोड़ में, शिव मंदिर के ठीक सामने स्थित है, जो इसे आसानी से पहचाने जाने योग्य और सुगम स्थान बनाता है।

अमाया क्रिएशन के उद्घाटन से पिस्का मोड़ क्षेत्र में खरीदारी के विकल्पों में विविधता आने की उम्मीद है। इस स्टोर ने आधुनिक फैशन, स्टाइलिश कपड़े और ट्रेंडी लाइफस्टाइल उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला पेश की है, जो स्थानीय निवासियों और आगंतुकों दोनों की जरूरतों को पूरा करेगा।

व्यवसाय के स्वामी ने क्षेत्रवासियों का आह्वान किया है कि वे अमाया क्रिएशन के उत्पादों का अवलोकन करें। पिस्का मोड़ और आसपास के इलाकों के निवासी इस नए शॉपिंग डेस्टिनेशन के खुलने से काफी उत्साहित हैं।

## राजद के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष संजय यादव को मिला प्रमाण पत्र

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** प्रदेश राजद कार्यालय धुर्वा में राजद राज्य परिषद का महत्वपूर्ण बैठक गुरुवार को हुई। बैठक के दौरान राज्य निर्वाचन अधिकारी गिरधारी गोप द्वारा नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक संजय सिंह यादव को प्रमाण पत्र दिया गया। उसके बाद सभी लोगों ने उन्हें अंगवस्त्र, माला, बुके देकर स्वागत किया।

बैठक को मुख्य रूप से देवघर विधायक सुरेश पासवान, विधायक नरेश प्र सिंह, पूर्व मंत्री सत्यानंद भोक्ता, सुभाष प्र यादव, महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार, महासचिव मनोज पांडेय, युवा अध्यक्ष रंजन यादव, मंजू शाह पूर्व आईपीएस संजय रंजन एवं महिला अध्यक्ष ने संबोधित किया और धन्यवाद ज्ञापन कलामुद्दीन खान ने किया।



राज्य परिषद के बैठक में अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने कहा कि पार्टी के सभी जिला/प्रदेश पदाधिकारी आपसी क्लेश समाप्त कर एक संकल्प के साथ पार्टी संगठन को पंचायत स्तर पर मजबूत बनाने का काम करें। उन्होंने कहा कि राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव एवं युवा आइकन बिहार के भावी मुख्यमंत्री तेजस्वी प्र यादव का विचारधारा तथा राजद का नीति सिद्धांत को राज्य के कोने कोने तक पहुंचाने का लक्ष्य रखना है।

बैंठक में लिये गए निर्णय की जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने बताया कि बैठक में सितंबर अक्टूबर महीने तक राजद 10 जिलों में सम्मेलन करेगी और चरणबद्ध तरीके से 24 जिलों में कार्यकर्ता सम्मेलन करेगी। जिसकी शुरूआत आगामी 5 जुलाई 25 को पटना में आयोजित राष्ट्रीय परिषद की बैठक एवं खुल्ला सम्मेलन के बाद झारखण्ड में बाबा नगरी देवघर एवं लौह नगरी जमशेदपुर से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पार्टी नगर निकाय चुनाव पूरी दमखम से लड़ेगी इसके लिए जल्द ही सभी नेताओं को क्षेत्रवार जिम्मेवारी दी जाएगी। नगर निकाय के चुनाव में पार्टी कार्यकताओं को हर हाल में सभी जगहों से वार्ड पार्षद के रूप में निर्वाचित कराने के लिए जनसंपर्क अभियान चलाने का निर्णय लिया गया है।

बैठक में श्रीराम यादव, श्यामदास सिंह, आबिद अली, अर्जुन यादव, संतोष यादव, जमीरुद्दीन अंसारी, सुधीर गोप, जनार्दन राय, प्रणय कु बबलू, चंद्रशेखर भगत, कमलेश यादव, रामकुमार यादव, कैसर जहां, राजकुमारी देवी, गुलशन खातून, मनोज अग्रवाल, धर्मेंद्र महतो, शाहबाज अंसारी, बीरेंद्र यादव, गुलजार अंसारी, नवलकिशोर यादव, सूरज सिंह, शंभु चौधरी, बैजू यादव, सहित कई लोग मौजूद थे।

## खबर एक नजर में

### झारखंड हाईकोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन का आग्रह, प्रतिकूल आदेश पारित न करे कोर्ट

**रांची।** राजधानी समेत झारखंड के कई जिलों में बीते दो दिनों से लगातार बारिश हो रही है। इसकी वजह से झारखंड हाईकोर्ट और रांची सिविल कोर्ट के कई अधिवक्ता और उनके मुवक्किल अदालत तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। ऐसे में हाईकोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन ने हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि अगर कोई अधिवक्ता किसी मामले में पक्ष नहीं रख पा रहा है तो 19 जून को सूचीबद्ध मामलों में किसी भी तरह का विपरीत आदेश पारित न किया जाये। हाईकोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन की अध्यक्ष एवं महासचिव के संयुक्त हस्ताक्षर से यह आग्रह पत्र जारी किया गया है।

### नौ साल बाद सुनीता सिन्हा को मिला अपने घर पर कब्जा

**रांची।** नौ वर्ष की लंबी कानूनी लड़ाई लड़ने के बाद नामकुम अंचल के लोधमा में गुरुवार को सुनीता सिन्हा को अपने जमीन पर दखल कब्जा मिल गया। दखल दिलाने की उक्त कार्यवाही सिविल जज सीनियर डिवीजन रांची की अदालत द्वारा दिए गए आदेश के आधार पर की गई। अदालत ने टाइटल सूट मामले में 25 अप्रैल 2018 को अपना फैसला सुनीता सिन्हा के पक्ष में डिग्री दिया था। फैसले के बाद अदालत ने एक्जीक्यूशन केस 224-2018 के तहत सुधा देवी की अनुपस्थिति में सुनीता सिन्हा को जमीन की रजिस्ट्री भी करा दिया। रजिस्ट्री के बावजूद जमीन पर गैर कानूनी तरीके से किसी दूसरे ने अपना दखल कब्जा बनाकर के रखा हुआ था। इसे कोर्ट के आदेश पर नियुक्त दंडाधिकारी साइनी तिग्गा और प्रतिनियुक्ति पुलिस बल की उपस्थिति में एयरपोर्ट थाना के साथ डुगडुगी बजाते हुये वापस दखल कब्जा सुनीता देवी को दिलाया गया।

### मैट्रिक-इंटर में 65% से ऊपर अंक लाने वाले सभी विद्यार्थियों को सम्मान देगी पासवा : आलोक दूबे

**रांची।** पब्लिक स्कूल्स एण्ड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन (पासवा) की ओर से 23 जून की सुबह 9.30 बजे से हरवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम, खेलगांव में छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम उन विद्यार्थियों को समर्पित है, जिन्होंने वर्ष 2024-25 की 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई), इंडियन सर्टिफिकेट ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (आईसीएसई) एवं झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) से 65 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त किए हैं। पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने बताया कि यह आयोजन केवल टॉपर्स तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि उन सभी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया जाएगा जिन्होंने कठिन परिस्थितियों में संघर्ष करते हुए बेहतर प्रदर्शन किया है। आज के समय में जब प्रतिस्पर्धा अत्यधिक बढ़ चुकी है, तब 65 प्रतिशत अंक प्राप्त करना भी मेहनत, लगन और आत्मविश्वास का परिचायक है। इसलिए इस वर्ष पासवा ने निर्णय लिया है कि केवल प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले ही नहीं, बल्कि वे सभी छात्र-छात्राएं जो 65 प्रतिशत से अधिक अंक लाए हैं, उन्हें मंच पर बुलाकर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पासवा का यह प्रयास छात्रों के आत्मबल को बढ़ाने और उनमें सकारात्मक ऊर्जा भरने की दिशा में एक अभिनव पहल है। कार्यक्रम में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान लाने वाले विद्यार्थियों के लिए विशेष पुरस्कार रखी गई है, वहीं अन्य विद्यार्थियों को सम्मान पत्र एवं मेडल प्रदान किए जाएंगे। आयोजन में भाग लेने वाले सभी बच्चों एवं उनके अभिभावकों के लिए भोजन की उत्तम व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है। पासवा अध्यक्ष ने कहा कि कार्यक्रम की सफलता को लेकर विभिन्न समितियां भी गठित की गयी हैं।

## वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ बरियातू पहाड़ी मैदान में 22 जून को महाजुटान

**रांची।** ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड, नई दिल्ली के आह्वान पर बरियातू पहाड़ी मैदान में 22 जून को शाम 4 बजे जनसभा का आयोजन किया गया है। डॉ. मजीद आलम, सदस्य, ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड एवं झारखंड प्रदेश संयोजक ने जनता से आह्वान किया है और कहा कि धार्मिक और संवैधानिक अधिकारों की हिफाजत की लड़ाई है। बरसात की परवाह न करें, छाता और बरसाती लेकर जरूर पहुंचने की अपील की है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आयोजक मंडली ने झारखंड के इमामों, मस्जिदों के खतीब, सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों और युवाओं से भागीदारी की भी अपील की है। इस जनसभा में ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के महासचिव मौलाना फजलुर्रहीम मुजद्दीदी, देशभर से वक्फ आंदोलन के प्रतिनिधि, वरिष्ठ उलेमा, सांसद, सामाजिक कार्यकर्ता और झारखंड के प्रतिष्ठित नेता भाग लेंगे।

## सिरोम टोली रेलवे ओवर ब्रिज के ब्रेकर से कांटी को हटाया जाये : सुधीर श्रीवास्तव

- **भाजपा नेता ने मुख्यमंत्री को दिया ज्ञापन**

रांची। भाजपा विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुधीर श्रीवास्तव ने कहा कि सिरोम टोली से मेकॉन चौक के बीच रेलवे ओवर ब्रिज पर कई जगह ब्रेकर बनाया गया है और उस ब्रेकर के ऊपर कांटी रोड से ऊपर आ गया है। सुधीर श्रीवास्तव ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर उक्त कांटी को तत्काल हटाने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि नया ओवर ब्रिज का उदघाटन अभी 15 दिन भी नहीं हुआ है और पुल के ऊपर कई जगहों पर जहां-जहां ब्रेकर लगाया गया उसके ऊपर जितने भी कांटी और स्क्रू हैं। वह सारे रोड से चार-चार इंच ऊपर आकर रुके हुये हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने उक्त पुल का आनन फानन में उद्घाटन किया। इस पूरे प्रकरण में जो दोषी हैं, उनको चिन्हित किया जाये और उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई हो।

## प्रदेश कांग्रेस ने राहुल गांधी का 55वां जन्मदिन सादगी से मनाया

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी का 55 वां जन्मदिन गुरुवार को झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा रांची प्रेस क्लब में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के. राजू एवं प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की उपस्थिति में सादगी के साथ मनाया गया।

इस मौके पर मौजूद कांग्रेस नेताओं ने केक काटकर राहुल गांधी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं और उनके नेतृत्व में सामाजिक न्याय की लड़ाई को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। प्रभारी के. राजू ने कहा कि राहुल गांधी न सिर्फ कांग्रेस पार्टी का चेहरा हैं, बल्कि सामाजिक न्याय और समावेशी विकास के लिए प्रतिबद्ध नेता भी हैं। झारखंड कांग्रेस उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करती रहेगी।



प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि राहुल गांधी का जीवन देश सेवा और समाज के कमजोर वर्गों की आवाज बनने के लिए समर्पित है। उनके विचार आज के युवाओं को नई दिशा देते हैं। वहीं शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि राहुल जी का नेतृत्व युवाओं के लिए प्रेरणादायक है। हम उनके विजन के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने को तैयार हैं।

इस अवसर पर प्रेस क्लब परिसर में एक विशेष प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसमें राहुल गांधी के अब तक के राजनीतिक जीवन, यात्राओं, जनसंवाद अभियानों और जनहित में उठाए गए कदमों को चित्रों और पोस्टरों के माध्यम से दशार्या गया। प्रदर्शनी ने न सिर्फ उपस्थित कार्यकताओं को प्रेरित किया बल्कि राहुल गांधी की राजनीति को और नजदीक से समझने का अवसर भी दिया।

इस अवसर पर बंधु तिर्की शहजादा अनवर,जलेश्वर महतो, राधाकृष्ण किशोर, दीपिका पांडे सिंह, इरफान अंसारी, श्रीमती शिल्पी नेहा तिर्की पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, प्रदीप कुमार बालमुचू, सुबोधकांत सहाय, पूर्व अध्यक्ष रामेश्वर उरांव, ममता देवी, रविंद्र सिंह, संजय लाल पासवान, शमशेर आलम, राकेश सिन्हा, सतीश पॉल मुजनी, संजय पांडे, लाल किशोर नाथ शाहदेव, सोनाल शांति, गजेंद्र सिंह, अभिलाष साहू, राजन वर्मा, विनय सिन्हा दीपू,अमरेन्द्र सिंह,एम.तौशिफ,अशोक चौधरी, सत्यनारायण सिंह,अजय सिंह, नालिन मिश्रा, नीरज भोक्ता, धन्नजय तिवारी इत्यादि उपस्थित थे।

## शहीद मेला युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत: सीपीएम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सीपीएम द्वारा आयोजित शहीद मेला नगड़ी प्रखंड के दलादली में आयोजित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि इस मेले का उद्देश्य भूमि संघर्ष में शहीद हुए साथियों की स्मृति को जीवित रखना और युवा पीढ़ी को उनके पुरखों के संघर्ष से अवगत कराना है।

**शहीद मेला के आयोजन का महत्व :** शहीद मेला के आयोजन से युवा पीढ़ी अपने पुरखों के संघर्ष से वाकिफ होती है और उन्हें अपने अधिकारों के लिए लड़ने की प्रेरणा मिलती है। इस मेले में भारी वर्षा के बावजूद ग्रामीण जनता की भागीदारी हुई और सैकड़ों लोग लाल झंडा लेकर शामिल हुए।




इस अवसर पर सीपीएम के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव, बिहार विधानसभा में सीपीएम के युवा विधायक डा. सत्येंद्र यादव, पार्टी के राज्य कमिटी सदस्य और नगड़ी के प्रखंड प्रमुख मदुवा कच्छप और सुफल महतो ने संबोधित किया। सभा का संचालन सुखनाथ लोहरा ने किया। शहीद मेला के आयोजन से इस क्षेत्र की युवा पीढ़ी अपने पुरखों के संघर्ष से वाकिफ हुई।

# झारखंड में क्लीन एंड सेफ एनर्जी को लेकर स्वनीति इनिसिएटिव्स के साथ एमओयू

- **एनर्जी ट्रांजिशन रेडिनेस इंडेक्स तैयार होने के बाद झारखंड बनेगा पूरे एशिया में चैंपियन स्टेट**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** नेपाल हाऊस स्थित योजना भवन के सभागार में योजना एवं विकास विभाग एवं स्वनीति इनिसिएटिव्स के साथ योजना एवं विकास मंत्री राधा कृष्ण किशोर की उपस्थिति में झारखंड के ऊर्जा प्रक्षेत्र के अन्तर्गत शून्य कार्बन उत्सर्जन के उद्देश्य से एनर्जी ट्रांजिशन रेडिनेस इंडेक्स फ्रेमवर्क ऑफ झारखंड के निमित गुरुवार को एमओयू किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य झारखंड में क्लीन एंड सेफ एनर्जी प्राप्त करने के साथ-साथ कार्बन उत्सर्जन के शून्य लक्ष्य को प्राप्ति के लिए एक फ्रेमवर्क तैयार करना है, ताकि संदर्भित लक्ष्य के अनुरूप सभी विभाग की सहभागिता सुनिश्चित कराई जा सके।



एनर्जी ट्रांजिशन रेडिनेस इंडेक्स तैयार किये जाने के बाद झारखण्ड राज्य न सिर्फ देश का पहला राज्य होगा, जहां इस तरह का फ्रेमवर्क तैयार किया गया है, बल्कि संपूर्ण एशिया में प्रथम राज्य (चैंपियन स्टेट) होगा। यह कार्य करने से एसडीजीएस के एक लक्ष्य क्लीन एंड सेफ एनर्जी को पूरा किये जाने के दिशा में भी 2030 तक लक्ष्य को पूरा कर पायेगी। स्वनीति इनिसिएटिव्स की प्रतिनिधि उमा भट्टाचार्य ने इसे लेकर विषय प्रवेश कराया। वहीं, सचिव योजना एवं विकास विभाग मुकेश कुमार ने इस विषय की सारगंभीरता पर विस्तृत विश्लेषण करते हुए इसकी व्यापकता पर चर्चा की। उनके द्वारा यह भी बताया गया कि इसी तरह के इनिसिएटिव्स योजना एवं विकास विभाग अन्य विभागों के साथ मिलकर पूरा करेगी।

मौके पर योजना एवं विकास मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने योजना एवं विकास विभाग ने राज्य के संदर्भ में कोयला समर्पित विद्युत उत्पादन के व्यापक एवं दूरगामी प्रभावों को रेखांकित करते हुए संबंधित इंडेक्स की महत्ता को बताया। उनके द्वारा वैश्विक संदर्भ में विद्युत उत्पादन, कार्बन उत्सर्जन एवं ऊर्जा के बेहतर उपयोग के साथ-साथ क्लीन एनर्जी के विषय में भी अपने विचार रखें। उन्होंने यह भी बतलाया कि योजना एवं विकास विभाग मदर ऑफ ऑल डिपार्टमेंट है। इस विभाग की व्यापकता राज्य के विकास के परिप्रेक्ष्य में आवश्यक है और इस तरह के पहल करने के लिए योजना सचिव को साधुवाद दिया। इस एमओयू पर योजना एवं विकास विभाग की ओर से विभाग के संयुक्त सचिव अनिलसन लकड़ा और स्वनीति इनिसिएटिव्स की ओर से ट्रस्टी उमा भट्टाचार्य ने हस्ताक्षर किया। इस अवसर पर मंत्री और सचिव के अलावा विभाग के विशेष सचिव राजीव रंजन समेत अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## बारिश के पानी के जमाव से बढ़ जाता है डेंगू-मलेरिया का खतरा : डॉ रितू राशि

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में मॉनसून ने दस्तक दी है। इससे एक तरफ जहां गर्मी से राहत मिली है और मौसम सुहाना हो गया है। वहीं दूसरी तरफ मौसमी संबंधी बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। इसे नजरअंदाज करना लोगों को भारी पड़ सकता है। वीणा हॉस्पिटल, पंडरा रांची की वरिष्ठ जेनरल फिजिशियन डॉ रितू राशि ने मॉनसून में होने वाली बीमारियों और उनसे बचाव के उपाय बताये हैं। प्रस्तुत है डॉ रितू से बातचीत के प्रमुख अंश--

**बारिश में भींगने से बढ़ता है खतरा :** बारिश में भीगने से सर्दी, खांसी, बुखार, वायरल और निमोनिया जैसी बीमारियां हो सकती हैं। बच्चों में ये बीमारियां जल्दी असर करती हैं। इसलिए उन्हें बारिश से बचाकर रखें।



**डेंगू और मलेरिया का डर :** डेंगू और मलेरिया मच्छरों से फैलने वाली बीमारियां हैं, जो बारिश के पानी के जमाव के कारण पनपती हैं। इसमें बुखार, सिरदर्द, जोड़ों में दर्द, शरीर पर चकत्ते जैसे लक्षण नजर आते हैं।

**फंगल और स्किन इंफेक्शन :** भींगे कपड़े पहनने या गंदे पानी में चलने से त्वचा पर खुजली, लाल चकत्ते और फंगल इंफेक्शन हो सकता है। इस मौसम में साफ-सफाई का खास ध्यान रखें।

**खान-पान में बरतें सावधानी :** गंदा पानी और बासी खाना खाने से डायरिया, टाइफाइड और कॉलरा जैसी बीमारियां हो सकती हैं। बारिश में ताजे खाने का ही सेवन करें। साईनस और एलर्जी की समस्या दमा, ब्रोंकाइटिस या एलर्जी के मरीजों को इस मौसम में अधिक सावधानी बरतनी चाहिए। ठंडी हवा और नमी की वजह से सांस लेने में दिक्कत हो सकती है।

**डॉ ने बताये बचाव के आसान उपाय :** भीगने पर कपड़े तुरंत बदलें, गर्म पानी से स्नान करें। पानी उबालकर पीयें। कम से कम 20 मिनट तक उबालें। मच्छरों से बचें, मच्छरदानी लगाएं और पानी जमा न होने दें। स्वस्थ खानपान रखें और बाहर का खाना न खायें। इम्युनिटी बढ़ायें। इसके लिए तुलसी, अदरक, हल्दी, आंवला, हरी सब्जियां, फल, दूध और अंडा का सेवन करें।

## पागल कुत्ते का हमला 25 लोग घायल

**चान्हों।** थाना क्षेत्र के लुंडरी में एक पागल कुत्ते ने गुरुवार को लगभग 20 से 25 लोगों को काट लिया। जिसमें आसमीन खातून, नुसरत पप्रवीण, गुलनाज प्रवीण, रैयान अंसारी, प्रिंस उरांव, मुदिया उरांव, मंगरू उरांव समेत अन्य लोगों को कुत्ते ने काटा। जिससे पूरा गांव दहशत में है। सभी घायल लोग एंटी-रेबीज वैक्सीन लेने के लिए चान्हों सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंच रहे हैं।

### घटना की जानकारी

लुंडरी गांव में पागल कुत्ते के हमले की खबर आग की तरह फैल गई, जिससे ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने तुरंत स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर अपनी जान बचाने के लिए एंटी-रेबीज वैक्सीन लगवाना शुरू कर दिया।

**स्वास्थ्य केंद्र की भूमिका:** चान्हों स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारी इस स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। वे घायलों का इलाज कर रहे हैं और उन्हें आवश्यक वैक्सीन और उपचार प्रदान कर रहे हैं। चिकित्सा प्रभारी सरिता कच्छप ने बतलाया कि यहां पर एंटी रैबीज इंजेक्शन की पर्याप्त मात्रा है। साथ ही एंटी वेनम इंजेक्शन भी स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध है। अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि पागल कुत्ते को कैसे पकड़ा जाए और ग्रामीणों की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित की जाए। प्रशासन और स्थानीय अधिकारियों को इस मामले में तुरंत कार्रवाई करने की आवश्यकता है।

### तसर रेशम कृषि मेला सह संस्थान का स्थापना दिवस समारोह में बोले गिरिराज सिंह

# तसर रेशम कीट पालक आदिवासी किसानों को आर्थिक मदद दे नाबार्ड

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पिस्का नगड़ी।** केंद्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान में राष्ट्रीय तसर रेशम कृषि मेला सह संस्थान का 61वां स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि केंद्रीय कपड़ा मंत्री, गिरिराज सिंह एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों ने दीप जला कर किया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जब से पी शिवकुमार, केंद्रीय रेशम बोर्ड के सदस्य सचिव बने हैं तब से पूरे केंद्रीय रेशम बोर्ड में रेशम उत्पादन में बढोत्तरी हुई है। उन्होंने नाबार्ड के महाप्रबंधक गौतम कुमार से झारखंड में तसर रेशम कीट पालन करने वाले गरीब एवं आदिवासी किसान को आर्थिक मदद करने के लिए अनुरोध किया। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि भारत विश्व का एकमात्र देश है जहां रेशम की चारों प्रजातियां-शहतूत, तसर, मूगा एवं रेशम रेशम का उत्पादन होता। केंद्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, रांची के निदेशक डॉ.एन.बी.चौधरी से अनुरोध किया कि प्रक्षेत्र में तसर रेशम कीटपालन



के साथ-साथ उप-उत्पाद को भी बढ़ावा दें ताकि इससे किसानों की आय में बढ़ोत्तरी हो सके। यह भी कहा कि तसर रेशमकीट का गृह कीटपालन भी किया जाए और जहां कीटपालन किया जाए वहां पर एक सीसीटीवी कैमरा लगाया जाए जिससे कीड़े की गतिविधि को रिकार्ड किया जा सके अगर यह सफल होता है तो गृह कीटपालन से अधिक-से-अधिक तसर कीटपालक लाभान्वित होंगे। आगे कहा कि तसर रेशमकीट को अर्जुन एवं आसन के पत्तो के अलावा दूसरे पौधे के पत्ते खिलाकार भी देखा जाए कि क्या दूसरे पौधे के पत्ते खाकार भी तसर रेशमकीट कोसा बना सकता है केंद्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, राज्य वन विभाग एवं राज्य रेशम विभाग से तसर रेशम के विकास हेतु तीनों को एक साथ मिलकर काम करने का आह्वान किया.पूर्व के तीन पीजीडीएस प्रशिक्षणार्थियों को स्नातकोत्तर डिप्लोमा प्रशिक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु पुरस्कृत किया गया.इसके साथ ही रेशम उत्पादन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले किसानों को भी पुरस्कृत किया गया। केंद्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान एवं बायोसेफ, रांची के साथ सरिहन इकोरेस एवं मोटराइज्ड तसर धागाकरण मशीन हेतु एमओयू भी किया गया। कार्यक्रम में तसर संस्थान द्वारा प्रकाशित छः पुस्तकों का वस्त्र मंत्री एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम में संस्थान के सभी वैज्ञानिक/अधिकारी/ कर्मचारी के अलावा भारत के विभिन्न राज्यों से आये वैज्ञानिक/तकनीकी कर्मचारी एवं किसान मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. जय प्रकाश पाण्डेय, वैज्ञानिक-डी द्वारा किया गया तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ.एन.बी.चौधरी, निदेशक द्वारा दिया गया। कार्यक्रम में अजीत कुमार सिन्हा, कुलपति, रांची विश्वविद्यालय, राँची, परितोष उपाध्याय, भा.व.से., पीसीसीएफ वन्य जीव एवं मुख्य वन्य जीव वार्डन, झारखंड, डॉ. नरेश बाबू, भा.व.से., संयुक्त सचिव (तकनीकी)/ सीईओ, एसएमओआई, बेंगलूर एवं गौतम कुमार, महाप्रबंधक, नाबार्ड, रांची विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे जिनके द्वारा तसर उद्योग के विकास की जानकारी दी गयी।

# इटकी प्रखंड क्षेत्र में तीन दिनों से हो रही भारी बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त



बारिश से गिरा चहारदीवारी।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**इटकी।** इटकी प्रखंड क्षेत्र में तीन दिनों से हो रही भारी बारिश से कई कच्चे मकान क्षतिग्रस्त हो गया, चहारदीवारी गिर गए वहीं घरों में पानी घुसा, सड़क जलमग्न हो गया है। लगातार हो रहे वर्षा से नदी व तालाबों में जल स्तर बढ़ा है। पंडरा नदी उफान पर है। बारिश में रानी खटंगा के जतरू उरांव, पुरियो झुड़टोली की आशो उराईन पति बिरसा उरांव, कुल्ली की राखी केशरी पिता प्रमोद केशरी, वरुण गोप पिता बहाली गोप का घर गिर गया। वहीं सौका बस्ती की चारो तिर्की का मकान क्षतिग्रस्त हो गया। कुंदी गांव के मंजर अंसारी पिता खुर्शीद अंसारी के मकान का चहारदीवारी व गोहाल घर गिर गया। बशीरुद्दीन अंसारी का गोहाल घर गिर गया। इटकी स्टेशन रोड के अयूब अंसारी का कच्चा मकान क्षतिग्रस्त हो गया। रसूल नगर के कमरूदीन अंसारी के घर के सामने स्थित कुआं धंस कर मिट्टी काटते हुए घर तक पहुंच चुका है जिससे घर के धसने का भय बना हुआ है। इधर रानी खटंगा से सकरपदा जाने वाली सड़क पानी के दबाव और तेज बहाव के कारण किनारे से टूट रही है जिसकी कभी भी क्षतिग्रस्त होने की संभावना है।



क्षतिग्रस्त मकान।



मकान के सामने धंसा हुआ कुआं।

वहीं गढ़गांव से भंडरा जाने वाली सड़क पर आवागमन बंद है। वहीं सरकारी व गैर सरकारी स्कूल बंद रहे बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा और सड़के सुनी रही।

## चोगा गांव के किसान की डूब गयी फसल

**सोनाहातू।** बुधवार को लगातार हुई बारिश ने प्रखंड के चौका गांव के खेत में काफी पानी भर जाने से बादाम की फसल डूब गया है। पूरे गांव में बड़ी मात्रा में बादाम की खेती किया जाता है। पूरे गांव में 20 एकड़ से अधिक खेत में लगा बादाम फसल नष्ट हुए है। किसानों का गरमा धान में डूब गए है । किसान सुनील महतो ने बताया कि गांव के हर किसान का फसल नष्ट हुए है। प्रखंड प्रशासन को गांव में सर्वे के नुकसान का मुआवजा देनी चाहिए।



फसल नुकसान दिखाते किसान।

## डीसी के स्कूल बंद करने के आदेश के बावजूद उसुर्लाईन कॉन्वेंट बालिका उच्च विद्यालय खुला रहा



**मुरी।** रांची जिले में भारी बारिश की संभावना को देखते हुए रांची जिला अंतर्गत संचालित सभी कोटि के सरकारी एवं गैर सरकारी सहायता प्राप्त एवं सभी निजी विद्यालयों को 19 जून दिन गुरुवार को बंद रखने का आदेश रांची उपायुक्त द्वारा जारी किया गया था परंतु उनके आदेश को धत्ता बताते हुए उसुर्लाईन कॉन्वेंट बालिका उच्च विद्यालय मुरी के विद्यालय प्रबंधन के द्वारा 19 जून दिन गुरुवार को विद्यालय संचालित किया गया जिससे विद्यार्थी काफी परेशान हो गये। इधर स्कूल प्रबंधन की मनमानी से अभिभावक भी काफी परेशान हैं। वहीं विद्यालय प्रबंधन द्वारा निर्धारित समय से पूर्व ही छुट्टी कर दिया गया और विद्यार्थियों को स्कूल परिसर से बाहर भेज दिया गया। समय से पूर्व छुट्टी कर देने के कारण विद्यार्थियों का वहां भी नहीं पहुंच पाया जिससे विद्यार्थी भारी बारिश में भीगते हुए अपने घर पहुंचे। इस गैर जिम्मेदाराना रवैया से अभिभावकों भी क्षुब्ध हैं।

## हुन्डरू फौल : तेज धार में बहने से बाल-बाल बचा

**अनगड़ा।** जोन्हा फौल में जहां एक व्यक्ति शेल्फी लेने के चक्कर में पानी के तेज धार में बह गया। वहीं बंगाल हावड़ा से हुन्डरू फौल घुमने आये पर्यटक कृष कुमार उम्र करीब 35 बर्ष को तेज धार में बहने से बचा लिया गया। घटना दोपहर दो बजे की है। कृष कुमार चार दोस्त के साथ हुण्डरु फॉल घुमने पहुचे थे। झरना के उपरी साईड महादेव मंदिर के डेंजर जोन में चला गया था। और सेल्फी ले रहा था। अचानक फिसल कर पानी में बहने लगा। एक पत्थर मे जाकर अटक गया। दोस्तों ने बचाव बचाव जोर से चिल्लाने लगा तब ड्यूटी पर तैनात पर्यटक मित्र राजकिशोर प्रसाद व जितवाहन भोक्ता ने दौड़ कर गए और जान जोखिम में डाल कर पानी के तेज धार में घुस कर पकड़ बाहर निकाला। पर्यटक मित्रों के मना करने के बावजूद पर्यटक पानी में चले जाते हैं जिस कारण डूबने की घटना होती है।

## भारी बारिश ने नदियों के उफान

**सोनाहातू।** लगातार हो रही भारी बारिश से पूरे प्रखंड क्षेत्र में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया था। बुधवार रात भर बारिश होने के बाद गुरुवार सुबह सभी नदी नाले उफान पर थे। कांची नदी,राढ़ू नदी और स्वर्णरेखा नदी अपने उफान पर थे। स्वर्णरेखा नदी में भारी बारिश के कारण नदी में तेज उफान दिखा। इसके चलते बारेंदा सतीघाट पर स्थित गंगा मंदिर सह शिव मंदिर डूब गया था। इस दौरान लोगों ने पूजा अर्चना भी किया। इधर भारी बारिश से जामुदाग पंचायत के संपूर्णा देवी,सुखी देवी, बुद्धेश्वर कोइरी,लाला महतो,राधिका देवी,विशाखा देवी, राखोहरी मंडल,मनोज मुंडा का घर बारिश से गिरा गया है। घर गिरने की सूचना पर पंचायत समिति सदस्य रूप कुमार साहू गांव जाकर स्थिति की जानकारी लिया और मदद करने का आश्वासन दिया। लान्दुपडीह गांव में घर पर बड़ा पेड़ गिरने से 19 वर्षीय मंदोदरी कुमारी गंभीर रूप से घायल हुई है। घर के अन्य लोग बाल बाल बच गए। स्थानीय स्तर पर इलाज के बाद युवती खतरे से बाहर है।



स्वर्ण रेखा नदी के उफान में डूबता मंदिर।

## हुंडरू फॉल में डूबने से बचा बंगाल का युवक

सिकिदिरी। हुंडरू फॉल में गुरुवार को करीब ढाई बजे हावड़ा पश्चिम बंगाल का एक पर्यटक को डूबने से बचा लिया गया। हावड़ा का कृष कुमार ( 22 वर्ष ) अपने तीन अन्य दोस्तों के साथ हुंडरू महादेव के बगल सोना डूभूवा डेंजर जोन के समीप नहा रहा था, इसी दौरान कृष पानी की तेज धार में बहने लगा। इस दौरान एक पत्थर को उसने पकड़ लिया और मदद के लिए चिल्लाने लगा। आवाज सुनकर मौके पर मौजूद पर्यटनकर्मी राजकिशोर प्रसाद और जितवाहन भोगता ने पानी में जाकर कृष को सुरक्षित बाहर निकाला। झारखंड पर्यटन सुरक्षा समिति के अध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद ने बताया कि पर्यटक जबरन पानी में चले जाते है मना करने पर वे लड़ाई और बहस करने लगते है। मालूम हो कि लगातार बारिश से हुंडरू फॉल, जोन्हा फॉल और सीता फॉल पुरे उफान पर है।


**झारखण्ड सरकार,**
**गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग**

**झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग।**

74वीं औपबंधिक सूची
जिला-गुमला (पार्ट-3)

| क्र0 | आवेदनकर्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, रॉची के संकल्प संख्या-1938, दिनांक-20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| | विवरण :-चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी भौवा उरॉव द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री नरसिंह मुर्मू के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान तथा पहचान के आधार पर। | |
| 121. | 1. आवेदन क्र0-478/25<br>2. आवेदक-मगरी देवी , पति-सहदेव उरॉव<br>3. ग्राम-सुपा महुवाटोली , पोस्ट-भरनो , थाना-भरनो, प्रखण्ड-भरनो<br>4. लिंग-महिला, आयु-52 वर्ष, पहचान चिन्ह-चेहरा में तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 122. | 1. आवेदन क्र0-479/25<br>2. आवेदक-बुंदा उरॉव, पिता-स्व0 एतवा उरॉव<br>3. ग्राम-लरंगो नवाटोली , पोस्ट-पुसो सिसई , थाना-सिसई, प्रखण्ड-सिसई<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-54 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायां हाथ में तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 123. | 1. आवेदन क्र0-480/25<br>2. आवेदक-बानी उरॉव, पति-स्व0 बुंदा उरॉव<br>3. ग्राम-लरंगो नवाटोली , पोस्ट-पुसो सिसई , थाना-सिसई, प्रखण्ड-सिसई<br>4. लिंग-महिला, आयु-49 वर्ष, पहचान चिन्ह-दाहिना चेहरा में तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 124. | 1. आवेदन क्र0-602/25<br>2. आवेदक-चन्द्रशेखर साहु , पिता-स्व0 रामेश्वर साहु<br>3. ग्राम-निगनी, पोस्ट-निगनी , थाना-लोहरदगा , प्रखण्ड-लोहरदगा<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-49 वर्ष, पहचान चिन्ह-चेहरा में तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 125. | आवेदन क्र0-505/25<br>2. आवेदक-धनेश्वर राम, पिता-स्व0 दामनू राम<br>3. ग्राम-रोकेडेगा, महुवा टोली, पोस्ट-डहुपानी, थाना-पालकोट , प्रखण्ड-पालकोट<br>4. लिंग- पुरूष, आयु-52 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायें हाथ में घाव का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 126. | आवेदन क्र0-506/25<br>2. आवेदक-लच्छु मुण्डा, पिता-स्व0 महतो मुण्डा<br>3. ग्राम-चितागुट, पोस्ट-भरनो, थाना-भरनो , प्रखण्ड-भरनो<br>4. लिंग- पुरूष, आयु-72 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायें हाथ से विकलांग। | कंडिका-2(ix) |
| | विवरण :-चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी जुबेर अंसारी द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान तथा पहचान के आधार पर। | |
| 127. | 1. आवेदन क्र0-481/25<br>2. आवेदक-महेश लोहरा, पिता-स्व0 फिरना लोहरा<br>3. ग्राम-चम्पा टोली, पोस्ट-सातो, थाना-विशुनपुर, प्रखण्ड-विशुनपुर<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-51 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं है। | कंडिका-2(ix) |
| 128. | 1. आवेदन क्र0-482/25<br>2. आवेदक-अकला उरॉव, पिता-जीतिया उरॉव<br>3. ग्राम-विशुनपुर, पोस्ट-विशुनपुर, थाना-विशुनपुर, प्रखण्ड-विशुनपुर<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-57 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायां पैर घाव का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 129. | 1. आवेदन क्र0-483/25<br>2. आवेदक-विश्वनाथ लोहरा, पिता-केतला लोहरा<br>3. ग्राम-जगमई, पोस्ट-रायडीह, थाना-रायडीह, प्रखण्ड-रायडीह<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-51 वर्ष , पहचान चिन्ह-बायां हाथ टूटा का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 130. | 1. आवेदन क्र0-484/25<br>2. आवेदक-मुनवा मुण्डा, पिता-लोया मुण्डा<br>3. ग्राम-मढ़ा टुटवा, पोस्ट-सातो, थाना-विशुनपुर, प्रखण्ड-विशुनपुर<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-47 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायें हाथ में घाव का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 131. | 1. आवेदन क्र0-485/25<br>2. आवेदक-सिलबानुस लकड़ा (आश्रित पुत्र), पिता-स्व0 अंजलुस लकड़ा (आंदोलनकारी)<br>3. ग्राम-लातम, पोस्ट-सातो, थाना-विशुनपुर, प्रखण्ड-विशुनपुर<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-42 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं है। | कंडिका-2(ix) |
| 132. | 1. आवेदन क्र0-486/25<br>2. आवेदक-फूलो देवी, पति-कुरमा लोहरा<br>3. ग्राम-चम्पा टोली, पोस्ट-विशुनपुर , थाना-विशुनपुर, प्रखण्ड-विशुनपुर<br>4. लिंग-महिला, आयु-59 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं है। | कंडिका-2(ix) |
| 133. | 1. आवेदन क्र0-487/25<br>2. आवेदक-फूलो उराईन, पति-कमला उरॉव<br>3. ग्राम-चापा टोली, पोस्ट-सातो, थाना-विशुनपुर, प्रखण्ड-विशुनपुर<br>4. लिंग-महिला, आयु-54 वर्ष, पहचान चिन्ह-दाहिना पैर में सील का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 134. | 1. आवेदन क्र0-488/25<br>2. आवेदक-ललिता देवी, पति-विश्वनाथ लोहरा<br>3. ग्राम-चापा टोली, पोस्ट-सातो, थाना-विशुनपुर, प्रखण्ड-विशुनपुर<br>4. लिंग-महिला, आयु-42 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं है। | कंडिका-2(ix) |
| 135. | 1. आवेदन क्र0-489/25<br>2. आवेदक-बैजू उरॉव, पिता-घुमा उरॉव<br>3. ग्राम-चरखरा, पोस्ट-पालकोट, थाना-पालकोट, प्रखण्ड- पालकोट<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-42 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं है। | कंडिका-2(ix) |
| 136. | 1. आवेदन क्र0-490/25<br>2. आवेदक-विशेश्वर उरॉव, पिता- स्व0 सुखू उरॉव<br>3. ग्राम-जालिम, पोस्ट-सरका, थाना-विशुनपुर, प्रखण्ड- विशुनपुर<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-72 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं है। | कंडिका-2(ix) |
| 137. | 1. आवेदन क्र0-491/25<br>2. आवेदक-अलबीना खाखा, पति-तरसियुस केरकेट्टा<br>3. ग्राम-चातम, पोस्ट-सातो, थाना-विशुनपुर, प्रखण्ड- विशुनपुर<br>4. लिंग-महिला, आयु-56 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं है। | कंडिका-2(ix) |
| 138. | 1. आवेदन क्र0-492/25<br>2. आवेदक-तरसियुस केरकेट्टा, पिता-स्व0 अब्राहम केरकेट्टा<br>3. ग्राम-चातम, पोस्ट-सातो, थाना-विशुनपुर , प्रखण्ड-विशुनपुर<br>4. लिंग- पुरूष, आयु-64 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं है। | कंडिका-2(ix) |
| 139. | 1. आवेदन क्र0-493/25<br>2. आवेदक-रामकुवर टाना भगत, पिता-विधु टाना भगत<br>3. ग्राम-छिपा नावा टोली, पोस्ट-हेलता, थाना-विशुनपुर , प्रखण्ड-विशुनपुर<br>4. लिंग- पुरूष, आयु-57 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं है। | कंडिका-2(ix) |
| 140. | 1. आवेदन क्र0-494/25<br>2. आवेदक-शान्ती मुन्डाईन, पति-मनुवा मुण्डा<br>3. ग्राम-मढ़ा टुटवा, पोस्ट-विशुनपुर, थाना-विशुनपुर , प्रखण्ड-विशुनपुर<br>4. लिंग- महिला, आयु-44 वर्ष, पहचान चिन्ह-बाया पैर में घाव का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 141. | 1. आवेदन क्र0-495/25<br>2. आवेदक-जेरकू असुर, पिता-डुइया असुर<br>3. ग्राम-बोटोगपाठ, पोस्ट-विशुनपुर, थाना-विशुनपुर , प्रखण्ड-विशुनपुर<br>4. लिंग- पुरूष, आयु-45 वर्ष, पहचान चिन्ह-दाहिना हाथ टूटा का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 142. | 1. आवेदन क्र0-496/25<br>2. आवेदक-जगमुनी देवी, पति-नन्दा लोहरा<br>3. ग्राम-मुरली नगर, पोस्ट-मुरली नगर, थाना- पालकोट, प्रखण्ड- पालकोट<br>4. लिंग-महिला, आयु-53 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं है। | कंडिका-2(ix) |
| 143. | 1. आवेदन क्र0-497/25<br>2. आवेदक-सिलबन्ती मिंज, पति-जैतुन टोप्पो<br>3. ग्राम-मकुन्दा, पोस्ट-बरगॉव, थाना-सिसई, प्रखण्ड- सिसई<br>4. लिंग-महिला, आयु-50 वर्ष, पहचान चिन्ह-दाहिना गाल में घाव का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 144. | 1. आवेदन क्र0-498/25<br>2. आवेदक-फुलमईत उरॉव, पति-सुरेश उरॉव<br>3. ग्राम- विशुनपुर, पोस्ट- विशुनपुर, थाना-विशुनपुर, प्रखण्ड-विशुनपुर,<br>4. लिंग- महिला, आयु-51 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायें हाथ में घाव का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 145. | 1. आवेदन क्र0-499/25<br>2. आवेदक-नन्दा लोहरा, पिता-सोमरा लोहरा<br>3. ग्राम-मुरली नगर, पोस्ट- मुरली नगर, थाना- पालकोट, प्रखण्ड-पालकोट,<br>4. लिंग- पुरूष, आयु-52 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं है। | कंडिका-2(ix) |
| 146. | आवेदन क्र0-500/25<br>2. आवेदक-करमा लोहरा, पिता-स्व0 फिरना लोहरा<br>3. ग्राम-चम्पा टोली, पोस्ट-सातो, थाना-विशुनपुर , प्रखण्ड-विशुनपुर<br>4. लिंग- पुरूष, आयु-64 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं है। | कंडिका-2(ix) |
| 147. | आवेदन क्र0-501/25<br>2. आवेदक-पुपन बड़ाईक, पिता-मनेश्वर चीक बड़ाईक<br>3. ग्राम-चिरोडीह, पोस्ट-सातो, थाना-विशुनपुर , प्रखण्ड-विशुनपुर<br>4. लिंग- पुरूष, आयु-53 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं है। | कंडिका-2(ix) |
| 148. | आवेदन क्र0-502/25<br>2. आवेदक-प्राकृतिक उरांव , पिता-विशेश्वर उरांव<br>3. ग्राम-जालिम, पोस्ट-हाड़प, थाना-विशुनपुर , प्रखण्ड-विशुनपुर<br>4. लिंग- पुरूष, आयु-43 वर्ष, पहचान चिन्ह-सीना में घाव का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 149. | आवेदन क्र0-503/25<br>2. आवेदक-सुनील उरांव , पिता-विशेश्वर उरांव<br>3. ग्राम-जालिम, पोस्ट-हाड़प, थाना-विशुनपुर , प्रखण्ड-विशुनपुर<br>4. लिंग- पुरूष, आयु-43 वर्ष, पहचान चिन्ह-दायें पैर में घाव का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 150. | 1. आवेदन क्र0-504/25<br>2. आवेदक-समलैत देवी, पति-सुनील उरॉव<br>3. ग्राम-जालिम, पोस्ट-हाड़प, थाना-विशुनपुर , प्रखण्ड-विशुनपुर<br>4. लिंग- महिला, आयु-43 वर्ष, पहचान चिन्ह-दायें हाथ में घाव का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| | विवरण :- चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी मनोज कुमार भगत , सुशील कुल्लू एवं अलेकजेन्डर मिंज द्वारा आवेदन पर दर्ज बयान का आयोग के माननीय अध्यक्ष द्वारा अनुमोदन के आधार पर। | |
| 151. | 1. आवेदन क्र0-507/25<br>2. आवेदक-बलराम प्रधान , पिता-स्व0 रोंघा प्रधान<br>3. ग्राम-कुलमुण्डा , पोस्ट-सिलम , थाना-रायडीह , प्रखण्ड- गुमला<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-57 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| 152. | 1. आवेदन क्र0-602/25<br>2. आवेदक-महेश्वर उरॉव , पिता-मंगरा उरॉव<br>3. ग्राम-निगनी , पोस्ट- निगनी , थाना-लोहरदगा , प्रखण्ड- लोहरदगा<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-59 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायां हाथ में तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 153. | 1. आवेदन क्र0-508/25<br>2. आवेदक-सुमति देवी , पति-मंगल उरॉव<br>3. ग्राम-रूकरूम , पोस्ट-सिलम , थाना-रायडीह , प्रखण्ड- गुमला<br>4. लिंग- महिला , आयु-46 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| 154. | 1. आवेदन क्र0-509/25<br>2. आवेदक-महेश उरॉव , पिता-विश्वनाथ उरॉव<br>3. ग्राम-कुसम टोली , पोस्ट-खोरा , थाना- गुमला , प्रखण्ड- गुमला<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-56 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| 155. | 1. आवेदन क्र0-511/25<br>2. आवेदक-विभा तिर्की , पति -बालकृष्णा उरॉव<br>3. ग्राम-घुघु नवाटोली , पोस्ट- गुमला , थाना- गुमला , प्रखण्ड- गुमला<br>4. लिंग-महिला , आयु-60 वर्ष, पहचान चिन्ह-दाहिना हाथ पर मासा का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 156. | 1. आवेदन क्र0-512/25<br>2. आवेदक-कर्मेला तिर्की , पति -झाडी उरॉव<br>3. ग्राम-चैटर सरनाटोली , पोस्ट- गुमला , थाना- गुमला , प्रखण्ड- गुमला<br>4. लिंग-महिला , आयु-52 वर्ष, पहचान चिन्ह-हाथ में तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 157. | 1. आवेदन क्र0-513/25<br>2. आवेदक-सुखदेव भगत , पिता-गोयन्दा भगत<br>3. ग्राम-घुघु नवाटोली , पोस्ट- गुमला , थाना- गुमला , प्रखण्ड- गुमला<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-65 वर्ष, पहचान चिन्ह-बाया पैर घुटने पर घाव का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 158. | 1. आवेदन क्र0-514/25<br>2. आवेदक-सजित भगत , पिता-लक्ष्मण भगत<br>3. ग्राम-देवाकी , पोस्ट-देवाकी , थाना-घाघरा , प्रखण्ड- गुमला<br>4. लिंग-पुरूष , आयु- 51 वर्ष, पहचान चिन्ह-दाहिना पैर में घाव का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 159. | 1. आवेदन क्र0-515/25<br>2. आवेदक-मन्दौरी देवी , पति -सोहन भगत<br>3. ग्राम-किरतो टोली , पोस्ट-बेन्दोरा , थाना-चैनपुर , प्रखण्ड- गुमला<br>4. लिंग-महिला , आयु-53 वर्ष, पहचान चिन्ह-पैर में घाव का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 160. | 1. आवेदन क्र0-516/25<br>2. आवेदक-रंजीत तिर्की , पिता-बलासियूस तिर्की<br>3. ग्राम-बकसपुर , पोस्ट-सिलम , थाना-रायडीह , प्रखण्ड- गुमला<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-47 वर्ष, पहचान चिन्ह-गाल में घाव का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 161. | 1. आवेदन क्र0-602/25<br>2. आवेदक-मनोज कुमार भगत , पिता-छेदी भगत<br>3. ग्राम-महादेव टोली , पोस्ट-लोहरदगा , थाना- लोहरदगा , प्रखण्ड- लोहरदगा<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-58 वर्ष, पहचान चिन्ह-माथा में घाव का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 162. | 1. आवेदन क्र0-517/25<br>2. आवेदक-विनय उरॉव , पिता-स्व0 रघु उरॉव<br>3. ग्राम-रूकरूम , पोस्ट-सिलम , थाना-रायडीह , प्रखण्ड- रायडीह<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-49 वर्ष, पहचान चिन्ह-गाल पर घाव का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 163. | 1. आवेदन क्र0-518/25<br>2. आवेदक-संजय कुमार भगत , पिता-स्व0 बालकिशुन पन्ना<br>3. ग्राम-केदली , पोस्ट-तुसमॉव , थाना-घाघरा , प्रखण्ड- घाघरा<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-48 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| 164. | 1. आवेदन क्र0-519/25<br>2. आवेदक-नबोर खेस , पिता-जुलियस खेस<br>3. ग्राम-लुंगा , पोस्ट-कमटे , थाना-रायडीह , प्रखण्ड- रायडीह<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-56 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायां गाल में तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 165. | 1. आवेदन क्र0-520/25<br>2. आवेदक-अर्जुन उरॉव , पिता-स्व0 मन्दिरा उरॉव<br>3. ग्राम-अमर चुआँ , पोस्ट-नवागढ , थाना-रायडीह , प्रखण्ड- रायडीह<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-53 वर्ष, पहचान चिन्ह-दाहिना पैर में घाव का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 166. | 1. आवेदन क्र0-521/25<br>2. आवेदक-अमला उरॉव , पिता-स्व0 खेंदु उरॉव<br>3. ग्राम-ससढ़ा , पोस्ट-पीबो , थाना-रायडीह , प्रखण्ड- रायडीह<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-49 वर्ष, पहचान चिन्ह-दाहिना पैर में घाव का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 167. | 1. आवेदन क्र0-522/25<br>2. आवेदक-जनता उरॉव , पिता-बिमन उरॉव<br>3. ग्राम-हेसाग बिरोटोली , पोस्ट-हेसाग , थाना-रायडीह , प्रखण्ड- रायडीह<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-42 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| 168. | 1. आवेदन क्र0-523/25<br>2. आवेदक-चन्दर खड़िया , पिता-स्व0 कण्डु खड़िया<br>3. ग्राम-सलकाया , पोस्ट-बिरकेरा , थाना-सुरसांग , प्रखण्ड- रायडीह<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-42 वर्ष, पहचान चिन्ह-दाहिना पैर के घुटने पर घाव का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 169. | 1. आवेदन क्र0-524/25<br>2. आवेदक-बिरेन्द उरॉव , पिता-चंदा उरॉव<br>3. ग्राम-सिलम छेरहा टोली , पोस्ट-सीलम , थाना-रायडीह , प्रखण्ड- रायडीह<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-44वर्ष, पहचान चिन्ह-दाहिना हाथ में घाव का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 170. | 1. आवेदन क्र0-525/25<br>2. आवेदक-कोमल कुल्लू , पिता-स्व0 सिमोन कुल्लू<br>3. ग्राम-सन्याकोना , पोस्ट-बिरकेरा , थाना-सुरसाग , प्रखण्ड- रायडीह<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-54 वर्ष, पहचान चिन्ह-पैर में घाव का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 171. | 1. आवेदन क्र0-526/25<br>2. आवेदक-मरियानुस टोप्पो , पिता-निकोलस टोप्पो<br>3. ग्राम-कमटे , पोस्ट-अंकित नहीं , थाना-रायडीह , प्रखण्ड- रायडीह<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-60 वर्ष, पहचान चिन्ह-दाहिने घुटने में घाव का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 172. | 1. आवेदन क्र0-527/25<br>2. आवेदक-मुक्ता ज्योति मिंज , पति -अलेकजेन्डर मिंज<br>3. ग्राम-लुंगा , पोस्ट- कमटे , थाना-रायडीह , प्रखण्ड- रायडीह<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-54 वर्ष, पहचान चिन्ह-दाहिने कलाई में तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 173. | 1. आवेदन क्र0-528/25<br>2. आवेदक-घनश्याम उरॉव , पिता-बुढ़ी पहान<br>3. ग्राम-महुवा टोली , पोस्ट-गुनिया , थाना-घाघरा , प्रखण्ड-घाघरा<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-62 वर्ष, पहचान चिन्ह- बायां अंगुली में कटा का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 174. | 1. आवेदन क्र0-529/25<br>2. आवेदक-जितु खड़िया , पिता-विशेश्वर खड़िया<br>3. ग्राम-खीरा खाड , पोस्ट-नवागढ , थाना-रायडीह , प्रखण्ड-रायडीह<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-51 वर्ष, पहचान चिन्ह- अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| 175. | 1. आवेदन क्र0-530/25<br>2. आवेदक-समतराय सिंह , पिता-स्व0 माडलु सिंह<br>3. ग्राम-कमटे , पोस्ट- कमटे , थाना-रायडीह , प्रखण्ड-रायडीह<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-51 वर्ष, पहचान चिन्ह- बायां घुटने में घाव का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 176. | 1. आवेदन क्र0-531/25<br>2. आवेदक-आर्थर मिंज , पिता-स्व0 अमृतलाल मिंज<br>3. ग्राम-कुलमुण्डा , पोस्ट- सिलम , थाना-रायडीह , प्रखण्ड-रायडीह<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-52 वर्ष, पहचान चिन्ह- नाक के बाई ओर तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 177. | 1. आवेदन क्र0-532/25<br>2. आवेदक-मागह उरॉव , पिता-स्व0 जुबी उरॉव<br>3. ग्राम-रूकरूम , पोस्ट- सिलम , थाना-रायडीह , प्रखण्ड-रायडीह<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-64 वर्ष, पहचान चिन्ह- अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| 178. | 1. आवेदन क्र0-533/25<br>2. आवेदक-जोर्ज एक्का , पिता-स्व0 तानिस एक्का<br>3. ग्राम-खटखोर, पोस्ट- सिलम , थाना-रायडीह , प्रखण्ड-रायडीह<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-45 वर्ष, पहचान चिन्ह- अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| 179. | 1. आवेदन क्र0-534/25<br>2. आवेदक-प्रेमदान एक्का , पिता-स्व0 खिरसी एक्का<br>3. ग्राम-कुलमुण्डा , पोस्ट- सिलम , थाना-रायडीह , प्रखण्ड-रायडीह<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-47 वर्ष, पहचान चिन्ह- अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| 180. | 1. आवेदन क्र0-535/25<br>2. आवेदक-मोगल उरॉव , पिता-स्व0 पुनई उरॉव<br>3. ग्राम-सिलम बरटोली , पोस्ट- सिलम , थाना-रायडीह , प्रखण्ड-रायडीह<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-48 वर्ष, पहचान चिन्ह-बाया कान के बगल में कटे का निशान। | कंडिका-2(ix) |

नोट :-
1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. यह सूची आयोग के द्वय सदस्यों द्वारा स्थानीय जांच शिविर/कार्यालय में जांच कर आवेदन पर दर्ज बयान के आधार आवेदन प्रपत्र की कण्डिका 14(ग) के आलोक में प्रकाशित की गयी है।
3. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं।
4. आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

| (भुनेश्वर महतो) सदस्य | (नरसिंह मुर्मू) सदस्य | (दुर्गा उरॉव) अध्यक्ष |
|---|---|---|

PR 355489 (Home) 25-26 (D)

# योगमय विश्व

योग दुनिया को भारत की देन है। दुनिया के 175 देशों के समर्थन के बाद संयुक्त राष्ट्र ने हर साल 21 जून को विश्व योग दिवस मनाने का फैसला किया। इस बार 11 वें विश्व योग दिवस पर भी विश्व भर में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहें हैं। संयुक्त राष्ट्र ने इसकी थीम योगा फॉर वेल बीइंग यानी मानवता के कल्याण के लिए योग रखा है। संयुक्त राष्ट्र ने भी स्वीकारा है कि महामारी के दौरान योग ने न केवल संक्रमितों को स्वस्थ बनाने में मदद की है बल्कि पृथकवास के दौरान अवसाद से लड़ने की ताकत दी। योग के आठ अंग-यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि इसे संपूर्णता प्रदान करते हैं। जहां यम के पांच प्रकार सत्य, अहिंसा, अस्तेय, ब्रह्मचर्य व अपरिग्रह हमें जीवन में वैचारिक पवित्रता की राह दिखाते हैं, वहीं नियम के पांच प्रकार शौच, संतोष, तप, स्वाध्याय तथा ईश्वर प्राणिधान व्यक्तिगत मूल्यों की स्थापना में सहायक हैं। सांसों से हम अपने तन-मन को साध सकते हैं। वहीं इंद्रियों के नियमन की प्रक्रिया को प्रत्याहार कहा जाता है। सही मायनो में योग मनुष्य को मानसिक, शारीरिक व आध्यामिक रूप से सशक्त बनाने का साधन है। पतंजलि से लेकर स्वामी योगानंद, स्वामी शिवानंद सहित देश के संतों माध्यम से योग पूरी दुनिया में फैला। आज भी देश के योग गुरु पूरी दुनिया में अपना वैभव स्थापित कर रहें हैं। जिस प्रकार की हिंसक और मातम का माहौल में वैसे योग एक शांति का दूत हैं। आज विश्व जिस युद्ध और तनाव से गुजर रहा है उसमें भारत के पंतजलि के द्धारा पांच हजार साल पुरानी योग पद्धति से सुख और शांति पाई जा सकती है। योग सदैव विश्व के कल्याण से जुड़ना सीखाता है। योग से एक शांतिपूर्ण, समृद्ध और वैभवशाली विश्व का निमार्ण संभव है।




मेष : कामकाज की व्यस्तता से सुख-चैन प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। लाभमार्ग प्रशस्त होगा। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होगी। आनन्ददायक वातावरण बनेगा। शुभांक-3-6-8

वृष : आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। शुभांक-1-3-5

मिथुन : व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें, शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। खान-पान में सावधानी रखें। नौकरी में अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। शुभांक-2-4-7

कर्क : अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-1-5-8

सिंह : नवीन जिम्मेदारी बढ? के आसार रहेंगे। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। शुभांक-3-6-8

कन्या : आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। शुभांक-6-7-9

तुला : लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-5-7-8

वृश्चिक : शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बना रहेगा। बचते-बचते कलह विवाद का डर बना रहेगा। शुभांक-2-5-7

धनु : यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। शुभांक-3-6-8

मकर : मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। शुभांक-4-6-8

कुम्भ : आलसी न बनें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभांक-3-5-6

मीन : बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंग। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-5-6-8

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
प्रधान संपादक
सौरभ कुमार सिंह
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# योगेश्वर के योग से नियंत्रित संपूर्ण विश्व




**योगियों** की दुनिया विचित्र है। अद्भुत रहस्यों से भरी हुई। जिसे बिना समझे विचारे आँकना वैसा ही है जैसे काले गौगल्स पहन कर प्रकाश की न्यूनता पर टिप्पणी करना। और याद रहे, श्री कृष्ण योगेश्वर हैं–समस्त योग व योगियों के ईश्वर।

**श्री कृष्ण के परे क्या?**

जब श्री कृष्ण को योगेश्वर कहते हैं तो हमें उन्हें योग व योगियों का ईश्वर मानना ही होगा। उनसे बड़ा कोई नहीं, वे स्वयं कहते हैं मत्तः परतरं नास्ति कीन्चित अस्ति धनन्जय– मुझसे परे व बड़ा कोई नहीं, कोई नहीं, धनन्जय। तो अपने को विशिष्ट क्यों समझते हो? जब तक यह आत्म विशिष्टता रहेगी, तब तक आप आध्यात्म से कोसों दूर हो, भलेही सारा दिन राम-राम रटते हो। मैं और मेरा के वन में तुम्हारा राम भटक रहा है। ये मैं और मेरा जब भगवान के लिये हो जाता है तो आप अथाह समुद्र में कूप की भाँति हो जाते हो–यह समुद्र मैं हूँ या कहो मैं समुद्र में हूँ अब एक ही बात हो जाती है। यह ईश्वर मैं हूँ या मैं ईश्वर में हूँ में कहां अनंतर है। हाँ, एक को अद्वैत कहते हैं और दूसरे को भक्ति भाव और मेरे स्पष्टता के इस प्रयास को ज्ञान कहेंगे व इसके क्रीयान्वयन को योग। बात एक ही है, इसलिये भाषा के भेद जाल में ना फँसकर, सहजता से आत्मभाव में स्थिर रहो। जैसे गाड़ीवान के बैल को मारने पर रामकृष्ण परमहंस करहा कर गिर गये और उनकी पींठ पर डण्डे के निशान उभर आये। यह है आत्मभाव, जो शृष्टि के कण-कण के साथ आपकी सहज एकात्मता को अभिव्यक्त करता है। यही है श्री कृष्ण के कथन– सर्वभूतस्थत्मात्मानं सर्वभूतानि चात्मनि।

ईक्षते योगयुक्तात्मा सर्वत्र समदर्शनः।। का सही अर्थ। मात्र कहने के लिये समदर्शन नहीं, उसे प्रत्यक्ष जीना है समदर्शन। यह तभी सम्भव है जब आप सकल ब्रह्माण्ड के साथ एकात्मा हौं, कहने के लिये नहीं, वास्तव में, प्रत्यक्ष रूप से। परन्तु अपने परिवार में ही तुम्हारा छोटा-मोटा समभाव है, उसके परे नहीं। कुछ एक का जीवों के साथ है पर समस्त जीवों के साथ नहीं। कोई कुत्ता देख बिदकता है, कोई साँप देख, कोई कौकरोच देख, और कोई छिपकली देख। वाह रे, तुम्हारा समभाव! अपने बच्चे और पत्नि से परे जा ही नहीं पाता है, और करुणावश चला भी जाए तो, वह दो पल से अधिक नहीं ठहरता, और भगवान को भजते हो, जिसका सबमें समभाव है। ये द्वन्द्व ही तुम्हें ईश्वर के सही स्वरूप से दूर रखे है। ईश्वर बस हमारे परिवार को आगे बढ़ाये, उसकी रक्षा करे और दूसरे का परिवार जाये भाड़ में। वाह रे आपका आध्यात्मिक ज्ञान।



-मुरलीधर

**ईक्षते योगयुक्तात्मा सर्वत्र समदर्शनः।। का सही अर्थ। मात्र कहने के लिये समदर्शन नहीं, उसे प्रत्यक्ष जीना है समदर्शन। यह तभी सम्भव है जब आप सकल ब्रह्माण्ड के साथ एकात्मा हौं, वास्तव में, प्रत्यक्ष रूप से। परन्तु अपने परिवार में ही तुम्हारा छोटा-मोटा समभाव है, उसके परे नहीं। कुछ एक का जीवों के साथ है पर समस्त जीवों के साथ नहीं। कोई कुत्ता देख बिदकता है, कोई साँप देख, कोई कौकरोच देख, और कोई छिपकली देख। वाह रे, तुम्हारा समभाव!**

बोध व बुधत्त्व

जितना तुम्हारा बोध है उतने बुद्ध तुम हो। अपने बुद्धत्व को जाने बिना आप बुद्ध को नहीं समझ सकते। अपने बुद्धत्व को नकार कर किसी बाहरी बुद्ध की खोज तुम्हें अपने तक लाती रहेगी जब तक कि तुम स्वयं अपने बुद्धत्व को नहीं समझ लेते। अपनी बुराइयों को जानकर उनसे मुक्त होने का भाव बोध है।उनसे मुक्त हो जाना बुद्धत्व है। इसे जो शत प्रतिशत करता है, वह महावीर है, और जो हृदय से करने का प्रयास कर रहा है, वह संघ गामी है। संघ गामी का आशय, बुद्ध के भौतिक संघ की ओर गमन करने वाला नहीं, वरन प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष बुद्ध के सत्संग में जाने वाला है। सत्संग की सही व्यख्या श्री कृष्ण ने मच्चित्ता मद्गतप्राणा बोधयन्तः परस्परं सूत्र द्वारा की है। संघ सत्संग है, जो मुझमें चित्त व अपनी ऊर्जा को लगाते हुये परस्पर मेरी ही बात करते हैं वे मां नित्यं तुष्यन्ति च रमन्ति च – मुझमें, मेरे साथ ही सन्तुष्ट रहते हुये रमण करते हैं। यह है बुद्ध शरणं गच्छामि का सही अर्थ।

**शंखप्रक्षालन** की एक क्रिया है। सभी प्रकार के उदर रोग तथा कब्ज मंदागिनी, गैस, अम्ल पित्त, खट्टी-खट्टी डकारों का आना एवं बवासीर आदि निश्चित रूप से दूर होते हैं। आंत, गुर्दे, अग्नाशय तथा तिल्ली सम्बन्धी सभी रोगों में लाभप्रद है। सर्वांगासन सर्वांगासन स्थितिः- दरी या कम्बल बिछाकर पीठ के बल लेट जाइए.

विधिः-दोनों पैरों को धीरे -धीरे उठाकर 90 अंश तक लाएं. बाहों और कोहनियों की सहायता से शरीर के निचले भाग को इतना ऊपर ले जाएँ की वह कन्धों पर सीधा खड़ा हो जाए। पीठ को हाथों का सहारा दें .. हाथों के सहारे से पीठ को दबाएं . कंठ से ठुड्ठी लगाकर यथाशक्ति करें फिर धीरे-धीरे पूर्व अवस्था में पहले पीठ को जमीन से टिकाएं फिर पैरों को भी धीरे-धीरे सीधा करें। लाभः- थायराइड को सक्रिय एवं स्वस्थ बनाता है। मोटापा, दुर्बलता, कद वृद्धि की कमी एवं थकान आदि विकार दूर होते हैं। लाभः मोटापा कम करने के आयुर्वेदिक उपाय एड्रिनल, शुक्र ग्रंथि एवं डिम्ब ग्रंथियों को सबल बनाता है। स्वस्तिकासन स्थितिः- स्वच्छ कम्बल या कपडे पर पैर फैलाकर बैठें। विधिः- बाएं पैर को घुटने से मोड़कर दाहिने जंघा और पिंडली ( घुटने के नीचे का हिस्सा) और के बीच इस प्रकार स्थापित करें की बाएं पैर का तल छिप जाये उसके बाद दाहिने पैर के पंजे और तल को बाएं पैर के नीचे से जांघ और पिंडली के मध्य स्थापित करने से स्वस्तिकासन बन जाता है। ध्यान मुद्रा में बैठें तथा रीढ़ सीधी कर श्वास खींचकर यथाशक्ति रोकें।इसी प्रक्रिया को पैर बदलकर भी करें।

लाभः- पैरों का दर्द, पसीना आना दूर होता है। पैरों का गर्म या ठंडापन दूर होता है.. ध्यान हेतु बढ़िया आसन है।

**गोमुखासन गोमुखासनविधिः-**

दोनों पैर सामने फैलाकर बैठें। बाएं पैर को मोड़कर एड़ी को दाएं नितम्ब के पास रखें। दायें पैर को मोड़कर बाएं पैर के ऊपर इस प्रकार रखें की दोनों घुटने एक दूसरे के ऊपर हो जाएँ।

दायें हाथ को ऊपर उठाकर पीठ की ओर मुडिए तथा बाएं हाथ को पीठ के पीछे नीचे से लाकर दायें हाथ को पकड़ें.. गर्दन और कमर सीधी रहे। एक ओर से लगभग एक मिनट तक करने के पश्चात दूसरी ओर से इसी प्रकार करें। जिस ओर का पैर ऊपर रखा जाए उसी ओर का (दाए/बाएं) हाथ ऊपर रखें.

लाभः- अंडकोष वृद्धि एवं आंत्र वृद्धि में विशेष लाभप्रद है। धातुरोग, बहुमूत्र एवं स्त्री रोगों में लाभकारी है। यकृत, गुर्दे एवं वक्ष स्थल को बल देता है।

(लेखक खबर मन्त्र के चीफ सब एडिटर हैं।)

## सपनों का अंत

हाल ही में हुई अहमदाबाद विमान दुर्घटना भारतीय विमानन इतिहास की सबसे दुखद घटनाओं में से एक है। इसमें अनेक लोगों की जान गई और हजारों सपनों का अंत हो गया। इस हादसे ने विमानन सुरक्षा मानकों पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। सरकार और विमान कम्पनियों को इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए कठोर कदम उठाने चाहिए। इसे अनदेखा नहीं करना चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न दोहराई जाएं।

**-दीपांशी सैनी, हजारीबाग**

## विस्थापन की पीड़ा

महाशक्तियों की महत्वाकांक्षा और सत्ता संघर्ष के कारण उत्पन्न शरणार्थी संकट को उजागर करने वाला था। रूस-यूक्रेन, इस्राइल-हमास युद्धों सहित सूडान, सीरिया, म्यांमार आदि देशों में विस्थापन भयावह रूप ले चुका है। खाद्य, आवास, रोजगार और मानवाधिकार की समस्याएं शरणार्थियों के लिए जीवनभर की पीड़ा बन गई हैं।

**-अनिल, रांची**

## जातिवार जनगणना

भारत में जातिवार जनगणना की अधिसूचना जारी होना ऐतिहासिक है। यह सामाजिक-आर्थिक नीतियों को वैज्ञानिक आधार देगा और मिथकों को तोड़ेगा। हालांकि, जाति आधारित आंकड़े समाधान नहीं, बल्कि एक साधन हैं। जनगणना पारदर्शिता से होनी चाहिए और समाज में वैमनस्य नहीं फैलना चाहिए। छात्रों की पढ़ाई और दैनिक जीवन में बाधा नहीं होनी चाहिए।

**- विभूति, गढ़वा**

## जनसंख्या नियंत्रण

भारत में जनसंख्या अधिक होने के कारण गरीबी बड़ी समस्या बनी है। विश्व बैंक की रिपोर्ट के अनुसार 2011-12 से 2022-23 तक गरीबी घटकर 27.1 प्रतिशत से 5.3 प्रतिशत हुई है। फिर भी गरीबी खत्म नहीं हो पाई। समय का तकाजा है कि जनसंख्या पर नियंत्रण बहुत जरूरी है।

**-राजेश कुमार, जमशेदपुर**

# योगिक श्वसन से हो सकती है आयु में वृद्धि

**डॉ परिणीता सिंह**

योग दर्शन

* हर वर्ष योग दिवस पूरे सृष्टि के बीच एक तादात्म्यता उत्पन्न करता है।
* यौगिक अभ्यास मानव चेतना को स्थूल से कारण तक ले जाता है
* पृथ्वी का संरक्षण आवश्यक है, तभी हम शारीरिक, मानसिक, आध्यात्मिक रूप से पूर्ण हो सकते हैं।

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को एक पर्व की तरह पूरे विश्व में मनाया जाएगा। इस वर्ष का विषय है योगा फॉर वन अर्थ वन हेल्थ ।

आज पूरा विश्व किसी न किसी आंतरिक एवं बाहरी समस्याओं से जूझ रहा है चाहे आपसी या पड़ोसी देश से युद्ध का मुद्दा हो, मूल निवासी और प्रवासी के बीच की समस्याएं हो,जाति, धर्म, पर्यावरण इत्यादि कई कारण है जो मानव एवं जगत के बीच समस्याएं उत्पन्न कर दी है ।

ऐसे में पृथ्वी को बचाना एवं अपने आप को शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक, आध्यात्मिक रूप से स्वस्थ रखना अति आवश्यक है। हर वर्ष योग दिवस न सिर्फ व्यक्तिगत लाभ के लिए मनाया जाता है बल्कि योग का जो सही अर्थ होता है पूरे सृष्टि के बीच एक तादात्म्यता उत्पन्न करना है।

इस दिशा में हम सभी कदम बढ़ते जा रहे हैं।

अयं बन्धुरयंनेति गणना लघुचेतसाम् । उदारचरितानां तु वसुधैव कुटुम्बकम्।।

अर्थात- यह व्यक्ति मेरा है, यह व्यक्ति मेरा नही है का भेद संकीर्ण सोच वाले ही करते हैं। उत्तम चरित्र वालों के लिए पूरा विश्व ही परिवार है। ऐसा सोच, उदार हृदय की प्राप्ति योग के द्वारा ही संभव है। ईशावास्योपनिषद् मे ईश्वर की सर्वव्यापकता को बताते हुए कहा गया है कि मनुष्य को लोभ, लालच नहीं करना चाहिए। प्रकृति में उपलब्ध वस्तुओं का उपयोग उतना ही करो जितना जीवन जीने के लिए आवश्यक हो, भोग के लिए नहीं ।ॐ ईशावास्यमिदँ सर्वं यत्किञ्च जगत्यां जगत।

तेन त्यक्तेन भुञ्जीथाः मा गृधः कस्यस्विद्धनम्॥

अर्थात इस सृष्टि में जो कुछ भी है सब ईश द्वारा दिया गया है ,और उसके अधिकार में है। केवल उनके द्वारा दिए गए का उपयोग करो, लालच मत करो, लोभ मत करो।

जीवन ईश्वर का उपहार है यानी जीवन और जगत ( पृथ्वी ) को ईश्वर का आवास समझकर उनके द्वारा दिए गए संपदाओं का समझदारी पूर्वक उपयोग करो। कामनाओं की पूर्ति के लिए जगत के चीजों का अत्यधिक उपयोग करना न सिर्फ अपना विनाश का कारण होता है बल्कि पृथ्वी का भी संतुलन बिगड़ता है, जिस कारण कई प्रकार के शारीरिक मानसिक और आध्यात्मिक समस्याऐ उत्पन्न होने लगते हैं।

पृथ्वी जो पांच तत्वों से बना है- भूमि, जल, अग्नि, वायु और आकाश ।

इसे पंचमहाभूत भी कहते हैं जो सृष्टि के निर्माण की मूल आधारशिला है। इनके बीच तालमेल, समरसता रखना अति आवश्यक है। आज इस आधुनिक समय में जो भी वातावरण, स्वास्थ्य संबंधित समस्याऐ उत्पन्न हो रहे हैं इसका कारण पृथ्वी द्वारा दिए गए संसाधनों का गलत उपयोग ही है। मानव शरीर भी इन्हीं पंचमहाभूतो का बना होता है। पृथ्वी के वातावरण का असंतुलन मानव शरीर को भी प्रभावित करता है। स्थूल शरीर जिनका निर्माण अस्थि एवं मांसपेशियों द्वारा बना होता है, जिसके पोषण के लिए भूमि द्वारा उपजाए हुए अन्न का उपयोग हम सभी करते हैं। आजकल विभिन्न प्रकार के कीटनाशक दवाइयों से फसल तो प्रभावित होता ही है साथ ही भूमि की उर्वरा शक्ति क्षीण होती है, जिसका प्रभाव मानव शरीर पर पड़ता है।

हमारे शरीर में लगभग 70 से 80% जल होता है, जिसे रखरखाव के लिए प्राकृतिक जल पर निर्भरता रहती है चाहे वह पेयजल के रूप में हो या फल सब्जियों के द्वारा। प्रकृति द्वारा प्रदत इस जल को शुद्ध एवं पवित्र रखना चाहिए। जल प्रदूषण बहुत बड़ा कारण है परिस्थितिकी तंत्र में असंतुलन उत्पन्न करने में। अग्नि तत्व मानव शरीर में पाचन एवं ऊर्जा के लिए जिम्मेदार है।अग्नि तत्व हमारे शरीर के अंदर के विकार, अशुद्धियों को भी खत्म करता है।

सूर्य जो ऊर्जा का स्रोत है जिस पर वन्य, जीवजंतु निर्भर है। पृथ्वी का तापमान में संतुलन बना रहे हैं ताकि इस पर प्राणी वन, जीव - जंतु जीवित रहे, परंतु ऐसा नहीं है दिन प्रतिदिन तापमान बढ़ता ही जा रहा है, मौसम में भी बदलाव हो रहे हैं। सभी चीजे व्यवस्थित हो सकती हैं, अगर चीजों का उपयोग सही से करें तो ओजोन स्तर को बचा सकते हैं। वायु तत्व जिसे जीवनीशक्ति के रूप में शरीर के अंदर श्वास के रूप द्वारा हम ग्रहण करते हैं। अतः स्वच्छ वायु अति आवश्यक है सभी के लिए। प्रदूषित वायु कई गंभीर समस्याऐ उत्पन्न कर सकती है। अपनी सुविधाओं के लिए अत्यधिक आरामदायक जीवन के लिए जिन चीजों का हम इस्तेमाल करते हैं जिससे वातावरण का वायु दूषित होता है, उसका बहिष्कार करना चाहिए। आकाश तत्व जो अनंतता एवं सूक्ष्मता से संबंधित है, यह सबसे पहला महाभूत है जिससे सभी तत्व उत्पन्न हुए हैं। इस तत्व को जानने समझने के लिए जीवन में आध्यात्मिकता की आवश्यकता है, जिसे योग के द्वारा जाना जा सकता है। यौगिक अभ्यास स्थूल से कारण तक मानव चेतना को ले जाता है जहाँ ब्रह्मांडीय चेतना से एकाकार होता है। इस एकाकार को आत्मा से परमात्मा से मिलन भी कहते हैं।

# स्वर योग से होता है शक्तियों का जागरण



**सुधांशु कुमार**

योग ज्ञान

जीवन रक्षा के लिए उसे पहली बार श्वास लेनी पड़ती है ।पहली श्वसन क्रिया में उसे जो कष्ट और पीड़ा होती है, उसकी अभिव्यक्ति शिशु के प्रथम रुदन में सुनी जाती हैं। सांस लेने और छोड़ने का यह अनवरत क्रम मृत्यु पर्यंत चलता रहता है ।सांस का चलना ही जीवन की पहचान है । सांस का रुक जाना मृत्यु है । वायुमंडल में अनेक प्रकार के गैस, धुआं, पानी की वाष्प आदि सूक्ष्म कण पाए जाते हैं। इनमें से 15 - 20% ऑक्सीजन गैस होती है, यही प्राणवायु रक्त में मिलकर पूरे शरीर में दौड़ जाती है। रक्त हमारे प्रत्येक भाग तक पहुंचकर पोषक तत्व तथा उर्जा पहुंचाता है ।

श्वास नलिका वाला मार्ग दो श्वास नलिकाओं में विभाजित होकर सूक्ष्म नलिकाओं द्वारा दोनों फेफड़ों में वायु पहुंचाता है । दोनों फेफड़ों में लगभग 65 करोड प्रकोष्ठ होते हैं ।यदि इन सब को भरा जाए तो साढे छ लीटर आयतन की वायु इसमें समा सकती हैं।उसके वायु में ऑक्सीजन का विच्छेदन तथा और अवशोषण किया जाता।वायुमंडल में ऑक्सीजन की पूर्ति करते रहने की व्यवस्था प्रकृति में वृक्षों तथा सूर्य को सौंपी है । सूर्य की रोशनी तथा ताप पाकर वृक्षों के पत्ते कार्बन डाइऑक्साइड ग्रहण करते हैं तथा ऑक्सीजन को छोड़ते हैं।



पीपल, नीम, तुलसी और बङ के पेड़ 24 घंटे ऑक्सीजन छोड़ते हैं । अतः श्वास रोगियों को इन वृक्षों के नीचे प्रतिदिन आधा घंटा बैठकर गहरी श्वास भरनी चाहिए । इस प्रकार किसी व्यक्ति द्वारा सांस लेने और छोड़ने की जो क्रिया होती है वह श्वसन क्रिया कहलाती है।

यदि व्यक्ति प्रतिदिन 10 मिनट निरंतर प्राणायम करें तो श्वास संबंधी कोई भी समस्या उस व्यक्ति को नहीं आ सकती है। प्रतिदिन व्यक्ति को अपने शरीर के श्वसन प्रक्रिया को निरंतर चलाने के लिए ताड़ासन, विरासन, त्रिकोण आसन, वज्रासन, सूर्य नमस्कार, गोमुखासन, पवनमुक्तासन तथा प्राणायम में कपालभाति, भस्त्रिका, नाड़ी शोधन, सूर्यभेदी, चंद्रभेदी आदि करके श्वसन क्रिया को सुचारु रुप से स्वस्थ और तंदुरुस्त रखा जा सकता है । प्राणायम करते समय श्वास नली, फेफड़ो और पेट में जो हलचल होती है, उससे शरीर के भीतर और बाहर कंपन - अकंपन उत्पन्न होती है । इन कम्पन का शरीर के भीतर भागों पर आश्चर्यजनक प्रभाव आसानी से अनुभव किया जा सकता है।इस प्रभाव व अनुभव को संवेदना भी कहा जा सकता है। सही श्वसन क्रिया में एक बार में 24 सेकंड लगते हैं ।इस प्रकार 1 मिनट में कुल ढाई बार ही श्वसन क्रिया हो सकेगा ।हम एक मिनट में 16 से 18 बार श्वास लेकर छोड़ देते हैं, इस जल्दी बाजी के कारण ना तो शरीर की आवश्यकताओं की समुचित पूर्ती हो पाती है और ना ही शरीर ठीक से शुद्ध हो पाता है । योगिक विधि से श्वास लेने वाला व्यक्ति, सामान्य श्वास लेने वालों द्वारा 1 घंटे में लिए जाने वाली ऑक्सीजन के बराबरी, सिर्फ 1 मिनट में ही कर लेता है । इस तरह 24 या 25 योगिक श्वसन भरकर सामान्य व्यक्ति से दो गुना लाभ सहज ही उठाया जा सकता है। यदि हम श्वास की समस्या है तो हमें यह पता करना चाहिए की श्वास की समस्या से छुटकारा पाने के लिए कौन सा प्राणायाम करने की आवश्यकता है। (लेखक शिक्षाविद सह काउंसलर हैं।)

स्पीड न्यूज

## दामोदर व भैरवी का जलस्तर बढ़ा



रामगढ़। लगातार हो रही बारिश से रजरप्पा में दामोदर-भैरवी नदी का जलस्तर बढा। मुंडनशाला एवं तांत्रिक घाट जलमग्न हो गया। वहीं, छिलका पुल के ऊपर से पानी बह रही है। साथ ही दर्जनों पूजा प्रसादी दुकानें जलमग्न हो गये। पुल के उपर पानी बहने पर श्रद्धालुओं को आना जाना करने में थोड़ा कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। क्योंकि श्रद्धांलू पिपरा जरा के समीप बने पुल की मदद से मंदिर परिसर पहुँच रहे है। वही मां छिन्नमस्तिका मंदिर में पूजा अर्चना सामान्य रूप से चल रही है। इधर, न्यास समिति के सदस्य सह पुजारी सुबोध पंडा ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि नदी के तेज बहाव से दूर रहें। दो दिनों से हो रही बारिश से खेत जलमग्न भी हुए। लोग घरों में दुबके हुए है। बिना काम के नहीं निकल रहे है।

## मुक्तिधाम तक पहुंचा दामोदर का पानी



**रामगढ़।** लगातार बारिश से दामोदर नदी का पानी घाट पर स्थित मुक्तिधाम तक पहुंच गया है। मुक्तिधाम में गांधी जी का समाधिस्थल है। साथ ही वहां शवों का अंतिम संस्कार किया जाता है। जलस्तर बढ़ने से वहां लोगों को शवों का अंतिम संस्कार करने में परेशानी हो रही है।

## कुजू में जनजीवन अस्त-व्यस्त



कुजू। तीन दिन से हो रही लगातार बारिश से कुजू कोयलांचल सहित आस-पास क्षेत्र में लोगों जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। मंगलवार देर रात से प्रारंभ हुई बारिश गुरुवार तक लगातार होती रही। लगातार बारिश के कारण शहर की सड़कों पर जल जमाव हो गया है। लोगों का घर से निकलना दूभर हो गया है। बारिश के चलते जगह-जगह जल जमाव हो गया है। जल जमाव के कारण दो पहिया वाहन चालकों पैदल चलने वालों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सड़क के गड्ढों में पानी जम गया है। दिन भर बारिश होती रही। आवागमन में भी दिक्कतों का सामना लोगों को करना पड़ा। बारिश और शहर में चारों ओर पानी ही पानी जैसा नजारा था। लगातार बारिश से बुढाखाप गंधौनिया स्थित शिव मंदिर भी नदी में समा गया है, सिर्फ मंदिर का गुम्बद दिख रहा है। इधर लोगों का कहना है कि बारिश से मौसम खुशनुमा हो गया है। लगातार बारिश से थोड़ी परेशानी भी हो रही है। लोगों को घर से निकलना मुश्किल सा हो गया है। सुबह से शाम तक क्षेत्र में लोगों का आवागमन कम दिखा। कई दुकानदारों ने कहा कि बारिश का असर बाजार पर भी पड़ा। बारिश की वजह से कुजू नया बाजार टांड़ में लगने वाला साप्ताहिक बाजार में खरीदारी करने वालों की संख्या कम देखी गई। हालांकि इस बारिश से फसल अच्छी होने की उम्मीद है।

## संजय यादव का भव्य स्वागत



भुरकुंडा (रामगढ़)। राजद के प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव को सर्वसम्मति से निर्विरोध चुने जाने पर रांची कार्यालय में उनका भव्य स्वागत किया गया। कार्यकर्ताओं एवं नेताओं ने उन्हें पुष्पगुच्छ से सम्मानित कर बधाई दी। कार्यक्रम के दौरान राजद नेताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव एवं बिहार के प्रतिपक्ष नेता तेजस्वी यादव के प्रति आभार व्यक्त किया, जिन्होंने संजय कुमार सिंह यादव में विश्वास जताते हुए उन्हें पुनः प्रदेश की कमान सौंपी। सभी ने आशा जताई कि उनके नेतृत्व में झारखंड में राजद और अधिक मजबूत व जनप्रिय बनेगा। बधाई देने वालों में झारखंड राज्य निर्वाचन पदाधिकारी गिरधारी गोप, प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष यादव, युवा प्रदेश महासचिव संजय यादव, पूर्व जिला अध्यक्ष प्रेम कुमार साहू, अलाउद्दीन मंसूरी, जानकी ठाकुर, असगर अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष वाहिद अंसारी, शौकत खान, जवाहर यादव, सुभाष तिवारी, संतोष मिश्रा, योगेंद्र मांझी आदि शामिल थे।

## रामगढ़ के डीडीसी ने संभाला पदभार



रामगढ़। रामगढ़ जिले के 19वें उप विकास आयुक्त के रूप में गुरुवार को आशीष अग्रवाल ने पदभार ग्रहण किया। निवर्तमान उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो ने उन्हें अपना प्रभार सौंपा। अग्रवाल ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना उनका उद्देश्य होगा। साथ ही स्वास्थ्य व शिक्षा के क्षेत्र में जिले का विकास करना उनकी प्राथमिकता में शामिल होगा।

# हजारीबाग शहर जलमग्न

## दो दिन की बारिश ने खोली प्रशासन की पोल

**अभय कुमार सिंह**

**तालाब निगल गईं इमारतें, नाले बने नालियां, अब हर बूंद पानी बनी काल**



**हजारीबाग।** हजारीबाग में आसमान से बरसी आफत की कुछ बूंदों ने जमीन की सारी सच्चाई नंगा कर दी। चंद घंटों की बारिश ने पूरे शहर को गला डाला, सड़कें नालों में तब्दील हो गईं, और लोग सोशल मीडिया पर वीडियो डाल-डाल कर रोने लगे।

सवाल यह है कि इस गंदगी, इस बर्बादी, और इस जलजमाव का असली गुनहगार कौन है? क्या सिर्फ. प्रशासन? या फिर हम सभी? शहर की हालत ऐसी हो गई है कि मानो कोई तटीय इलाका हो और समुद्री तूफान आया हो। लेकिन नहीं, यह सिर्फ. दो दिन की बारिश का असर है। चार दिन की चिलचिलाती गर्मी के बाद जब राहत की फुहारें बरसीं तो वे राहत नहीं, शहर के लिए आफत बन गईं। हजारीबाग की गलियां पानी-पानी हैं, सरकारी अस्पताल से लेकर बड़े-बड़े स्कूलों व दफ्तरों तक सब जलमग्न हैं। सड़कों पर पानी इतना भर गया कि बाइक, स्कूटर क्या, पैदल चलना तक मुहाल हो गया। अब सवाल उठता है कि आखिर ऐसा क्यों हुआ? जवाब बेहद साफ है, 15-20 साल पहले तक हजारीबाग में ऐसी स्थिति कभी नहीं देखी गई थी। तब बारिश होती थी तो पानी बहकर नदियों-नालों में समा जाता था। लेकिन अब तो लगता है जैसे पानी के लिए कहीं कोई रास्ता ही नहीं बचा। ज़िले में तालाबों पर अपार्टमेंट खड़े हो गए, नाले दुकान बन गए, नदियों को पाटकर प्लॉटिंग शुरू हो गई। ये सब सिर्फ प्रशासन की आंखों के नीचे नहीं हुआ, बल्कि आम जनता की आंखों के सामने हुआ। आज अगर हजारीबाग डूब रहा है, तो उसकी नींव में सिर्फ प्रशासनिक लापरवाही नहीं, बल्कि जनता की चुप्पी, स्वार्थ और अतिक्रमण की भूख भी है। लोगों ने घर बनाते वक्त एक इंच जगह भी न छोड़ी, न नाले के लिए, न पानी की निकासी के लिए। फिर अब रोना किस बात का? हकीकत ये है कि हमने खुद अपने शहर का गला घोंटा है। हर वह तालाब जो हमने निगला, हर वह नाला जो हमने पाटा, आज वहीं हमें डुबो रहा है। प्रशासन की नाकामी अपनी जगह है, लेकिन सबसे बड़ा दोष है उस सामाजिक सोच का, जिसने विकास के नाम पर विनाश को न्योता दिया। अगर अब भी हम नहीं चेते, तो अगली बारिश सिर्फ सड़कों को नहीं हमारी सांसों को भी बंद कर देगी। हजारीबाग को डुबोया गया है, प्रशासन ने आंख मूँदी, जनता ने जमीर। अब वक्त है चेतने का, वरना आने वाला समय वीभत्स होगा!

# भुरकुंडा में नदियां उफान पर

## बिजली की आंख मिचौली से लोग परेशान

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** कोयलांचल क्षेत्र के भुरकुंडा, भदानीनगर, बासल, पतरातु, उरीमारी सहित आसपास के इलाकों में पिछले दो दिनों से जारी मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को पूरी तरह से अस्त-व्यस्त कर दिया है। लगातार हो रही बारिश से एक ओर जहां सड़कों पर पानी भर गया है, वहीं दूसरी ओर निचले इलाकों में जलजमाव की गंभीर स्थिति उत्पन्न हो गई है। ग्रामीण घरों में कैद होने को मजबूर हैं।

सबसे अधिक चिंता का विषय है नलकारी नदी और दामोदर नदी का बढ़ता जलस्तर, जो उफान पर हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि बारिश का यही सिलसिला जारी रहा, तो नदी का पानी रिहायशी इलाकों में घुस सकता है। इस प्राकृतिक आपदा के बीच बिजली संकट ने लोगों की मुश्किलें और भी बढ़ा दी हैं। दिन हो या रात, बिजली की आँखमिचौली से जनजीवन थम सा गया है। पटेलनगर में बिजली का खंभा गिरने से विद्युत आपूर्ति 12 घंटे तक बाधित रही, जिससे पूरे क्षेत्र में अंधेरा पसरा रहा।

भुरकुंडा बाजार में भी बारिश का गहरा असर देखा गया। मूसलधार बारिश के चलते दुकानों में ग्राहक नहीं पहुँचे, जिससे व्यापारियों को काफी नुकसान झेलना पड़ा। वहीं, रोजमर्रा की जरूरतों के लिए बाहर निकलने वाले आम लोगों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

मौसम विभाग की माने तो 24 से 48 घंटे तक भारी बारिश की संभावना है। लगातार बारिश और नदी के बढ़ते जलस्तर ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। नदी के आसपास रहने वाले लोगों को खास सतर्कता बरतने की जरूरत है।

## हजारीबाग में नशा के खिलाफ नुक्कड़ नाटक

**हजारीबाग।** नशा मुक्ति जागरूकता अभियान के अंतर्गत सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, हजारीबाग द्वारा वर्षा के बीच जिले के विभिन्न प्रखंडों में गुरुवार को जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रमों का सफल आयोजन हुआ, जिसमें नुक्कड़ नाटक एवं एलईडी स्क्रीन के माध्यम से मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों से लोगों को अवगत कराया गया। कलाकारों की प्रस्तुतियों ने नशा छोड़कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लाभों को रोचक एवं प्रभावी तरीके से प्रस्तुत किया। एलईडी स्क्रीन पर दिखाए गए प्रेरक वीडियो, जागरूकता संदेशों और संकल्प कार्यक्रम ने प्रतिभागियों में आत्मविश्वास भरते हुए नशा मुक्त जीवन जीने का संकल्प मजबूत किया। बारिश के कारण मौसम प्रतिकूल रहने के बावजूद ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं, युवाओं, वरिष्ठ नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई।

# हजारीबाग में रेलवे परीक्षा बना मजाक, छात्र लौटे

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**▸▸ भारी बारिश से केंद्र में बिजली ठप और जनरेटर में पानी घुसने से नहीं हुआ चालू**



छात्रों से बात करते सदर विधायक प्रदीप प्रसाद।

**हजारीबाग।** झारखंड में मानसून की पहली बारिश ने जहां आम लोगों को राहत दी, वहीं हजारीबाग में सैकड़ों युवाओं के भविष्य पर पानी फेर दिया। इंद्रपुरी चौक स्थित रेलवे एनटीपीसी ग्रेजुएट लेवल परीक्षा केंद्र पर गुरुवार को ऐसी अव्यवस्था दिखी जिसने पूरे सिस्टम की पोल खोल दी। दूर-दराज से परीक्षा देने पहुंचे छात्र जब केंद्र पहुंचे तो उन्हें गेट के बाहर ही रोक दिया गया। पता चला कि भारी बारिश के कारण केंद्र में बिजली ठप हो गई और डीजल जनरेटर में पानी घुसने से वह भी चालू नहीं हो सका। बिना किसी पूर्व सूचना के छात्रों को करीब एक घंटे तक खड़ा रखा गया। जब किसी तरह जनरेटर चालू किया गया, तो छात्रों को हड़बड़ी में परीक्षा देने को कहा गया, लेकिन परीक्षा का समय वही 90 मिनट रखा गया। इससे गुस्साए छात्रों ने परीक्षा रद्द करने और दोबारा तिथि निर्धारित करने की मांग की। हालात बिगड़ते देख सदर विधायक प्रदीप प्रसाद मौके पर पहुंचे। भीगते हुए छात्रों से संवाद किया, परीक्षा एजेंसी की लापरवाही पर कड़ी नाराजगी जताई और तत्काल जांच व कार्रवाई की मांग की। छात्रों को निराशा हाथ लगी, वे बिना परीक्षा दिए लौट गए। अब नई तिथि की घोषणा की जाएगी, लेकिन यह घटना एक बड़ा सवाल छोड़ गई कि क्या व्यवस्था बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ करती रहेगी और हम सिर्फ मूकदर्शक बने रहेंगे?

## कोलकाता से बिहार जा रही बस बरकट्ठा में पलटी

**हजारीबाग।** बरकट्ठा अनुमंडल के गोरहर थाना क्षेत्र में गुरुवार को कोलकाता से बिहार जा रही सियाराम बस पांतितीरी गांव के पास एनएच -19 पर अनियंत्रित होकर पलट गई। बस की छत पर प्रतिबंधित मांगुर मछली लदी थी। अधिक वजन से बस का संतुलन बिगड़ गया। हालांकि बस में यात्रियों की संख्या कम होने से कोई जनहानि नहीं हुई। कुछ यात्रियों को मामूली चोटें आईं। स्थानीय ग्रामीण तुरंत मदद के लिए आगे आए। उन्होंने घायलों को बस से बाहर निकाला। गोरहर थाना प्रभारी सोनू कुमार ने घायलों को स्थानीय अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त बस को हटाया और मछली की ढुलाई से की जांच शुरू की

## एलआइसी का बोनस देने का दिया झांसा, खाते से निकाले 60 हजार

**रामगढ़।** रामगढ़ में भी एक महिला को एलआईसी का बोनस देने का झांसा दिया गया। इसके बाद उनके बैंक खाते से लगभग 60 हजार रुपये निकाल लिए गए। जब तक महिला को ठगे जाने का एहसास होता, उनका अकाउंट खाली हो गया। परिणीत टावर के फ्लैट नंबर 502 निवासी इंदू कुमारी के रामगढ़ थाने में सूचना दर्ज कराई गई है। उन्होंने बताया कि 14 जून को उनके मोबाइल नंबर पर एक कॉल आया और एलआईसी का बोनस देने की बात कही गई। उन्हें एलआईसी का बोनस वास्तव में मिलने वाला था, इसलिए आसानी से उसके झांसे में आ गई। जैसे ही उन्होंने अकाउंट डिटेल शेयर किया, उनके खाते से 59123 निकल गए।

# अवैध खनन व परिवहन पर पूरी तरह लगायें रोक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**▸▸ खनन टास्क फोर्स की बैठक में डीसी ने दिये कई निर्देश**

**▸▸ बालू खनन पर रोक लगायें सीओ और थाना प्रभारी**

**रामगढ़।** उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक अजय कुमार की उपस्थिति में गुरूवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला खनन पदाधिकारी निशांत अभिषेक ने अवैध खनन के विरुद्ध किए जा रहे कार्यों का उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक को पीपीटी से विस्तार पूर्वक जानकारी दी । जिला खनन पदाधिकारी द्वारा रामगढ़ जिला अंतर्गत चितरपुर प्रखण्ड के भुचुंगडीह क्षेत्र में स्थित अवैध मुहानों में लगी आग की जानकारी दी गई जिस पर उपायुक्त के द्वारा पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अधिकारियों के साथ गंभीरता पूर्वक चर्चा की गई। आग पर काबू पाने को लेकर बैठक के दौरान उपायुक्त ने सीसीएल महाप्रबंधक एवं अंचल अधिकारी चितरपुर सहित अन्य अधिकारियों को आग पर काबू पाने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने विगत कुछ समय में अवैध खनन पर रोक लगाने हेतु किए गए कार्यों की सराहना करते हुए और भी प्रभावी तरीके से अवैध खनन के विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा खनन टास्क फोर्स की पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में किए गए कार्यों की जानकारी ली गई। इस दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा अवैध मुहानों को बंद करने के तहत किए गए कार्यों की जानकारी लेने के क्रम में उपायुक्त ने कहीं से भी अवैध मुहानों से खनन होने संबंधित सूचना प्राप्त होने पर त्वरित रूप से उसे अच्छी तरह बंद कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। अवैध खनन पर पूरी तरह से रोक सुनिश्चित करने एवं अवैध मुहानों की अच्छी तरह से डोजरिंग करने को लेकर उपायुक्त ने सभी संबंधित परियोजनाओं के महाप्रबंधकों एवं एरिया सिक्योरिटी ऑफीसर्स को कार्यों पर विशेष ध्यान देने एवं अवैध मुहानों से किसी भी तरह का कोई भी खनन कार्य न होने देना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने सभी अंचलाधिकारी एवं सभी थाना प्रभारी को अवैध बालू परिवहन पर पूरी तरह से रोक लगाने हेतु कई दिशा निर्देश दी गई। बैठक में प्रमंडल पदाधिकारी अपर समाहर्ता, जिला स्तरीय पदाधिकारी, प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों, विभिन्न परियोजनाओं के महाप्रबंधकों, अंचल अधिकारियों, थाना प्रभारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

एक नजर में

## हजारीबाग निबंधन कार्यालय बेहाल

हजारीबाग। एक तरफ हजारीबाग में नया समाहरणालय भवन बन चुका है, दूसरी ओर नगर निगम कार्यालय की भी भव्य इमारत खड़ी हो चुकी है। लेकिन हजारीबाग जिले का निबंधन कार्यालय आज भी उपेक्षा का शिकार है। हैरानी की बात ये है कि यही निबंधन कार्यालय हर वर्ष झारखंड सरकार को करोड़ों रुपये का राजस्व देता है, लेकिन इसकी हालत आज भी बद से बदतर बनी हुई है। दूर-दराज के गांवों से हर मौसम में, चिलचिलाती गर्मी हो या मूसलधार बारिश लोग निबंधन के लिए यहां आते हैं। लेकिन न तो बैठने की कोई समुचित व्यवस्था है, न ही पानी या छाया जैसी मूलभूत सुविधाएं। बुजुर्गों के लिए स्थिति और भी दयनीय हो जाती है, जिन्हें घंटों धूप में खड़े रहना पड़ता है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि कार्यालय अक्सर बिना किसी सूचना के बंद मिलता है। ग्रामीणों का कहना है कि वे जमीन का निबंधन कराने के लिए भारी खर्च और मेहनत उठाकर यहां आते हैं, लेकिन जब कार्यालय बंद मिलता है तो उनका सारा श्रम और पैसा व्यर्थ चला जाता है। कम से कम इस सोशल मीडिया के जमाने में, अगर कार्यालय बंद हो तो पूर्व सूचना दे दी जाए, ताकि लोग बेवजह की परेशानी से बच सकें, यह मांग अब आम हो चुकी है। राजस्व अर्जन करने वाले इस महत्वपूर्ण विभाग की अनदेखी अब असहनीय होती जा रही है। जरूरत है कि सरकार इस ओर अविलंब ध्यान दे, न केवल बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था करे, बल्कि एक आधुनिक सूचना प्रणाली भी लागू करे जिससे निबंधन से जुड़े नागरिकों को राहत मिल सके। वरना एक दिन यही जनता सवाल पूछेगी कि जो विभाग करोड़ों कमाता है, वो खुद इतनी बदहाल स्थिति में क्यों है?

## सीएटीसी-7 कैंप के लिए डीएवी के बच्चे रवाना



**बरही।** डीएवी पब्लिक स्कूल बरही के 23 चयनित बच्चे 22 झारखंड बटालियन एनसीसी के राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज सिलवार, हजारीबाग में आयोजित सीएटीसी 7 कैंप के लिए रवाना हुए। एनसीसी ऑफिसर डॉ दीपक शरण के नेतृत्व में इन सभी एनसीसी कैडेट को कैंप में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने का मौका मिलेगा। जहां उन्हें बंदूक चलाना, अनुशासन, नेतृत्व करना, परेड और आत्म सुरक्षा के विभिन्न गुण सिखाए जाएंगे। इस 10 दिवसीय कार्यक्रम में बच्चे अपने मानसिक व शारीरिक शक्तियों का उत्तरोत्तर विकास करते हुए अपने और समाज के साथ-साथ देश के लिए भी कार्यशील बन सकेंगे। विद्यालय के प्राचार्य डॉ आशुतोष कुमार मैढ़ ने कहा कि एनसीसी बच्चों के जीवन में अनुशासन के साथ-साथ कर्तव्य की भावना का भी प्रादुर्भाव करता है। जिससे यह सभी अपने जीवन में आत्म संयम बनाते हुए अपने समाज और देश के लिए सार्थक साबित हो पाएंगे। साथ ही प्राचार्य ने बच्चों के लिए मंगल कामना करते हुए कहा कि वे अपना 100 फीसदी देकर कैंप में सिखाए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रम में भाग लेकर, उसमें दक्ष बनें। जिससे वे अपने आने वाले जीवन के लिए नए-नए समस्याओं के समाधान के गुण भी सीख पाएंगे। शारीरिक और मानसिक विकास के साथ-साथ बच्चे अपने जीवन में समाज और देश की सार्थकता को अपना कर देशभक्ति के लिए स्वयं के साथ-साथ पूरे समाज को प्रेरित करेंगे।

## आम महोत्सव सह बागवानी मेला कल

**बरही।** नगर भवन में 21 जून को आम महोत्सव सह बागवानी मेला लगेगा। यह कार्यक्रम बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनाना है। इस मेले में आम की विभिन्न किस्मों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। आपको बता दें कि इस कार्यक्रम में विभिन्न पंचायतों के लाभुक भाग लेंगे और अपने आमों का प्रदर्शन करेंगे। साथ ही इस योजना के माध्यम से ग्रामीणों को न सिर्फ आम की खेती से लाभ मिलेगा, बल्कि पर्यावरण की रक्षा में भी योगदान मिलेगा। यह जानकारी बरही प्रखंड विकास पदाधिकारी जयपाल महतो ने दी है।

## बरही : उत्कर्ष अभियान के तहत लगा शिविर

**बरही।** रानीचुआंव पंचायत सचिवालय के सभागार में गुरुवार को धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, मुखिया मूर्ति देवी एवं आयुष चिकित्सक डॉ. अमन कुमार शामिल हुए। सभी अतिथियों का स्वागत फूल मालाओं से किया गया। इस दौरान जिला जिला परिषद उपाध्यक्ष यादव ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य आदिवासी समुदाय एवं अन्य लोगों को सरकारी योजनाओं से जोड़ना तथा उनके जीवन स्तर में सुधार लाना है। आदिवासी समुदाय से इस अभियान के तहत सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा जैसे महानायक के नाम पर इस योजना की शुरूआत करना एक ऐतिहासिक कदम है, जिसका उद्देश्य आदिवासी समुदाय के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना है। मौके पर उप प्रमुख किरण देवी, मुखिया प्रतिनिधि रामचंद्र टुडू, राजस्व कर्मचारी संजीव, पंचायत सचिव सरोज कुमार, सहोदर कुमार, मोहन कुमार सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## पहली बारिश में ही सड़क कीचड़ में तब्दील

**बरही।** पहली बारिश में ही बरही के जीटी रोड पंचमाधव शिवपुर मोड़ से रालो की ओर जाने वाली सड़क कीचड़ में तब्दील हो गई है। शिवपुर, गड़लाही और रालो गांव के लोगों के समक्ष आने जाने में भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। गांव के ग्रामीण बताते हैं कि कीचड़ भरी सड़क से गिरते पड़ते आने जाने पर वे मजबूर हैं। कई लोग फिसल कर घायल भी हुए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क निर्माण का कार्य संवेदक ने अधूरा छोड़ दिया है। संवेदक ने पक्की सड़क निर्माण का संविदा लिया था। यह सड़क रालो, लाठिया, धनवार, करियातपुर, कोरियाडीह समेत हजारीबाग तक जाने वाले कई गांवों को जोड़ता है। गड़लाही मोड़ के बगल में गड्ढे में जलजमाव होने से ग्रामीणों की परेशानी और बढ़ गई है। कच्ची सड़क पर नाली जाम होने से बारिश का पानी सड़क से होकर घरों में चला जाता है। ग्रामीणों ने सड़क की मरम्मत कराने और जल निकासी की व्यवस्था कराने की मांग की है। मांग करने वालों में पूरन राम, राजू रविदास, नारायण प्रजापति, बहादुर साव, राजेश पंडित, सिकंदर पंडित, धीरेंद्र कुमार यादव, दिनेश प्रजापति, राजकुमार रविदास, मनोज पंडित, प्रदीप रविदास, क्यूंम मियां, छोटू प्रजापति, दीनानाथ कुमार, मनोज दुबे, मुकेश पंडित, विनय गोप, गुंजन पंडित, रामसेवक प्रजापति, सूरज कुमार, बिनोद पंडित समेत अनेक शामिल हैं।

## दारू : झुमरा चौक बना तालाब, बढ़ीं मुसीबतें

दारू। पहली बारिश ने जहां गर्मी से राहत दी, वहीं झुमरा चौक के लोगों के लिए मुसीबत बन गई। एनएच-522 पर स्थित झुमरा चौक पर गुरुवार को जलजमाव के कारण सड़क तालाब में तब्दील हो गई। साप्ताहिक बाजार में आए खरीदार और विक्रेताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। यह समस्या नई नहीं है, हल्की बारिश में भी यहां जलजमाव हो जाता है। पिछले 10 वर्षों से यह स्थिति बनी हुई है। वर्ष 2002झ03 में तत्कालीन केंद्रीय मंत्री देवदयाल कुशवाहा ने दोनों ओर नाली निर्माण कराया था, लेकिन अब दुकानदारों ने इन नालियों को मिट्टी और मलबे से जाम कर दिया है। इसके अलावा कुछ दुकानदारों ने एनएच की जमीन पर कब्जा कर सड़क तक दुकानें फैला दी हैं, जिससे वाहन सड़क पर ही खड़े होते हैं और जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। स्थानीय लोग जनप्रतिनिधियों और प्रशासन की अनदेखी से नाराज हैं। उन्होंने दारू सीओ से अविलंब अतिक्रमण हटवाने और जल निकासी दुरुस्त कराने की मांग की है।

## योग संपूर्ण व्यक्ति का निर्माण



डॉ उषा किरण

योग अपनी शारीरिक मुद्राओं, आसनों के लिए सबसे ज्यादा जाना जाता है । योग शब्द का शाब्दिक अर्थ है ₹मिलन₹। मन और शरीर के बीच मिलन।

योग विभिन्न तरीकों से मन और शरीर को जोड़ने का एक समग्र दृष्टिकोण है। इसमें श्वास तकनीक, ध्यान, ज्ञान, जीवनशैली अभ्यास (आयुर्वेद) और निश्चित रूप से, शारीरिक आसन शामिल हैं । ये सभी मन और शरीर को उनकी उच्चतम क्षमता का एहसास कराने के लिए एक सेतु का काम करते हैं। नीचे दिए गए हमारे इन्फोग्राफि क में योग के शारीरिक आसनों के 10 अद्भुत लाभों की खोज करें, योग के शीर्ष 10 वैज्ञानिक लाभ ।

योग के लाभ

योग के शारीरिक पक्ष को समझना

पश्चिम में अब योग के इतने सारे प्रकार लोकप्रिय हो गए हैं कि यह पता लगाना मुश्किल हो सकता है कि कहां से शुरू करें या कैसे गहराई तक जाएं। हठ योग, अष्टांग योग, यिन योग, अयंगर योग और ज्ञान योग कुछ ऐसी योग शैलियाँ हैं जिनसे आप परिचित हो सकते हैं।

शुरूआती और अनुभवी लोग निम्नलिखित तीन लेखों को देखकर आसन (शारीरिक मुद्राओं) की दुनिया को सीख और बेहतर ढंग से समझ सकते हैं

शुरूआती लोगों के लिए योगः आज से शुरू करने में आपकी मदद करने के लिए एक आसान गाइड

शुरूआती लोगों के लिए योग

कवर किये गये विषयों में शामिल हैंः

क्या योग का अभ्यास करने के लिए मुझे लचीले शरीर की आवश्यकता है?

योग आसन का अभ्यास स्ट्रेचिंग या अन्य फिटनेस गतिविधियों से किस प्रकार भिन्न है?

योगाभ्यास शुरू करने के लिए शुरूआती लोगों के लिए कुछ सुझाव

योग अभ्यास के क्या लाभ हैं?

आपके शरीर और मन के लिए योग के 13 सर्वोत्तम लाभयोग अभ्यास

कवर किये गये विषयों में शामिल हैंः

नियमित योग अभ्यास से आपको मिलने वाले शीर्ष 13 लाभ

योग का निरंतर अभ्यास ही कुंजी है

विभिन्न स्वास्थ्य और फिटनेस स्थितियों के लिए योग आसन

स्वास्थ्य, लचीलेपन और आंतरिक शक्ति के लिए 50 योग आसनकोबरा मुद्रा

कवर किये गये विषयों में शामिल हैंः

50 से अधिक योग आसन, बुनियादी से लेकर उन्नत तक

योगाभ्यास के लिए उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक सुझाव

आर्ट ऑफ लिविंग योग स्टूडियो- ऑनलाइन

आपकी और अधिक सहायता करने के लिए, हमारा ऑनलाइन योग स्टूडियो निम्नलिखित कक्षाएं प्रदान करता हैः

1. योग निद्रा (योगिक नींद) - आम तौर पर योग सत्र के अंत में इसका अभ्यास किया जाता है। इसका उपयोग पुराने दर्द को कम करने या नींद में सहायता के रूप में किया जाता है।

2. सूक्ष्म योग (सूक्ष्म, सौम्य योग) - शारीरिक रूप से सीमित लोगों या लंबे समय तक अभ्यास करने में बहुत व्यस्त लोगों के लिए यह एकदम सही है। यह तब भी बहुत बढ़िया है जब आप यात्रा कर रहे हों या ऑफिस में हों।

3. सूर्य नमस्कार - ऊर्जा देने वाले आसनों की एक श्रृंखला जो एक संपूर्ण कसरत है। सुबह के समय इसका अभ्यास करना सबसे अच्छा है।

4. योग थेरेपी - एक पुनर्स्थापनात्मक योग अभ्यास जो आम तौर पर शरीर के एक क्षेत्र पर केंद्रित होता है।

क) रीढ़ की देखभाल

ख) गर्दन और कंधे की देखभाल

ग) घुटने की देखभाल

योग क्या नहीं है?

बकरी योग

इन दिनों, ऐसा लगता है कि हर कोई शास्त्रीय योग को लेकर एक नया मोड़ ले रहा है। आधुनिक योग की दुनिया कितनी विस्तृत है, इसे देखते हुए, आइए हम इस बारे में स्पष्ट हो जाएं कि योग क्या है और क्या नहीं है।

योग कोई धर्म नहीं है। योग का अभ्यास मानव शरीर वाला कोई भी व्यक्ति कर सकता है।

योग कोई विश्वास प्रणाली नहीं है । यद्यपि योग दर्शन उपलब्ध है, लेकिन योग का अभ्यास करने और उससे लाभ उठाने के लिए आपको किसी भी चीज पर विश्वास करने की आवश्यकता नहीं है।

योग को तोड़-मरोड़ कर करना योग नहीं है । घुड़सवारी योग, बीयर योग और इसी तरह के तथाकथित ₹योग₹ सही मायने में योग नहीं हैं।

ये योग कक्षाएं योग आसनों की दुनिया से उधार ली गई हो सकती हैं, लेकिन पशु और शराब जैसे अन्य तत्व प्रामाणिक योग के अनुरूप नहीं हैं।

**योगिक ज्ञान की दुनियायोग दर्शन :** योग की उत्पत्ति का पता दस हजार साल से भी ज्यादा पहले लगाया जा सकता है। पतंजलि के योग सूत्र सबसे लोकप्रिय प्राचीन ग्रंथों में से एक है जो योग पर अंतर्दृष्टि प्रदान करता है। पतंजलि गहन योग दर्शन और योग अभ्यास दोनों की व्याख्या करते हैं। स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती के प्रति योग का दृष्टिकोण शरीर, मन और आत्मा की सामंजस्यपूर्ण भागीदारी को बढ़ावा देता है। योग सूत्रों में, पतंजलि ने इस आठ-मार्ग को ₹ अष्टांग योग ₹ कहा है। अष्ट का अर्थ है आठ, और अंग का अर्थ है अंग।

योग के आठ अंग हैंः


1. सामाजिक नैतिकता ( यम )
2. शारीरिक और मानसिक स्वच्छता ( नियम )
3. आसन या मुद्राएँ ( आसन )
4. श्वास व्यायाम ( प्राणायाम )
5. इंद्रियों को भीतर की ओर खींचना ( प्रत्याहार )
6. सहज एकाग्रता की कला ( धारणा )
7. ध्यान ( ध्यान )
8. समता ( समाधि )

योग की जीवनशैली मार्गदर्शिका, आयुर्वेदपौष्टिक भोजन

योग और आयुर्वेद प्राचीन ग्रंथों से निकले हुए बहन विज्ञान हैं जिन्हें वेद कहा जाता है। जब इन दोनों को एक साथ मिला दिया जाता है, तो दोनों के लाभ कई गुना बढ़ जाते हैं। आयुर्वेद एक संस्कृत शब्द है जिसका अर्थ है जीवन का ज्ञान। आयुर्वेद प्रत्येक व्यक्ति की ऊर्जा संरचना के आधार पर व्यक्तिगत स्वस्थ आहार, जड़ी-बूटियों, विशिष्ट बीमारियों के लिए उपचार और व्यायाम की सिफारिश करके एक निवारक दृष्टिकोण अपनाता है।

(विभागाध्यक्ष संस्कृत विभाग महिला कॉलेज रांची)

## योगः जीवन जीने का सर्वोत्तम अनुशासन



- योगगुरु मुक्तरथ



युद्ध के क्षेत्र में भी योग के कौशल को परखा जा चुका है। प्राचीनकाल में भी और अवार्चीनकाल में भी

-- स्वामी मुक्तरथ अध्यक्ष, सत्यानन्द योग मिशन राँची

11 वाँ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पूर्वाभ्यास ,मुक्तरथ जी ने कहा -

योग बहुत शक्तिशाली विद्या है, यह तंत्र से निकली हुई एक शाखा है जिसके प्रथम गुरु भगवान शिव हैं।

वैज्ञानिक प्रमाणिकता के साथ योग को सिद्ध करने वाले वर्तमान युग के प्रथम गुरु बिहार योग विद्यालय मुंगेर के संस्थापक परमहंस स्वामी सत्यानन्द सरस्वती हुए जिन्होंने सम्पूर्ण विश्व में योग को स्थापित किये। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस इन्हीं योगियों के प्रयायुद्ध के क्षेत्र में भी योग के कौशल को परखा जा चुका है।प्राचीनकाल में भी और अवार्चीनकाल में भी

-- स्वामी मुक्तरथ अध्यक्ष, सत्यानन्द योग मिशन राँची

11 वाँ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पूर्वाभ्यास ,मुक्तरथ जी ने कहा -

योग बहुत शक्तिशाली विद्या है, यह तंत्र से निकली हुई एक शाखा है जिसके प्रथम गुरु भगवान शिव हैं।

वैज्ञानिक प्रमाणिकता के साथ योग को सिद्ध करने वाले वर्तमान युग के प्रथम गुरु बिहार योग विद्यालय मुंगेर के संस्थापक परमहंस स्वामी सत्यानन्द सरस्वती हुए जिन्होंने सम्पूर्ण विश्व में योग को स्थापित किये। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस इन्हीं योगियों के प्रयास का फल है।

योग के प्रभाव को प्राचीनकाल से हमलोग देख रहे हैं, जब भारत के सात ऋषियों के नाम पर आकाश के सात तारों का नाम पड़ा था जिसेस का फल है।

योग के प्रभाव को प्राचीनकाल से हमलोग देख रहे हैं, जब भारत के सात ऋषियों के नाम पर आकाश के सात तारों का नाम पड़ा था जिसे हम सप्तऋषि के नाम से जानते हैं। गौरव की बात यह है कि वर्तमान समय में भी नाशा ने शिवानंद गुरु-शिष्य परम्परा के तीन योगियों के नाम से आकाश के तीन तारों का नामकरण कर दिया है जो हैं स्वामी शिवानंद, स्वामी सत्यानन्द और स्वामी निरंजनानन्द।

महाभारत के युद्ध में जब अर्जुन विषाद में पड़ा था तो भगवान कृष्ण ने इसी योग की शिक्षा को देकर उन्हें अवसाद से मुक्ति दिए थे और युद्ध कौशल में रणविजय बनाये थे और इस काल में जब डॉ एपीजे अब्दुल कलाम डिप्रेशन में फँसे तो शिवानंद का योग उन्हें महान वैज्ञानिक बना दिया।

### युद्धक्षेत्र में योग के प्रभाव को कारगिल युद्ध में देखा जा चुका है।

दानापुर मिलिट्री छावनी में बिहार योग विद्यालय के संन्यासियों के द्वारा सैनिकों का दो दल बनाकर एक को योग और दूसरे को व्यायाम कराया जाता था। संयोग से कारगिल वॉर में योग करने वाले दल को वहाँ भेजा गया जो बेहद ही कारगर सिद्ध हुआ। इन सैनिकों का हृदय गति, श्वांस की क्षमता बहुत अच्छी थी,इनकी मारक क्षमता यानी निशाना बहुत अच्छा था और स्टेमिना भी ज्यादा देर तक बनी रहती थी।

आज तो योग की उपयोगिता और भी बढ़ गई है क्योंकि अब न तो बच्चे साइकिल चलाते हैं न ही फुटबॉल खेलते हैं और न ही संतुलित भोजन करते हैं। यानि अब लगभग लोगों का शारीरिक श्रम नही होता है। शारिरिक श्रम नहीं होने से न तो लोग थकते हैं और न ही उन्हें अच्छी नींद आती है। जीवनशैली बिल्कुल खराब होते जा रही है, मोबाईल की आदत आँखों को दिमाग को और नींद को बर्बाद कर रही है। ऐसे में कुछ शारिरिक व्यायाम और प्राणायाम, मेडिटेशन,जल नेति तथा ध्यान करने की आवश्यकता है।

योग को जीवन के प्रारंभिक काल में शुरू कर देना चाहिए। स्वामी मुक्तरथ के अनुसार शारिरिक शौष्ठव और मोरल को डेवलप किये बगैर अच्छा इंसान बनना कठिन है। बच्चों को नियमित रूप से योग करना चाहिए। हर गार्जियन का यह कर्तव्य बनता है कि बच्चों को प्रातःकाल में योगाभ्यास करने की प्रेरणा को जागृत करें, उन्हें योग करने की सुविधा दें तभी आप के बच्चे में संस्कार का संवर्धन होगा।

योग के जनकःपरमहंस स्वामी सत्यानंद सरस्वती

ग्यारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर हमारे सत्यानन्द योग मिशन के कार्यक्रम-

झारखंड उच्च न्यायालय, न्यू कैम्पस,धुर्वा,राँची; न्यायिक अकादमी राँची; व्यवहार न्यायालय राँची; वीएमआईटी पॉलिटेक्निक तुपुदाना राँची; उषामार्टिन कम्पनी, टाटीसिल्वे; डीएवी कपिलदेव, डीएवी बरियातू, डीएवी गाँधीनगर, डीएवी निरजा सहाय काँके, सत्यानंद योग मिशन केंद्र,बसंत बिहार कॉलोनी, काँके रोड, एवं अन्य स्थानों पर भी आयोजित किये जाते है। निश्चित तौर पर योग को योगानंद मिशन के माध्यम से पूरे राज्य में विस्तार का काम परम गुरुदेव के आदेश पर चल रहा है।

## योग और उपयोग

जग्गी वासुदेव

**दरअसल** योग नहीं उप-योग हैं। क्या हैं ये उप-योगः ये उप-योग आसानी से किए जा सकने वाले मूवमेंट्स हैं जिन्हें 7 साल से ऊपर का कोई भी व्यक्ति कर सकता है। इन्हें कहीं भी, किसी भी समय किया जा सकता है। योग गुरु द्वारा इन सरल योगाभ्यासों को 7 भागों में बांटा गया है। हर एक योग करने के लिए अधिकतम 5 मिनट का समय लगता है।

हर्निया की प्रॉब्लम या प्रेग्नेंसी के शुरुआती महीनों में अवॉइड करें।

**योग क्या है?**

योग का अर्थ है जोड़ना. जीवात्मा का परमात्मा से मिल जाना, पूरी तरह से एक हो जाना ही योग है। योगाचार्य महर्षि पतंजलि ने सम्पूर्ण योग के रहस्य को अपने योगदर्शन में सूत्रों के रूप में प्रस्तुत किया है। उनके अनुसार, चित्त को एक जगह स्थापित करना योग है।

**अष्टांग योग क्या है?**

हमारे ऋषि मुनियों ने योग के द्वारा शरीर मन और प्राण की शुद्धि तथा परमात्मा की प्राप्ति के लिए आठ प्रकार के साधन बताएं हैं, जिसे अष्टांग योग कहते हैं..ये निम्न हैं- यम नियम आसन प्राणायाम । प्रात्याहार धारणा ध्यान समाधि आसान से तात्पर्य शरीर की वह स्थिति है जिसमें आप अपने शरीर और मन को शांत स्थिर और सुख से रख सकें। स्थिरसुखमासनमः सुखपूर्वक बिना कष्ट के एक ही स्थिति में अधिक से अधिक समय तक बैठने की क्षमता को आसन कहते हैं। योग शास्त्रों के परम्परानुसार चौरासी लाख आसन हैं और ये सभी जीव जंतुओं के नाम पर आधारित हैं। इन आसनों के बारे में कोई नहीं जानता इसलिए चौरासी आसनों को ही प्रमुख माना गया है। और वर्तमान में बत्तीस आसन ही प्रसिद्ध हैं।आसनों को अभ्यास शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक रूप से स्वास्थ्य लाभ एवं उपचार के लिए किया जाता है।आसनों को दो समूहों में बांटा गया हैः- गतिशील आसान स्थिर आसान गतिशील आसन- वे आसन जिनमे शरीर शक्ति के साथ गतिशील रहता है.स्थिर आसन- वे आसन है जिसमें मन की स्थिरता प्राप्त होती है और गतिशील आसान वे है जिनसे शरीर मजबूत और कठिन स्थितियों को झेलने लायक होता है।

**योग और ध्यान के बीच संबंध**

किसी भी योगाभ्यास के शौकीन व्यक्ति से आसन अभ्यास के दौरान उनके अनुभव के बारे में पूछें, तो वे संभवतः अपने आंतरिक अनुभव के बारे में बताएंगे। शांत, ध्यानपूर्ण मन शारीरिक मुद्राओं में ध्यानपूर्वक रहने का प्रत्यक्ष परिणाम है। शरीर पर पूरा ध्यान केंद्रित करके, इंद्रियों को अंदर की ओर खींचकर, ध्यान सहजता से होता है।

हम उस ध्यानात्मक अनुभव को अधिकतम और गहरा कैसे कर सकते हैं? अपने नियमित योग अभ्यास के अंत में सहज समाधि जैसी ध्यान तकनीक का उपयोग करने से आप सहज रूप से ध्यान में गहराई तक जा सकते हैं।

शरीर से भी अधिक सूक्ष्म है श्वासगहरी सांस लेना

योग शिक्षक अक्सर अपने योग अभ्यास में योगिक श्वास को शामिल करते हैं। मन और शरीर को जोड़ने का सबसे आसान तरीका श्वास है। मन, शरीर और श्वास के बीच यह संबंध योग के लाभों की पूरी दुनिया को फलित करता है।

यहां कुछ ऐसी बातें बताई गई हैं जिनका अनुभव आप तब कर सकते हैं जब आपकी सांस की शक्ति का उपयोग योग (एकता) के लिए किया जाता है।

कम पुराना दर्द, मानसिक स्वास्थ्य में सुधार

जल्दी सो जाने की क्षमता ,बेहतर शारीरिक स्वास्थ्य

शारीरिक ऊर्जा में वृद्धि, बेहतर तनाव प्रबंधन

स्वस्थ वजन घटाना, अधिक मानसिक ध्यान

बढ़ी हुई आशावादिता, सांस का योग

यदि आप अपने योग अनुभव को अगले स्तर पर ले जाने में रुचि रखते हैं, तो हम श्वास और ध्यान के सर्वोत्तम संयोजन को एक शक्तिशाली तकनीक में प्रस्तुत करते हैं - स्काई ब्रीद मेडिटेशन। तीन दिनों तक प्रतिदिन केवल कुछ घंटों के प्रशिक्षण में आप कुछ हल्का योग करेंगे, रङ के साथ कुछ श्वास तकनीक सीखेंगे, तथा कुछ व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त करेंगे।

## योग, बोध, बुद्ध और योगेश्वर कृष्ण



रानी राज

**योगियों** की दुनिया विचित्र है। अद्भुत रहस्यों से भरी हुई। जिसे बिना समझे विचारे आँकना वैसा ही है जैसे काले गौगल्स पहन कर प्रकाश की न्यूनता पर टिप्पणी करना। और याद रहे, श्री कृष्ण योगेश्वर हैं–समस्त योग व योगियों के ईश्वर।

श्री कृष्ण के परे क्या?

जब श्री कृष्ण को योगेश्वर कहते हैं तो हमें उन्हें योग व योगियों का ईश्वर मानना ही होगा। उनसे बड़ा कोई नहीं, वे स्वयं कहते हैं मत्तः परतरं नास्ति कीन्चित अस्ति धनन्जय– मुझसे परे व बड़ा कोई नहीं, कोई नहीं, धनन्जय। तो अपने को विशिष्ट क्यों समझते हो? जब तक यह आत्म विशिष्टता रहेगी, तब तक आप आध्यात्म से कोसों दूर हो, भलेही सारा दिन राम-राम रटते हो। मैं और मेरा के वन में तुम्हारा राम भटक रहा है। ये मैं और मेरा जब



भगवान के लिये हो जाता है तो आप अथाह समुद्र में कूप की भाँति हो जाते हो–यह समुद्र मैं हूँ या कहो मैं समुद्र में हूँ अब एक ही बात हो जाती है। यह ईश्वर मैं हूँ या मैं ईश्वर में हूँ में कहां अनंतर है। हाँ, एक को अद्वैत कहते हैं और दूसरे को भक्ति भाव और मेरे स्पष्टता के इस प्रयास को ज्ञान कहेंगे व इसके क्रीयान्वयन को योग। बात एक ही है, इसलिये भाषा के भेद जाल में ना फँसकर, सहजता से आत्मभाव में स्थिर रहो। जैसे गाड़ीवान के बैल को मारने पर रामकृष्ण परमहंस करहा कर गिर गये और उनकी पींठ पर डण्डे के निशान उभर आये। यह है आत्मभाव, जो शृष्टि के कण-कण के साथ आपकी सहज एकात्मता को अभिव्यक्त करता है। यही है श्री कृष्ण के कथन–**सर्वभूतस्थत्मात्मानं सर्वभूतानि चात्मनि।**

**ईक्षते योगयुक्तात्मा सर्वत्र समदर्शनः।।** का सही अर्थ। मात्र कहने के लिये समदर्शन नहीं, उसे प्रत्यक्ष जीना है समदर्शन। यह तभी सम्भव है जब आप सकल ब्रह्माण्ड के साथ एकात्मा हों, कहने के लिये नहीं, वास्तव में, प्रत्यक्ष रूप से। परन्तु अपने परिवार में ही तुम्हारा छोटा-मोटा समभाव है, उसके परे नहीं। कुछ एक का जीवों के साथ है पर समस्त जीवों के साथ नहीं। कोई कुत्ता देख बिदकता है, कोई साँप देख, कोई कौकरोच देख, और कोई छिपकली देख। वाह रे, तुम्हारा समभाव! अपने बच्चे और पत्नि से परे जा ही नहीं पाता है, और करुणावश चला भी जाए तो, वह दो पल से अधिक नहीं ठहरता, और भगवान को भजते हो, जिसका सबमें समभाव है। ये द्वन्द्व ही तुम्हें ईश्वर के सही स्वरूप से दूर रखे है। ईश्वर बस हमारे परिवार को आगे बढ़ाये, उसकी रक्षा करे और दूसरे का परिवार जाये भाड़ में । वाह रे आपका आध्यात्मिक ज्ञान।

**बोध व बुधत्त्व**

जितना तुम्हारा बोध है उतने बुद्ध तुम हो। अपने बुद्धत्व को जाने बिना आप बुद्ध को नहीं समझ सकते। अपने बुद्धत्व को नकार कर किसी बाहरी बुद्ध की खोज तुम्हें अपने तक लाती रहेगी जब तक कि तुम स्वयं अपने बुद्धत्व को नहीं समझ लेते। अपनी बुराइयों को जानकर उनसे मुक्त होने का भाव बोध है।उनसे मुक्त हो जाना बुद्धत्व है। इसे जो शत प्रतिशत करता है, वह महावीर है, और जो हृदय से करने का प्रयास कर रहा है, वह संघ गामी है। संघ गामी का आशय, बुद्ध के भौतिक संघ की ओर गमन करने वाला नहीं, वरन् प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष बुद्ध के सत्संग में जाने वाला है। सत्संग की सही व्यख्या श्री कृष्ण ने मच्चित्ता मद्गतप्राणा बोधयन्तः परस्परंह्व सूत्र द्वारा की है। संघ सत्संग है। जो मुझमें चित्त व अपनी ऊर्जा को लगाते हुये परस्पर मेरी ही बात करते हैं वे मां नित्यं तुष्यन्ति च रमन्ति च –मुझमें, मेरे साथ ही सन्तुष्ट रहते हुये रमण करते हैं। यह है बुद्ध शरणं गच्छामि का सही अर्थ।

## योग से जीवन को सुखमय बनाया जा सकता है

जीवीएस शास्त्री

**शंखप्रक्षालन** की एक क्रिया है। सभी प्रकार के उदर रोग तथा कब्ज मंदागिनी, गैस, अम्ल पित्त, खट्टी-खट्टी डकारों का आना एवं बवासीर आदि निश्चित रूप से दूर होते हैं। आंत, गुर्दे, अग्नाशय तथा तिल्ली सम्बन्धी सभी रोगों में लाभप्रद है। सर्वांगासन सर्वांगासन स्थितिः- दरी या कम्बल बिछाकर पीठ के बल लेट जाइए.

विधिः-दोनों पैरों को धीरे -धीरे उठाकर 90 अंश तक लाएं. बाहों और कोहनियों की सहायता से शरीर के निचले भाग को इतना ऊपर ले जाएँ की वह कन्धों पर सीधा खड़ा हो जाए। पीठ को हाथों का सहारा दें .. हाथों के सहारे से पीठ को दबाएं . कंठ से ठुड्ठी लगाकर यथाशक्ति करें फिर धीरे-धीरे पूर्व अवस्था में पहले पीठ को जमीन से टिकाएं फिर पैरों को भी धीरे-धीरे सीधा करें। लाभः- थायराइड को सक्रिय एवं स्वस्थ बनाता है। मोटापा, दुर्बलता, कद वृद्धि की कमी एवं थकान आदि विकार दूर होते हैं। लाभः मोटापा कम करने के आयुर्वेदिक उपाय एड्रिनल, शुक्र ग्रंथि एवं डिम्ब ग्रंथियों को सबल बनाता है। स्वस्तिकासन

योग ज्ञान



स्थितिः- स्वच्छ कम्बल या कपडे पर पैर फैलाकर बैठें। विधिः- बाएं पैर को घुटने से मोड़कर दाहिने जंघा और पिंडली ( घुटने के नीचे का हिस्सा) और के बीच इस प्रकार स्थापित करें की बाएं पैर का तल छिप जाये उसके बाद दाहिने पैर के पंजे और तल को बाएं पैर के नीचे से जांघ और पिंडली के मध्य स्थापित करने से स्वस्तिकासन बन जाता है। ध्यान मुद्रा में बैठें तथा रीढ़ सीधी कर श्वास खींचकर यथाशक्ति रोकें।इसी प्रक्रिया को पैर बदलकर भी करें।

लाभः- पैरों का दर्द, पसीना आना दूर होता है। पैरों का गर्म या ठंडापन दूर होता है.. ध्यान हेतु बढ़िया आसन है।

**गोमुखासन गोमुखासनविधिः-**

दोनों पैर सामने फैलाकर बैठें। बाएं पैर को मोड़कर एड़ी को दाएं नितम्ब के पास रखें। दायें पैर को मोड़कर बाएं पैर के ऊपर इस प्रकार रखें की दोनों घुटने एक दूसरे के ऊपर हो जाएँ।

दायें हाथ को ऊपर उठाकर पीठ की ओर मुडिए तथा बाएं हाथ को पीठ के पीछे नीचे से लाकर दायें हाथ को पकड़ें.. गर्दन और कमर सीधी रहे। एक ओऱ से लगभग एक मिनट तक करने के पश्चात दूसरी ओऱ से इसी प्रकार करें। जिस ओऱ का पैर ऊपर रखा जाए उसी ओऱ का (दाए/बाएं) हाथ ऊपर रखें.

लाभः- अंडकोष वृद्धि एवं आंत्र वृद्धि में विशेष लाभप्रद है। धातुरोग, बहुमूत्र एवं स्त्री रोगों में लाभकारी है। यकृत, गुर्दे एवं वक्ष स्थल को बल देता है। संधिवात, गाठिया को दूर करता है। गोरक्षासन विधिः- दोनों पैरों की एडी तथा पंजे आपस में मिलाकर सामने रखिये। अब सीवनी नाड़ी (गुदा एवं मूत्रेन्द्रिय के मध्य) को एडियों पर रखते हुए उस पर बैठ जाइए। दोनों घुटने भूमि पर टिके हुए हों।हाथों को ज्ञान मुद्रा की स्थिति में घुटनों पर रखें लाभः- मांसपेशियो में रक्त संचार ठीक रूप से होकर वे स्वस्थ होती है। मूलबंध को स्वाभाविक रूप से लगाने और ब्रम्हचर्य कायम रखने में यह आसन सहायक है। इन्द्रियों की चंचलता समाप्त कर मन में शांति प्रदान करता है. इसीलिए इसका नाम गोरक्षासन है।

**अर्द्धमत्स्येन्द्रासनविधिः-**

दोनों पैर सामने फैलाकर बैठें. बाएं पैर को मोड़कर एडी को नितम्ब के पास लगाएं। बाएं पैर को दायें पैर के घुटने के पास बाहर की ओऱ भूमि पर रखें। बाएं हाथ को दायें घुटने के समीप बाहर की ओऱ सीधा रखते हुए दायें पैर के पंजे को पकडें। दायें हाथ को पीठ के पीछे से घुमाकर पीछे की ओऱ देखें।

कार्टून वर्ल्ड



# हिंडालको कर्मचारी सहकारिता साख सहयोग समिति लिमिटेड मुरी का 42वां वार्षिक आमसभा का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मुरी।** हिंडालको एलुमिना क्लब में हिंडालको कर्मचारी सहकारिता साख सहयोग समिति लिमिटेड मुरी का 42वां वार्षिक आमसभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संदीप आर पाटिल एवं संचालन देबू माझी ने किया। कार्यक्रम से मुख्य रूप से हिंडालको एच आर अरुण रॉय उपस्थित थे। उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि 42 वां वार्षिक आम सभा में, सदस्यों ने समिति के कामकाज की समीक्षा की और भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श किया। यह सभा समिति के सदस्यों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है, जहां वे अपने विचारों और सुझावों को साझा कर सकते हैं। इस सभा में, सदस्यों ने समिति के भविष्य के लिए कुछ महत्वपूर्ण निर्णय भी लिए। इन निर्णयों में समिति के विकास और सदस्यों के कल्याण के लिए योजनाएं शामिल हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संदीप आर पाटिल ने समिति के अध्यक्ष ने समिति की लेखा-जोखा का अंकक्षेण प्रतिवेदन वर्ष 2021-2022, 2022-2023, 2023-2024 तक विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि हिंडालको कर्मचारी सहकारिता साख सहयोग समिति लिमिटेड की 42 वां वार्षिक आम सभा एक सफल कार्यक्रम था, जिसने सदस्यों को एक साथ लाया और समिति के भविष्य के लिए एक मजबूत नींव रखी। वही समिति के सचिव महावीर महतो ने कहा कि अपने सदस्यों की विभिन्न आवश्यकतों की पूर्ति करते आ रहे हैं एवं उनके विपरित स्थितियों में भी आर्थिक कठिनाईयों का समाधान करने के लिए प्रयासरत हैं। जैसे आकस्मिक निधन, विवाह आदि स्थितियों में हमने पूर्णतः सहयोग करने का कोशिश किए है। लाभांश का वितरण हम बहुत जल्द ही करने जा रहे है। इन तीनों वर्षों में हमनें नौ प्रतिशत की दर से लाभांश को वितरण करेगें एवं एक आकर्षक उपहार भी आप लोगों के बीच वितरित करेगें। समिति में 25 वर्ष तक सदस्य बनने पर 38 सदस्यों को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया।




### कार्यक्रम से पूर्व अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया

इस मौके पर समिति के उपाध्यक्ष अभिजीत सेन, हिंडालको सिस्टम हेड अतुल श्रीवास्तव, प्रोडक्शन हेड प्रशांतो बॉस, टेक्निकल हेड सागर एस पंडित, प्रोजेक्ट हेड अंजनी कुमार, सुरेश महतो उपेंद्र महतो, दिलीप कुमार,निर्मल महतो, रामेश्वर महतो, नीरज महतो, संजय कुमार, प्रवीण कुमार महतो समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## छत का प्लास्टर गिरा, बाल-बाल बचा परिवार



**खलारी।** सीसीएल उत्तरी कर्णपुरा क्षेत्र अंतर्गत डकरा स्थित मल्टी स्टोरी सेंट्रल कॉलोनी में बड़ा हादसा उस वक्त टल गया जब हाल ही में मरम्मत किए गए क्वार्टर की छत का प्लास्टर अचानक गिर पड़ा। लेखापाल अभिषेक गुप्ता के क्वार्टर संख्या बी-245 में यह घटना उस समय हुई जब परिवारजन घर के अंदर मौजूद थे। इस हादसे में उनकी माता बाल-बाल बचीं। घटना के बाद से पूरा परिवार दहशत में है। बताया जा रहा है कि इस क्वार्टर की मरम्मत कुछ ही दिन पूर्व ओवरसियर विश्वजीत की निगरानी में पूरी की गई थी। लेकिन महज दो दिन की बारिश में ही छत का प्लास्टर टूटकर गिर गया, जिससे मरम्मत कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। घटना को लेकर राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन एनके एरिया के सचिव एवं क्षेत्रीय सलाहकार समिति के सदस्य सुनील कुमार सिंह ने नाराजगी जताई है। उन्होंने इस घटना को सिविल विभाग की घोर लापरवाही बताते हुए आवासों की गुणवत्ता जांच कराने की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने अमला अधिकारी सिविल को पत्र लिखकर पूरे क्षेत्र में हुई मरम्मत कार्यों का निरीक्षण कराने की मांग की है। इस पत्र सुनील कुमारसिंह ने लिखा कि काफी आग्रह के बाद आवासों की मरम्मत कराई गई थी, लेकिन दो दिन की बारिश ने ही कार्य की गुणवत्ता की पोल खोल दी। यह स्थिति चिंताजनक है। यदि समय रहते सुधार नहीं हुआ, तो किसी दिन बड़ा हादसा हो सकता है। इधर मल्टी स्टोरी इमारत में कार्यरत अन्य कर्मचारियों के बीच भय और आक्रोश का माहौल है। उनका कहना है कि जब मरम्मत के कुछ दिन बाद ही प्लास्टर गिर सकता है, तो अन्य हिस्सों की स्थिति क्या होगी, इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। लोगों ने निर्माण कार्यों में पारदर्शिता और उच्च गुणवत्ता की मांग की है। इस घटना ने एक बार फिर सीसीएल के सिविल विभाग की कार्यप्रणाली और जवाबदेही पर सवाल खड़ा कर दिया है। अब देखना होगा कि प्रबंधन इस मामले में क्या कार्रवाई करता है।

## भारी बारिश के कारण जनजीवन अस्त्र-व्यस्त

**मुरी/सिल्ली।** सिल्ली मुरी आसपास के क्षेत्र मे पिछले तीन-चार दिनों से लगातार हो रही भारी बारिश के कारण लोगों का जीवन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो गया है। स्वर्ण रेखा नदी समेत कई जलाशय उफान पर हैं।वहीं अवरुद्ध नालों का पानी सड़कों पर आ गए हैं जिससे आम जनता परेशान हो गए हैं। लोग बाजारों में कम निकले जिससे व्यवसायियों का व्यापार में भी प्रतिकूल असर रहा।कई स्कूल बंद रहे और बैंकों में भीड़ बिल्कुल न के बराबर थी। कई दुकानदार ग्राहकों की इंतजार में बैठे रहे परंतु बाजार में चहल-पहल बिल्कुल नहीं थी। बिजली व्यवस्था भी चरमरा गई है जिसका असर बच्चों की पढ़ाई और कुटीर उद्योग में पड़ रहा है।

# भारी बारिश ने तोड़ी बेड़ो प्रखंड के किसानों की कमर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड क्षेत्र के सभी 17 पंचायत के सभी 76 गांवों के सैकड़ों किसान दो दिनों से हो रही लगातार बारिश से बबार्दी के कगार पर पहुंच गए हैं। प्रखंड में बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ है। वहीं अन्नदाता किसान की फसलें बर्बाद हो गई हैं। एक भी ऐसा कोई गांव नहीं जहां जलजमाव की स्थिति उत्पन्न नहीं हुई हो। वहीं खून पसीने की हाड़तोड़ मेहनत को एक ही झटके में बर्बाद होते देख किसान हताश, निराश और परेशान हैं। उन्होंने शासन प्रशासन से बर्बाद हुई फसलों की मुआवजे की मांग की है।इधर तीन महीना पहले 21 मार्च को हुई ओलावृष्टि से किसान पहले ही बेहाल था। इससे हुए नुकसान के बाद बाकी बची फसल को किसान ने संभालने और बचाने के काफी प्रयत्न किए थे। इससे अभी तक किसान उबरे भी नहीं थे कि दो दिनों से हो रही भारी बारिश के कारण किसान की रही सही बाकी फसलें भी बर्बाद हो गई हैं। इससे खेतों में तैयार गोभी, फ्रेंचबीन,टमाटर, लौकी,मिर्चा व करैला समेत कई लत्तर वाली सब्जियों की फसलें खेतों में ही गल गए। जिससे सब्जी वाली फसलों को भारी नुकसान हुआ है। किसानों का कहना है कि बेड़ो,नगड़ी टोली, ईंटा चिन्द्री, चरिमा, घाघरा, करांजी, जरिया, टेंगरिया, खत्रीखटंग, टेरो, डहुटोली, पुरियो, फादिलमर्चा, केशा व जरिया समेत कई गांवों में फसलें बर्बाद हुई हैं। क्षेत्र के किसानों ने प्रखंड प्रशासन से बर्बाद फसलों का मुआवजा दिए जाने की मांग की है।



टेंगरिया गांव में खेतों पर जलमग्न हुई मिर्ची की फसल।



टेंगरिया गांव में जलमग्न हुई झिंगी की फसल।



जरिया गांव में जलमग्न खेत और प्रभावित फसलें।

### खेत हुए पानी-पानी ...

प्रखंड क्षेत्र में दो दिनों की बारिश से खेतों में लबालब पानी भर गया है। जिससे सब्जी की फसल बर्बाद हो गई है। खेतों में पानी-पानी हो गया है। प्रखंड के किसान ब्रजेश महतो,भीम महतो, राजू महतो, इंद्रजीत महतो, मनोहर बैक, सुशांत बेक, बिगा उरांव,ब्रजेश महतो, बजरंग महतो,बुधनाथ महतो व पवन महतो ने बताया कि भारी बारिश ने किसानों की कमर को पूरी तरह से तोड़ दिया है। किसानों के पास धान बीज खरीदने तक का पैसे नहीं हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि पिछले मार्च महीने में हुई ओलावृष्टि तक का मुआवजा उन्हें अभी तक नहीं मिला है।उन्होंने प्रखंड प्रशासन से तत्काल मुआवजे की मांग की है।

## लगातार हो रही बारिश से कई घर ध्वस्त, सिंचाई कूप हुए जमीदोज

मांडर/चान्हो। पिछले तीन दिनों से लगातार हो रहे मूसलाधार बारिश के कारण क्षेत्र में कई मकान ध्वस्त हो गया है। साथ ही चोरेया निवासी कुद्दूस सारी का कुआं ढह गया और म सिंचाई मशीन कुएं में समा गया। मांडर प्रखंड अंतर्गत ग्राम कुरकुरा के रहने वाले रयन्ती देवी पति मनोज गिरी का मकान बारिश में गिर गया है। वहीं चान्हो प्रखंड के चोरेया गांव में सनाउल्लाह खान का घर और दुर्गा साहू का घर बारिश के कारण गिर गया।

**प्रशासन से मुआवजे की आस :** रयन्ती देवी ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। उन्होंने कहा कि वे अपने परिवार के लिए दोबारा मकान बनाने के लिए आर्थिक रूप से असमर्थ हैं। प्रशासन से उन्हें उम्मीद है कि वे उनकी मदद करेंगे और उन्हें मुआवजा प्रदान करेंगे।

## गेतलसूद डैम का जलस्तर बढ़ने के बाद रेडियल गेट खोलकर बहाया जा रहा पानी



**सिकिदिरी।** गेतलसूद डैम का जलस्तर बढ़ने के बाद गुरुवार की शाम छह बजे रेडियल गेट संख्या चार को आधा फीट खोलकर पानी बहाया जा रहा है। लगातार बारिश से स्वर्णरेखा नदी में पानी की आवक बढ़ने से गेतलसूद डैम का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। बुधवार की सुबह छह बजे जलस्तर 22 .40 फीट के बाद 36 घंटे के बाद गुरुवार की शाम छह बजे जलस्तर 28 .50 फीट हो गया। 36 घंटे में जलस्तर आठ फीट बढ़ गई है। लगातार जलस्तर में बढ़ोतरी को देखते हुए विभाग के अभियंता ने शाम छह बजे रेडियल गेट खोलकर पानी बहाने का निर्णय लिया ताकि अचानक जलस्तर बढ़ने से इसको नियंत्रित करना मुश्किल होगा। जल पथ प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता जॉन बोदरा,कनीय अभियंता प्रभात कुमार और विवेक कुमार जलस्तर पर लगातार नजर बनाए हुए है। कार्यपालक अभियंता ने बताया कि पानी के आवक की दर से इसका निष्कासन करने से जलस्तर स्थिर बना रहेगा। जलस्तर पर लगातार नजर रखा जा रहा है। आवश्यकता पड़ने पर और भी रेडियल गेट खोले जा सकते है। मालूम हो कि खतरे का निशान 36 फीट है।

## हुंडरू फॉल में पर्यटन कर्मियों ने चलाया नशापान के विरुद्ध जन जागरुकता अभियान



**सिकिदिरी।** हुण्डरू जलप्रपात पर्यटन स्थल में गुरुवार को पर्यटक मित्रों ने मादक पदार्थ व नशापान के विरुद्ध जन जागरुकता अभियान चलाया। पर्यटक मित्रों व दुकानदारों ने मादक पदार्थ व नशापान के खिलाफ नशे की लत छोड़े, जीवन से नाता जोडे.। अपने नसो में नशा नहीं, जिंदगी को दौड़ने दिजिए। जो हुआ नशा का शिकार उजड़ा उसका घर परिवार। आदि नारा लगा कर जागरूक किया।जागरुकता अभियान में जिला पर्यटन नोडल पदाधिकारी शिवेंद्र कुमार और रोशन कुमार शामिल हुए। उन्होंने पर्यटकों को मादक पदार्थ व अन्य प्रकार के नशापान से होने वाले दुष्परिणाम के बारे में जानकारी दी। साथ ही पर्यटन स्थल में मादक पदार्थ व नशापान करते हुए पकड़े जाने पर होने वाली कारवाई, सजा व जुमार्ना आदि की जानकारी दी। मौके पर पर्यटक मित्रों व पर्यटकों ने नशापान नहीं करने का संकल्प लिया। अभियान में राजकिशोर प्रसाद, बालेश्वर बेदिया, राजेश बेदिया, हरिचरण बेदिया, बुधराम बेदिया, जीतवाहन भोगता, विष्णु बेदिया, रंजन बेदिया नागेश्वर बेदिया, मेघनाथ बेदिया, मनोज बेदिया, महेश्वर बेदिया, कोशिला देवी, लालो देवी, चंद्र उदय बेदिया आदि शामिल थे।

## सेल्फी लेने चक्कर में जोन्हा फॉल में बहा डीपीएस स्कूल का शिक्षक, खोज जारी





**अनगड़ा।** पिछले दो दिनों से लगातार हो रही मुसलाधार वारिस से नदी नाले उफान पर है। पूरा जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। प्रखंड के हुन्डरू फौल जोन्हा फौल सीता फौल इत्यादि फौल अपना रौद्र रूप धारण कर लिए हैं। इन जल प्रपातों के पानी की धारा अपने उफान पर है। इसी बीच भारी बारिश के बीच जोन्हा फॉल घूमने आए रांची का एक पर्यटक गुरुवार को पानी के तेज बहाव में बह गया। अभी तक उसके शव का पता नहीं चल पाया है। उसकी पहचान माइकल घोष ( 40 वर्ष) अलकापुरी डीबडीह रांची के रूप में हुई है। जो डीपीएस स्कूल रांची का म्यूजिक टीचर था। बताया गया कि माइकल घोष गुरुवार की दोपहर अपने स्कूल के हीं दो शिक्षक साथी पंकज श्रीवास्तव और ऋतिक समद के साथ कार ( यूपी 14 सीएम-1020) में सवार होकर जोन्हा फॉल घूमने आया था। घूमने के दौरान वे तीनों झरने के ऊपर उस स्थान पर चले गए जहां से काफी तेज गति से पानी का बहाव झरने में होता है। तीनों साथी झरने के खुबसूरत नजारे का लुत्फ उठा रहे थे। इसी बीच माइकल तेज बहाव के बिल्कुल करीब पहुंच कर सेल्फी लेने लगा। इस क्रम में उसका संतुलन बिगड़ गया और देखते हीं देखते पानी के तेज रफ़्तार में बह गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे थानेदार हीरालाल शाह द्वारा स्थानीय पर्यटन मित्रों और ग्रामीणों की मदद से शव की काफी तलाश की गई। पर भारी बारिश के चलते शव का कहीं पता नहीं चला। पर्यटन मित्रों का कहना है कि बारिश थमने के बाद हीं तलाशी संभव हो पाएगा।

## झारखण्ड सरकार, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग

### झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग

74वीं औपबंधिक सूची
जिला-रामगढ़ (पार्ट-3)

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या-1938, दिनांक-20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| | विवरण :- चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी फागु बेसरा एवं अर्जुन राम द्वारा आवेदन पर दर्ज बयान का आयोग के माननीय सदस्य श्री नरसिंह मुर्मू के द्वारा अनुमोदन के आधार पर। | |
| 120. | 1. आवेदन क्र0-376/25 2. आवेदक-योगेन्द्र प्रसाद , पिता-स्व0 मोहन साव<br>3. ग्राम-माण्डू , पोस्ट-माण्डू , थाना- माण्डू , प्रखण्ड- माण्डू<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-56 वर्ष, पहचान चिन्ह-दाहिना हाथ के कलाई में तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 121. | 1. आवेदन क्र0-377/25 2. आवेदक-बिराजी देवी , पति -मनसु मांझी<br>3. ग्राम-महतो टोला , पोस्ट-रजरप्पा प्रोजेक्ट , थाना- रजरप्पा , प्रखण्ड- रजरप्पा<br>4. लिंग-महिला , आयु-58 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायां गर्दन में तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 122. | 1. आवेदन क्र0-378/25 2. आवेदक-प्रदीप कुमार , पिता-स्व0 लोकनाथ साहु<br>3. ग्राम-माण्डूीह , पोस्ट-माण्डू , थाना- माण्डू , प्रखण्ड- माण्डू<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-56 वर्ष, पहचान चिन्ह-छाती में जले का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 123. | 1. आवेदन क्र0-379/25 2. आवेदक-आशुतोष कुमार , पिता-परमेश्वर प्रसाद<br>3. ग्राम-माण्डू , पोस्ट-माण्डू , थाना- माण्डू , प्रखण्ड- माण्डू<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-46 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| 124. | 1. आवेदन क्र0-380/25 2. आवेदक-रेखा देवी , पति -प्रदीप कुमार<br>3. ग्राम-माण्डूीह , पोस्ट-माण्डू , थाना- माण्डू , प्रखण्ड- माण्डू<br>4. लिंग-महिला , आयु-45 वर्ष, पहचान चिन्ह-दाहिने गाल में गस्सा का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 125. | 1. आवेदन क्र0-381/25 2. आवेदक-मुन्नी देवी , पति -गोपाल किशोर गुप्ता<br>3. ग्राम-माण्डू , पोस्ट-माण्डू , थाना- माण्डू , प्रखण्ड- माण्डू<br>4. लिंग-महिला , आयु-55 वर्ष, पहचान चिन्ह-माथे में तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 126. | 1. आवेदन क्र0-382/25 2. आवेदक-विनोद कुमार , पिता-स्व0 देवनाथ प्रसाद<br>3. ग्राम-सी0आई0सी0 बस्ती , पोस्ट-बरकाकाना , थाना-पतरातू , प्रखण्ड-पतरातू<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-60 वर्ष, पहचान चिन्ह-होंठ पर कटे का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 127. | 1. आवेदन क्र0-460/25 2. आवेदक-राम अधार महतो , पिता-स्व0 बन्सी महतो<br>3. ग्राम-बहेरा (चरही) , पोस्ट-चरही , थाना-चरही , प्रखण्ड-चुरचू<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-52 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| | विवरण :- चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी कौलेश्वर महतो एवं निवारण प्रसाद द्वारा आवेदन पर दर्ज बयान का आयोग के माननीय सदस्य श्री नरसिंह मुर्मू द्वारा अनुमोदन के आधार पर। | |
| 128. | 1. आवेदन क्र0-383/25 2. आवेदक-मुख्तार अंसारी , पिता-फारूक अहमद<br>3. ग्राम-सोसो कला , पोस्ट-मगनपुर , थाना-गोला , प्रखण्ड- गोला<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-40 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| 129. | 1. आवेदन क्र0-384/25 2. आवेदक-राकेश कुमार मल्होत्रा, पिता-स्व0 बदेश महथा<br>3. ग्राम-सुतरी , पोस्ट- सुतरी , थाना-गोला , प्रखण्ड- गोला<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-40 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| 130. | 1. आवेदन क्र0-385/25 2. आवेदक-धनेश्वर महतो , पिता-धनेनाथ महतो<br>3. ग्राम-डुण्डीगाछी , पोस्ट- मगनपुर , थाना-गोला , प्रखण्ड- गोला<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-68 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| 131. | 1. आवेदन क्र0-386/25 2. आवेदक-रामचरण महतो , पिता-गुलाब महतो<br>3. ग्राम-सेरेंगातु , पोस्ट- साड़म , थाना-गोला , प्रखण्ड- गोला<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-56 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| 132. | 1. आवेदन क्र0-387/25 2. आवेदक-नारायण महतो , पिता-अरछु महतो<br>3. ग्राम-कुम्हरदगा , पोस्ट- कुम्हरदगा , थाना-गोला , प्रखण्ड- गोला<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-46 वर्ष, पहचान चिन्ह-ओठ में कटे का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 133. | 1. आवेदन क्र0-388/25 2. आवेदक-भारती देवी , पति -सुनिल हेम्ब्रम<br>3. ग्राम-खखरा , पोस्ट- मगनपुर , थाना-गोला , प्रखण्ड- गोला<br>4. लिंग-महिला , आयु-44 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| 134. | 1. आवेदन क्र0-389/25 2. आवेदक-कुंज बिहारी , पिता-बैजनाथ सिंह<br>3. ग्राम-चोपादारू , पोस्ट- मगनपुर , थाना-गोला , प्रखण्ड- गोला<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-50 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| 135. | 1. आवेदन क्र0-390/25 2. आवेदक-राजु करमाली , पिता-भूखल करमाली<br>3. ग्राम- मगनपुर , पोस्ट- मगनपुर , थाना-गोला , प्रखण्ड- गोला<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-51 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| 136. | 1. आवेदन क्र0-391/25 2. आवेदक-इन्द्रदेव कुमार महतो, पिता-लाल किशोर महतो<br>3. ग्राम- चक्रवाली , पोस्ट- मगनपुर , थाना-गोला , प्रखण्ड- गोला<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-45 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायां आँख में कटे का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 137. | 1. आवेदन क्र0-392/25 2. आवेदक-सदमिया देवी , पति -गुलाब चन्द महतो<br>3. ग्राम-महतो टोला , पोस्ट- मगनपुर , थाना-गोला , प्रखण्ड- गोला<br>4. लिंग-महिला , आयु-53 वर्ष, पहचान चिन्ह-बाया हाथ में कटा का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 138. | 1. आवेदन क्र0-393/25 2. आवेदक-उलासो देवी , पति -पोकलाल महतो<br>3. ग्राम-महतो टोला , पोस्ट- मगनपुर , थाना-गोला , प्रखण्ड- गोला<br>4. लिंग-महिला , आयु-50 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| 139. | 1. आवेदन क्र0-394/25 2. आवेदक-चरका महतो , पिता-जलीया महतो<br>3. ग्राम- मगनपुर, पोस्ट- मगनपुर , थाना-गोला , प्रखण्ड- गोला<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-43 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| 140. | 1. आवेदन क्र0-395/25 2. आवेदक-पियुस कुमार , पिता-धिरेन महतो<br>3. ग्राम- चक्रवाली , पोस्ट- मगनपुर , थाना-गोला , प्रखण्ड- गोला<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-49 वर्ष, पहचान चिन्ह-गर्दन में मासा का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 141. | 1. आवेदन क्र0-396/25 2. आवेदक-दाउद अंसारी , पिता-रफिउल्लाह<br>3. ग्राम-हेट कुल्ही मगनपुर , पोस्ट- मगनपुर , थाना-गोला , प्रखण्ड- गोला<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-51 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| 142. | 1. आवेदन क्र0-397/25 2. आवेदक-अनिता देवी , पति -बलराम मुण्डा<br>3. ग्राम- मगनपुर , पोस्ट- मगनपुर , थाना-गोला , प्रखण्ड- गोला<br>4. लिंग-महिला , आयु-48 वर्ष, पहचान चिन्ह-दाहिने गाल में कटा का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 143. | 1. आवेदन क्र0-398/25 2. आवेदक-कारिनाथ महतो , पिता-हरिहर महतो<br>3. ग्राम-रकुवा , पोस्ट-सुतरी , थाना-गोला , प्रखण्ड- गोला<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-67 वर्ष, पहचान चिन्ह-बाया गर्दन में तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 144. | 1. आवेदन क्र0-399/25 2. आवेदक-मुरली तुरी, पिता-स्व0 बालो तुरी<br>3. ग्राम-मगनपुर , पोस्ट-मगनपुर , थाना-गोला, प्रखण्ड-गोला<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-53 वर्ष, पहचान चिन्ह-दाहिना आँख में तील का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 145. | 1. आवेदन क्र0-400/25 2. आवेदक-बाल कृष्ण मुण्डा, पिता-स्व0 पुयता मुण्डा<br>3. ग्राम-मगनपुर , पोस्ट-मगनपुर , थाना-गोला, प्रखण्ड-गोला<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-53 वर्ष, पहचान चिन्ह-दाहिना पैर के नीचे तील का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 146. | 1. आवेदन क्र0-401/25 2. आवेदक-कैली देवी, पति- रमनी महतो<br>3. ग्राम-उसरा, पोस्ट-कोरचे, थाना-रजरप्पा, प्रखण्ड-चितरपुर<br>4. लिंग- महिला, आयु-71 वर्ष , पहचान चिन्ह-अंकित नहीं है। | कंडिका-2(ix) |
| 147. | 1. आवेदन क्र0-402/25 2. आवेदक-युगल चौधरी, पिता- स्व0 चरकु चौधरी<br>3. ग्राम-उकरीद, पोस्ट-सोसो, थाना-रजरप्पा, प्रखण्ड-चितरपुर<br>4. लिंग- पुरूष, आयु-41 वर्ष , पहचान चिन्ह-अंकित नहीं है। | कंडिका-2(ix) |
| 148. | 1. आवेदन क्र0-403/25 2. आवेदक-गीता देवी, पति- सुरेश चौधरी<br>3. ग्राम-उसरा, पोस्ट-सोसो, थाना-रजरप्पा, प्रखण्ड-चितरपुर<br>4. लिंग- महिला आयु-42 वर्ष , पहचान चिन्ह-अंकित नहीं है। | कंडिका-2(ix) |
| 149. | 1. आवेदन क्र0-404/25 2. आवेदक-सुरेश चौधरी, पिता- स्व0 चरकु चौधरी<br>3. ग्राम-उकरीद, पोस्ट-सोसो, थाना-रजरप्पा, प्रखण्ड-चितरपुर<br>4. लिंग- पुरूष, आयु-56 वर्ष , पहचान चिन्ह-अंकित नहीं है। | कंडिका-2(ix) |
| 150. | 1. आवेदन क्र0-405/25 2. आवेदक-रमली महतो, पिता- स्व0 भोला महतो<br>3. ग्राम-उसरा, पोस्ट-कोरचे, थाना-रजरप्पा, प्रखण्ड-चितरपुर<br>4. लिंग- पुरूष, आयु-67 वर्ष , पहचान चिन्ह-अंकित नहीं है। | कंडिका-2(ix) |
| 151. | 1. आवेदन क्र0-406/25 2. आवेदक-अरूण चौधरी, पिता- मटुक लाल चौधरी<br>3. ग्राम-उकरीद, पोस्ट-सोसो, थाना-रजरप्पा, प्रखण्ड-चितरपुर<br>4. लिंग- पुरूष, आयु-46 वर्ष , पहचान चिन्ह-बांया हाथ में तील का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 152. | 1. आवेदन क्र0-407/25 2. आवेदक-किशोर कुमार चौधरी, पिता- मटुक लाल चौधरी<br>3. ग्राम-उकरीद, पोस्ट-सोसो, थाना-रजरप्पा, प्रखण्ड-चितरपुर<br>4. लिंग- पुरूष, आयु-53 वर्ष , पहचान चिन्ह-दाया पैर में घाव का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 153. | 1. आवेदन क्र0-408/25 2. आवेदक-उमा चरण साव, पिता- महेश साव<br>3. ग्राम-रजरप्पा प्रोजेक्ट, पोस्ट-रजरप्पा प्रोजेक्ट, थाना-रजरप्पा प्रोजेक्ट, प्रखण्ड-चितरपुर, 4. लिंग- पुरूष, आयु-51 वर्ष , पहचान चिन्ह-अंकित नहीं है। | कंडिका-2(ix) |
| 154. | 1. आवेदन क्र0-502/25 2. आवेदक-अश्विनी कुमार महतो, पिता- नकुल राम महतो<br>3. ग्राम-गांगाजोरी, पोस्ट-गांगाजोरी, थाना-जरीडीह, प्रखण्ड-जरीडीह<br>4. लिंग- पुरूष, आयु-60 वर्ष , पहचान चिन्ह-बांये आँख मे तील का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 155. | 1. आवेदन क्र0-503/25 2. आवेदक-राजेश्वरी देवी, पति- होपन राम मांझी<br>3. ग्राम-हरदी हरिडीह, पोस्ट-अरजू , थाना-जरीडीह, प्रखण्ड-जरीडीह<br>4. लिंग- महिला, आयु-52 वर्ष , पहचान चिन्ह-ओंठ में तील का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| | विवरण :-चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी दीपक सिंह टाईगर एवं दर्शन गंझू द्वारा आवेदन पर दर्ज बयान का आयोग के माननीय सदस्य भुवनेश्वर महतो द्वारा अनुमोदन के आधार पर। | |
| 156. | 1. आवेदन क्र0-409/25 2. आवेदक-भुवनेश्वर महतो , पिता-मंजूर महतो<br>3. ग्राम-कटिया , पोस्ट-कोतो , थाना-पतरातू , प्रखण्ड-पतरातू<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-50 वर्ष, पहचान चिन्ह-ललाट में तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 157. | 1. आवेदन क्र0-410/25 2. आवेदक-सेसली डीकुज ,पति-स्व0 ऐन्थोनी डीकुज<br>3. ग्राम-चीप हाउस बुधबाजार , पोस्ट-बुधबाजार भुरकुण्डा , थाना-पतरातू , प्रखण्ड-पतरातू<br>4. लिंग-महिला , आयु-58 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायें गाल में तिल का निशान । | कंडिका-2(ix) |
| 158. | 1. आवेदन क्र0-411/25 2. आवेदक-शकुन्तला देवी ,पति-मदन रविदास<br>3. ग्राम-घुटुवाबस्ती , पोस्ट-एन टी एस बरकाकाना , थाना-पतरातू , प्रखण्ड-पतरातू<br>4. लिंग-महिला , आयु-50 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| 159. | 1. आवेदन क्र0-412/25 2. आवेदक-रिझनी देवी ,पति-जगदीश रविदास<br>3. ग्राम-बड़गाँव , पोस्ट-बड़गाँव, थाना-माण्डू , प्रखण्ड-माण्डू<br>4. लिंग-महिला , आयु-71 वर्ष, पहचान चिन्ह-नाक में कट का निशान । | कंडिका-2(ix) |
| 160. | 1. आवेदन क्र0-413/25 2. आवेदक-अनीता देवी ,पति-पंचम महतो<br>3. ग्राम-लादी , पोस्ट-भुरकुण्डा, थाना-पतरातू, प्रखण्ड-पतरातू<br>4. लिंग-महिला , आयु-43 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायाँ आँख में कट का निशान । | कंडिका-2(ix) |
| 161. | 1. आवेदन क्र0-414/25 2. आवेदक-चैतन्य प्रसाद कुशवाहा, पिता-बिश्वंभरनाथ महतो<br>3. ग्राम-लादी , पोस्ट-चिकोर , थाना-पतरातू , प्रखण्ड-पतरातू<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-47 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| 162. | 1. आवेदन क्र0-415/25 2. आवेदक-लाली करमाली , पिता-मण्डरा करमाली<br>3. ग्राम-नीचे जोड़ा भुरकुण्डा , पोस्ट-भुरकुण्डा बाजार , थाना-पतरातू , प्रखण्ड-पतरातू<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-41 वर्ष, पहचान चिन्ह-पीठ में मासा का निशान । | कंडिका-2(ix) |
| 163. | 1. आवेदन क्र0-416/25 2. आवेदक-मुनिलाल दास , पिता-मालीया दास<br>3. ग्राम-सौंकुल , पोस्ट-पतरातू, थाना-पतरातू , प्रखण्ड-पतरातू<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-72 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| 164. | 1. आवेदन क्र0-417/25 2. आवेदक-राजा राम महतो , पिता-दाहो महतो<br>3. ग्राम-चैनगड़ा , पोस्ट- चैनगड़ा , थाना-पतरातू , प्रखण्ड-पतरातू<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-52 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| 165. | 1. आवेदन क्र0-418/25 2. आवेदक-भोला प्रसाद कुशवाहा , पिता-भीखन महतो<br>3. ग्राम-लादी , पोस्ट-भुरकुण्डा , थाना-पतरातू , प्रखण्ड-पतरातू<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-49 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| 166. | 1. आवेदन क्र0-419/25 2. आवेदक-पारवती देवी ,पति-गुलाबराम दाँगी<br>3. ग्राम-सोसोखुर्द , पोस्ट-सोसोकला, थाना-गोला , प्रखण्ड-गोला<br>4. लिंग-महिला , आयु-63 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| 167. | 1. आवेदन क्र0-420/25 2. आवेदक-बिरबल महतो , पिता-रामलगन महतो<br>3. ग्राम-बोरोबींग , पोस्ट-बड़की पोना , थाना-रजरप्पा , प्रखण्ड-चितरपुर<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-52 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| 168. | 1. आवेदन क्र0-421/25 2. आवेदक-शिवशंकर दास , पिता-स्व0 जगदीश रविदास<br>3. ग्राम-बड़गाँव रविदास टोला, पोस्ट-बड़गाँव , थाना-माण्डू , प्रखण्ड-माण्डू<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-49 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायें के सामने कट का निशान । | कंडिका-2(ix) |
| 169. | 1. आवेदन क्र0-504/25 2. आवेदक-श्यामसुन्दर रविदास , पिता-लालू रविदास<br>3. ग्राम-खम्हरा हरिजन टोला , पोस्ट-खम्हरा, थाना-आई ई एल गोमिया`, प्रखण्ड-आई ई एल गोमिया 4. लिंग-पुरूष, आयु-45 वर्ष, पहचान चिन्ह-नाक में कट का निशान । | कंडिका-2(ix) |
| 170. | 1. आवेदन क्र0-505/25 2. आवेदक-सुरेश राम , पिता-भाईचंद राम<br>3. ग्राम-घुईटांड, पोस्ट-करगली , थाना-बेरमो, प्रखण्ड-बेरमो<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-48 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| 171. | 1. आवेदन क्र0-506/25 2. आवेदक-बंधन रविदास , पिता-अनु रविदास<br>3. ग्राम-खम्हरा हरिजन टोला, पोस्ट-खम्हरा, थाना-आई ई एल गोमिया , प्रखण्ड-आई ई एल गोमिया. 4. लिंग-पुरूष, आयु-49 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायाँ हाथ में तिल का निशान । | कंडिका-2(ix) |
| 172. | 1. आवेदन क्र0-353/25 2. आवेदक-भीम दास , पिता-बैजु दास<br>3. ग्राम-श्यामडीह , पोस्ट-कतरास बाजार , थाना-कतरास , प्रखण्ड-बाघमारा<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-47 वर्ष, पहचान चिन्ह-दायाँ आँख के नीचे तिल का निशान । | कंडिका-2(ix) |
| 173. | 1. आवेदन क्र0-423/25 2. आवेदक-नरेश महतो , पिता-स्व0 महालाल महतो<br>3. ग्राम-उपर टोला कटिया , पोस्ट-पतरातू, थाना-पतरातू , प्रखण्ड-पतरातू<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-50 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायाँ हाथ में तिल का निशान । | कंडिका-2(ix) |
| 174. | 1. आवेदन क्र0-424/25 2. आवेदक-साफीउद्दीन अंसारी , पिता-स्व0 इब्राहीम अंसारी<br>3. ग्राम-सोलिया , पोस्ट-पलानी, थाना-पतरातू , प्रखण्ड-पतरातू<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-64 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायाँ पैर में जख्म का निशान । | कंडिका-2(ix) |
| 175. | 1. आवेदन क्र0-425/25 2. आवेदक-पूरन महतो , पिता-ललकू महतो<br>3. ग्राम-कोठी , पोस्ट-पाली, थाना-पतरातू , प्रखण्ड-पतरातू<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-55 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| 176. | 1. आवेदन क्र0-426/25 2. आवेदक-ललिता बेदिया , पिता-जागेश्वर बेदिया<br>3. ग्राम-अरमादाग , पोस्ट-पतरातू , थाना-पतरातू , प्रखण्ड-पतरातू<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-65 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |

नोट :- 1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. यह सूची आयोग के द्वय सदस्यों द्वारा स्थानीय जांच शिविर/कार्यालय में जांच कर आवेदन पर दर्ज बयान के आधार आवेदन प्रपत्र की कण्डिका 14(ग) के आलोक में प्रकाशित की गयी है।
3. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं।
4. आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य | (नरसिंह मुर्मू) सदस्य | (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

PR 355463 Home (25-26)_D

# इंग्लैंड में होगी नयी शुरूआत, गिल ने भरी हुंकार



एजेंसी

**लीड्स।** नया कप्तान, दृढ़ निश्चयी कोच, कुछ पुराने और कुछ नए चेहरे अगले 45 दिनों में एक दिलचस्प कहानी गढ़ने के लिए प्रतिबद्ध होंगे जब भारत शुक्रवार से यहां एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के लिए खेली जाने वाली पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला के पहले मैच में इंग्लैंड से भिड़ेगा। भारत अभी तक इंग्लैंड में केवल तीन बार टेस्ट श्रृंखला जीत पाया है। उसने 1971 में अजीत वाडेकर, 1986 में कपिल देव और 2007 में राहुल द्रविड़ की अगुवाई में यह उपलब्धि हासिल की थी। अब शुभमन गिल इस सूची में अपना नाम लिखवाने के लिए बेताब होंगे। लेकिन यह इतना आसान नहीं होगा क्योंकि विराट कोहली, रोहित शर्मा और रविचंद्रन अश्विन के संन्यास लेने के कारण भारतीय टीम बदलाव के दौर से गुजर रही है। इससे वह अनुभव के मामले में थोड़ा कमजोर नजर आती है। इस 25 वर्षीय कप्तान के लिए यह श्रृंखला अग्निपरीक्षा से कम नहीं होगी, क्योंकि इंग्लैंड की टीम ने ब्रेंडन मैकुलम की कोचिंग और बेन स्टोक्स की कप्तानी में टेस्ट मैच की बल्लेबाजी की परंपराओं को बदल दिया है। यह देखना दिलचस्प होगा कि भारतीय टीम उनके आक्रामक रवैये का किस तरह से जवाब देती है। भारत के 37वें टेस्ट कप्तान के रूप में गिल का चयन इस बात पर अधिक आधारित था कि उनसे क्या अपेक्षा की जा सकती है। उनको यहां काफी कुछ साबित करना है। असामान्य रूप से गर्म लीड्स (शुक्रवार को अधिकतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस हो सकता है) और हेडिंग्ले की आठ मिमी घास से भरी 22 गज की पिच इंग्लैंड के लिए बहुत भाग्यशाली नहीं रही है। ऐसे में जो भी टीम अच्छी बल्लेबाजी करेगी उसकी जीत की संभावना बढ़ जाएगी। टेस्ट क्रिकेट में 36 शतकों सहित 13,000 से अधिक रन बनाने वाले जो रूट की मौजूदगी में इंग्लैंड की बल्लेबाजी कागजों पर भारत की तुलना में बेहतर नजर आती है। भारतीय टीम में सबसे अनुभवी बल्लेबाज केएल राहुल (58 टेस्ट, 3257 रन) हैं।

लेकिन जसप्रीत बुमराह की अगुवाई वाला भारतीय गेंदबाजी आक्रमण इंग्लैंड की तुलना में मजबूत नजर आता है जिससे दोनों टीमों की स्थिति बराबर लगती है। ऐसा तब है जबकि तेज गेंदबाज बुमराह केवल तीन टेस्ट मैचों के लिए उपलब्ध है। कोहली और रोहित की अनुपस्थिति के बावजूद भारत इंग्लैंड के गेंदबाजों को दबाव में ला सकता है। जेम्स एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड के संन्यास लेने तथा कुछ अन्य गेंदबाजों के चोटिल होने के कारण इंग्लैंड का आक्रमण कमजोर नजर आता है। क्रिस वोक्स, ब्रायडन कार्स, जोश टंग और शोएब बशीर तथा कप्तान स्टोक्स का गेंदबाजी आक्रमण विपक्षी टीम में कोई खौफ पैदा नहीं करता। कोहली और रोहित के जाने के बाद भारतीय टीम के ड्रेसिंग रूम में सबसे प्रभावशाली व्यक्ति मुख्य कोच गौतम गंभीर का अभी तक कोच के रूप में रिकॉर्ड अच्छा नहीं रहा है और वह इसे और खराब नहीं करना चाहेंगे। इस श्रृंखला में गंभीर के रणनीतिक कौशल की असली परीक्षा भी होगी। अभ्यास के दौरान स्लिप कॉर्डन की संरचना को देखते हुए करुण नायर की वापसी तय लगती है, जहां उन्हें पहली स्लिप में तैनात किया गया था, लेकिन एक और बल्लेबाजी स्थान है जिसको लेकर टीम प्रबंधन को काफी विचार विमर्श करना होगा। क्या गंभीर एक अतिरिक्त बल्लेबाज को खिलाएंगे और प्रतिभाशाली बी साई सुदर्शन को अपना पहला टेस्ट खेलने का मौका देंगे या फिर वह एक अतिरिक्त विशेषज्ञ बल्लेबाज की कमी की भरपाई के लिए नीतीश रेड्डी और शार्दुल ठाकुर जैसे ऑलराउंडर को खिलाएंगे। स्पिन विभाग में कुलदीप यादव और रविंद्र जडेजा में से किसी एक को खिलाने को लेकर टीम प्रबंधन का फैसला काफी दिलचस्प होगा। कुलदीप यहां की परिस्थितियों में सफल हो सकते हैं लेकिन जडेजा का विदेश में बल्लेबाजी रिकॉर्ड अच्छा रहा है। एक अन्य मुद्दा यह है कि क्या टी20 विशेषज्ञ अर्शदीप सिंह को परिस्थितियों के आधार पर तीसरे तेज गेंदबाज के रूप में मौका दिया जाना चाहिए या फिर प्रसिद्ध कृष्णा को मौका मिलना चाहिए। एक और तेज गेंदबाज आकाशदीप हैं।

## तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी के नाम से जानी जायेगी भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज

भारत और इंग्लैंड के बीच खेली जाने वाली टेस्ट सीरीज का नाम तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी रखा जाएगा। इससे पहले दोनों टीमों के बीच खेली जाने वाली यह सीरीज पदौटी ट्रॉफी के नाम से जानी जाती थी। इंग्लैंड और भारत के बीच टेस्ट सीरीज को पटौदी ट्रॉफी के लिए खेला जाता था। इसका नाम इफ्तिखार अली खान पटौदी और उनके बेटे मंसूर अली खान पटौदी के नाम पर रखा गया था। मार्च में इसीबी ने पटौदी परिवार को लिखा था कि वे ट्रॉफी को रिटायर करना चाहते हैं। हालांकि, अब इसका नाम बदलकर तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी कर दिया गया है।



## टेस्ट सीरीज जीतना सबसे जरूरी : गिल

गिहेडिंग्ले टेस्ट की पूर्व संध्या पर जब कप्तान शुभमन गिल से पूछा गया कि वह इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज जीतने को अधिक महत्व देंगे या आइपीएल ट्रॉफी को जीतने पर जोर देंगे? जवाब में उन्होंने कहा कि 'मेरे हिसाब से टेस्ट सीरीज जीतना ज्यादा महत्वपूर्ण है। गिल ने कहा आपको बतौर कप्तान इंग्लैंड दौरे के ज्यादा मौके नहीं मिलते। अगर आप अपनी पीढ़ी में सर्वश्रेष्ठ में से हैं तो शायद दो दौरे या तीन। मेरे ख्याल से इंग्लैंड, आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका में जीत बड़ी है। इस दौरान गिल ने इस बात का भी खुलासा किया कि उन्होंने आइपीएल में उन्होंने इंग्लैंड दौरे की तैयारी के लिए विराट कोहली और रोहित शर्मा से भी सलाह ली थी।



### दोनों टीमें इस प्रकार हैं

**इंग्लैंड** : जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रुक, बेन स्टोक्स (कप्तान), जेमी स्मिथ (विकेट कीपर), क्रिस वोक्स, ब्रायडन कार्स, जोश टंग और शोएब बशीर।

**भारत** : शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (उपकप्तान और विकेटकीपर), यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, नितीश रेड्डी, रवींद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, हर्षित राणा।

**समय : भारतीय समयानुसार दोपहर 3:30 बजे।**

# हल्की बारिश में खुली भारतमाला प्रोजेक्ट की पोल

## नव निर्मित एक्सप्रेस-वे का सड़क धस गया

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** केंद्र सरकार की भारतमाला प्रोजेक्ट के तहत ओरमांझी में हो रहे एक्सप्रेस-वे सड़क निर्माण की की गुववकता की पोल मानसून की बारिश ने खोलकर रख दिया है। शुरू से विवादित इस योजना में कभी अधिकारियों के मिलिभगत व गलत वंशावली बनाकर लाभुकों का करोड़ो रूपया हड़पने की बात हो या अधिगृहित भुमि मालिकों को मुआवजा लेने के लिए अंचल कार्यालय का चक्कर लगाने का मामला हो या बिना कार्यालय में चढावे के मुआवजा राशि मिलना मुश्किल जैसी बाते पुरानी हो गई है। अब नये मामला एक्सप्रेस-वे सड़क निर्माण में अधिकारियों व इंजीनियरों की मिलीभगत से परियोजना के निर्माण कार्य में अनियमितता का मामला भी सामने आ रहा है। इसका ताजा मामला ओरमांझी से सिकिदिरी के बिच कुटे के पास नव निर्मित एक्सप्रेस-वे सड़क के धस जाने से भारतमाला परियोजना की निर्माण कार्य की गुणवता की पोल खूल गई है। नवनिर्मित सड़क धसने व मिट्टी बह जाने से सड़क का अंदर की हिस्सा खोखला हो गया है। जबकि उस सड़क से निर्माण कार्य में लगे वाहनों के अलावे अन्य वाहनों को परिचालन भी नही होते हैं। बिना वाहन चले सड़क के धस जाने के संबंध में, जब विभाग के जेई आनंद कुमारी सिंह हो या एनएचएआई परियोजना निदेशक एकता कुमारी को फोन करने पर रिसिव नही किया। वहीं स्थानीय लोगों द्वारा धसे सड़क की वीडियों वायरल कर परियोजना के निर्माण कार्य की गुणवता पर सवाल उठा रहे रहे हैं। परियोजना में कार्य करने वाल कर्मियों ने अखबार में नाम नही छापेने के शर्त पर बताया, निर्माण कार्य की गुणवता को देखने के लिए कोई नही है, सभी लोग उपर से निचे तक सेटिंग है। कोई अधिकारी इस पर कोई कार्रवाई करने वाली नही है। किसी को फोन रिसिव नही करना भी इसी का हिस्सा हो सकता है। इसके अलावे लगातर हो रही वर्षा के कारण ओरमांझी व टुंडाहुली पंचायत में कच्चे मकान ध्यस्त होने की भी सूचना है।



ओरमांझी में धसा करोड़ों की योजना एक्सप्रेस-वे सड़क।

## सड़क पर उतरा जेसीबी एनएच-20 पर जल जमाव की समस्या दूर हुई



एनएच-20 पर बनी तालाब में प्रषासन ने उतारा जेसीबी मषीन।

**ओरमांझी।** थाना क्षेत्र शास्त्री चैक ओरमांझी के स्थित एनएच-20 पथ पर वर्षा की जल जमाव की समस्या को प्रशासन द्वारा गुरूवार को जेसीबी मषीन की मदद की मदद से दूर कर दिया गया है। सीओ ओरमांझी उज्जवल सोरेन व थाना प्राभारी अनिल कुमार तिवारी पुलिस बल के साथ जल जमाव स्थल पर जेसीबी मशीन लेकर पहुंचे और जेसीबी की मदद से पानी का जल जमाव की समस्या दूर कर दिया गया। प्रशासन ने सड़क के डिवाइवडर तोड़ कर पानी दूसरे लाईन किसान कंप्लेक्स की ओर से बांके बिकारी माक्रेट स्थित नाले से पानी निकालने की व्यवस्था कर दी। जिसके बाद सड़क में जल जमाव से बनी तालाब का पानी धीरे-धीरे कम हो गया। वहीं वाहनों व आमजनों की परेषानी दूर हो गई। वहीं समस्या दूर होने पर स्थानीय लोगों द्वारा प्रशासन की सरहाना की गई है।

# सभी पैरामीटर पर लाजिमी है प्रगति : बीडीओ राहुल उरांव

## बेड़ो में प्रखंड स्तरीय समीक्षात्मक बैठक का हुआ आयोजन

खबर मन्त्र संवाददात

**बेड़ो।** बेड़ो के बीडीओ राहुल उरांव की अध्यक्षता में गुरुवार को सभागार में प्रखंड स्तरीय समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। जहां विभिन्न विभागों की समीक्षा के दौरान कई अहम निर्देश दिए गए। बीडीओ ने कहा कि मनरेगा के अतिरिक्त अन्य सभी विकास योजनाओं से संबंधित सभी पैरामीटर में बेहतर प्रदर्शन जरूरी है। जो पूरी निष्ठा के साथ समय पर कार्य का निष्पादन किए बगैर कभी संभव नहीं हो सकता। उन्होंने पीएम आवास एवं अबुवा आवास शत प्रतिशत ओंगोइंग करने और कार्य में प्रगति लाकर कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। बीडीओ ने आगामी 21 जून को प्रत्येक पंचायत के अमृत सरोवर स्थल पर योग दिवस आयोजित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि यह विश्व स्तर में मनाया जाने वाला एक महत्वपूर्ण दिवस है। जिसका सफल आयोजन हर पंचायत स्तर पर किया जाना है। उन्होंने आम महोत्सव की तैयारी के संबंध कई निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि यह खुशी की बात है कि रांची जिला में इसका चयन आम महोत्सव के लिए किया गया है। यह हमारी जिम्मेदारी भी बनती है कि हम इस कार्यक्रम को किसी भी कीमत पर सफल बनाने का सार्थक प्रयास करें। वहीं मौके पर बीपीओ संजय तिर्की, फारूक नदीम, पुरुषोत्तम भाई पटेल, सद्दाम हुसैन, अभय आशीष कोया, सुरेश लिंडा व अभय खलखो समेत पंचायत सेवक, जन सेवक व रोजगार सेवक आदि मौजूद थे।



समीक्षात्मक बैठक में शामिल पदाधिकारी।

## आंगनबाड़ी से बच्चें की पोस्टिक अहार की चोरी

**ओरमांझी।** प्रशासन की सख्ती के बावजूद ओरमांझी थाना क्षेत्र के नशेड़ी व जुबाड़ियों का आतंक जारी है। बुधवार रात को थाना क्षेत्र के नषेड़ी व जुवाड़ियों आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 201 कुच्चू को निशाना बनाया, और वहां रखे दो गैस सिलेंडर के साथ बच्चों के पोस्टिक आहार के पैकेट को भी चुरा कर ले गए है। गुरूवार को सेविका राजमति देवी जब केंद्र पहुंची तो ताला व दरवाजे की कुंडी टुटा था, और केंद्र की कई सामग्री गायब था। उसने ओरमांझी थाना में मामला दर्ज कराते हुए बताया केंद्र के बरामदे में कुछ तास के पते व पान-गुटका खाकर थुका हुआ था। जिसे देखकर ही सेविका द्वारा क्षेत्र के नषेड़ी व जुवाड़ियों पर शक जताते हुए पुलिस से कार्रवायी करने की आग्रह किया गया है। पुलिस द्वारा आरोपियों के सबंध में पतालगाने का प्रयास की जा रही है।

## बारिश से डूब गया राहे का धोबी मुहल्ला

**राहे।** भारी बारिश से राहे प्रखंड अंतर्गत राहे गांव का धोबी मुहल्ला डूब गया है। बुधवार रात भर बारिश के बाद गुरुवार सुबह से गली में पानी बहने लगा जो धीरे धीरे घुटना से ऊपर हो गया। 40 से अधिक घरो में पानी घुस गया। मुहल्ले के गली में गुरुवार दिन भर घुटना भर पानी रहा।

# बेदिया समाज राज्यसभा सदस्य प्रदीप वर्मा से मिले

खबर मन्त्र संवाददाता

**आरमांझी।** स्वतंत्रता सेनानी शहीद जीतराम बेदिया केंद्रीय स्मारक कमिटी के पदाधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल गुरूवार को राज्यसभा सांसद सह भाजपा के प्रदेश महामंत्री डॉ. प्रदीप वर्मा से मिलने पहुंचे। स्मारक समिति के अध्यक्ष जीतनाथ बेदिया के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल में शामिल गगारी के मुखिया धनराज बेदिया, पूर्व मुखिया रुमिला देवी, ग्रामप्रधान गोपाल राम बेदिया, मनोज कुमार आदि ने प्रदीप वर्मा को शहीद जीतराम बेदिया का प्रतीक चिन्ह व सरना गमछा देकर सम्मानित किया। साथ ही बेदिया जनजाति समाज के उत्थान व गगारी पहाड़ को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की मांग रखी।

वहीं राज्यसभा सदस्य प्रदीप वर्मा ने प्रतिक चिन्ह व सम्मान के लिए अभार जताया और मांगों पर शीघ्र ही आवश्यक कार्रवाई करने का आष्वासन दिया। इसकी जानारी देते हुए जीतनाथ बेदिया व धनराज बेदिया ने बताया, राज्यसभा सदस्य प्रदीप वर्मा ने गगारी पहाड़ को पर्यटन क्षेत्र में विकसित करने के अलावे बेदिया समाज के उत्थान के हरसंभव मदद करने का आष्वासन दिया है।



# बेड़ो में वर्षा से जनजीवन अस्त- व्यस्त, दुकानें व सड़कें जलमग्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड मुख्यालय समेत ग्रामीण क्षेत्रों में मंगलवार की शाम से जोरदार वर्षा होने जगह - जगह जलभराव हो गया। वहीं कई दुकानों में वर्षा का पानी घुस गया। दो दिनों से लगातार हो रही वर्षा से जनजीवन पूरी तरह से अस्त व्यस्त हो गया। बेड़ो से गुजरने वाली रांची गुमला मुख्य मार्ग की सड़कें तालाब बन गईं हैं। चारों तरफ पानी ही पानी देखने को मिला। इसके कारण राहगीरों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ा। तेज वर्षा के कारण कई जगहों में जलभराव हो गया। बेड़ो बस्ती, बाजार टांड़ आदि इलाकों में जल जमाव हो गया। जोरदार वर्षा के कारण लोग घर में ही कैद होने पर मजबूर हो गए। सड़कों पर बारिश का पानी जमा होने के कारण आने जाने वाले लोगों के साथ चालकों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। जिसके चलते सड़क से गुजरने वाले वाहन चालक भी वाहनों को धीरे धीरे चला रहे हैं।





## बोकारो डीसी ने लगातार हो रही बारिश में शहर के कई इलाकों का किया निरीक्षण

# संभावित आपात को लेकर रहे तैयार : अजय नाथ झा

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** डीसी अजय नाथ झा ने लगातार हो रही बारिश के बीच स्वयं मैदान में उतरकर शहर के विभिन्न इलाकों का भ्रमण कर जलजमाव गरगा डैम की स्थिति और शहरी सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट दिशा निर्देश दिए।

मौके पर एडीसी मो मुमताज अंसारी एसडीओ चास सुश्री प्रांजल ढांडा डीटीओ वंदना शेजवलकर डीपीआरओ रवि कुमार बीडीओ चास डा प्रदीप कुमार सीओ चास दिवाकर दूबे जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी शक्ति कुमार एपीआरओ अविनाश कुमार समेत अन्य उपस्थित थे। टीम ने बीएस सिटी क्षेत्र चीराचास पांडेय पुल सोलागीडीह तालाब आइटीआइ मोड़ चास गुरुद्वारा रोड क्षेत्रों का भ्रमण कर जायजा लिया। निरीक्षण क्रम में गरगा डैम की सुरक्षा को लेकर कई कमियां उजागर हुईं। डीसी ने बीएसएल प्रबंधन एवं डैम की व्यवस्था देखरेख अधिकारियों पर नाराजगी जताई।

उन्होंने एक सप्ताह के भीतर मरम्मत से संबंधित विस्तृत प्रस्ताव तैयार कर जिला प्रशासन को समर्पित करने को कहा। संभावित आपात स्थिति को लेकर पहले से तैयार रहने पर जोर दिया। डीसी ने शहर के कई हिस्सों में कचरा फैला होने पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने नगर निगम को अविलंब सफाई को लेकर निर्देश दिया। वहीं जल जमाव की स्थिति से निपटने को लेकर नगर निगम चास नगर परिषद फुसरो एवं राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को 24 से 48 घंटे के भीतर तत्काल उपाय करने को कहा। उन्होंने चास स्थित सोलाहडीह तालाब का निरीक्षण क्रम में निर्देश दिया कि घनी आबादी क्षेत्र स्थित तालाबों के किनारे ड्रेस चेंजिंग रूम बनाएं। डीसी ने कहा कि सार्वजनिक स्थलों पर कचरा फेंकने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# ऋषि के परिजनो से मिले गोड्डा सांसद डॉ निशिकांत दुबे, दी आर्थिक मदद

## एसपी से की निष्पक्ष जांच की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता



**गोड्डा।** बसंतराय थाना छेत्र के मोकलचक गांव में 11 जून को हुए युवक ऋषि कुमार के संदेहास्पद मौत के मामले में गोड्डा सांसद डॉ निशिकांत दुबे गुरुवार को दिवंगत युवक के परिजनों से मिलने उनके पैतृक आवास मोकलचक गांव गए और उनके परिवार वालों से मिलकर एक लाख रुपए की आर्थिक मदद की और हर संभव मदद करने का भरोसा दिया। साथ ही दोषियों को फांसी दिलाने का भरोसा जताया। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिजनों से बातचीत करके पता चला कि युवक की हत्या की गई है। यह देश हिंदू मुस्लिम सभी का है सभी की अपनी धार्मिक आजादी है यदि मुसलमानो को हिंदुओं के धार्मिक आयोजन से दिक्कत है तो देश खतरनाक मोड़ पर है। कहा की यदि किसी को लगता है वह हिंदुओं पर अत्याचार कर के बच जाएंगे तो ये चलने वाला नहीं है। उन्होंने पहले भी कहा है कि बसंतराय महागामा मधुपुर मार्गो मुंडा जैसे जगहों की डेमोग्राफी बदल गई है। हो सकता है बांग्लादेशी घुसपैठिए यहां आकर निवास करते हो और आपराधिक घटनाओं में सम्मिलित हो। पुलिस अधीक्षक और एसडीपीओ और थाना प्रभारी से बात कर निष्पक्ष जांच करने की मांग की है। निष्पक्ष जांच नहीं होने पर इसकी एन आई ए से जांच कराई जाएगी। उन्होंने वर्तमान गोड्डा विधायक सह मंत्री संजय प्रसाद यादव का पीड़ित परिवार से अबतक नहीं मिलना को वोट की राजनीति करार दिया। कहा कि परिवार को डरने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि बसंतराय जैसे जगहों पर भी दंगा होने नहीं दिया इसलिए डरने और घबराने की जरूरत किसी को नहीं है। मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष राजीव मेहता, प्रदीप शर्मा, गौतम झा, प्रमोद झा सुरेश पासवान व कार्यकर्ता मौजूद थे।

## एक नजर में

### जिला समन्वय समिति की बैठक में डीसी ने की विकास योजनाओं की समीक्षा



बोकारो। समाहरणालय स्थित सभागार में डीसी अजय नाथ झा की अध्यक्षता में संपन्न जिला समन्वय समिति की बैठक में मनरेगा पीएम आवास अबुआ आवास बिरसा हरित ग्राम योजना पेयजल खाद्य आपूर्ति सामाजिक सुरक्षा कृषि, पशुपालन शिक्षा व राजस्व सहित प्रमुख विकास योजनाओं की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने सभी पदाधिकारियों को समर्पण और समन्वय के साथ कार्य करने का आह्वान किया। बैठक में कुछ प्रखंडों के प्रदर्शन पर असंतोष जताया गया। वहीं कुछ की सराहना की गई। डीसी ने महिलाओं और एससी/एसटी वर्ग की भागीदारी को बढ़ाने के निर्देश दिए। डीसी ने डोभा योजनाओं में जियो टैगिंग लंबित 961 योजनाओं को शीघ्र पूरा करने को कहा। डीसी ने लंबित पड़े निर्माण कार्य शीघ्र शुरू कराने के निर्देश दिए। डीसी ने भूमि विवाद व दाखिल–खारिज और दोहरी जमाबंदी जैसे मामलों का निपटारा मिशन मोड में करने को कहा। साथ ही अवैध कब्जा हटाने व भूमि रिकॉर्ड को व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। डीसी ने पेयजल, खाद्यान्न वितरण और जन–समस्याओं के निराकरण के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने 7 से 15 जुलाई तक विशेष पौधारोपण अभियान चलाने की घोषणा की जिसमें आमजन छात्र एसएचजी की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्देश सभी बीडीओ को दिया। बैठक में डीआरडीए निदेशक मेनका एडीसी मो मुमताज अंसारी एसडीओ चास सुश्री प्रांजल ढांडा एसडीओ बेरमो मुकेश मछुआ सभी बीडीओ सीओ तथा विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## स्पीड न्यूज

### महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने महिलाओं के बीच की सैनिटरी पैड वितरण



फुसरो। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के जन्मदिन के अवसर पर महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजंता समद ने प्रियदर्शिनी उड़ान योजना के तहत महिलाओ व युवतियो के बीच सैनिटरी पैड का बितरण की। उन्होंने कहा कि नारी सशक्तिकरण से प्रदेश व देश सशक्त व समृद्ध हो रहा है। प्रियदर्शिनी उड़ान योजना महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की राहें आसान बना रही हैं। जिसमें फील्ड क्वारी और करगली बाजार में महिलाओं को सेनेटरी पैड का वितरण किया गया। मौके पर जिला पदाधिकारी नेहा यादव, निखत खातून, रश्मि देवी, पुष्पा देवी, रीना देवी, मनु देवी, गुंजा प्रवीण, लक्ष्मी देवी, मुस्कान कुमारी, गीता सिंह, उषा देवी, लक्ष्मी सुरीन, विजय आदि लोग मौजूद थे।

### नाबालिग से दुष्कर्म करने के आरोपित को 20 वर्ष की सजा

गोड्डा। पोक्सो के विशेष न्यायाधीश सह अपर जिला जज प्रथम कुमार पवन के न्यायालय ने शादी का झांसा देकर नाबालिग के साथ लगातार दुष्कर्म करने आरोपित महागामा थाना क्षेत्र के नेमनियाकिता निवासी अनुपम तिग्गा को दोषी पाकर पोक्सो एक्ट की धारा छह के तहत 20 वर्ष सश्रम कारावास एवं 20,000 रुपए जुमार्ना भरने की सजा सुनाई। जुमार्ना का भुगतान नहीं करने की स्थिति में एक माह अतिरिक्त सजा से दंडित किया गया है। दो अगस्त 2022 को महागामा थाना में दर्ज प्राथमिकी में नाबालिग ने कहा था कि एक वर्ष पहले उसे अनुपम तिग्गा से प्यार हो गया था। इस दौरान दोनों के बीच बातचीत होती रहती थी। इसी बीच अनुपम तिग्गा ने शादी का प्रलोभन देकर उसके घर में आकर 20 जून 2021 को पहली बार उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया। उसके बाद भी लगातार संबंध बनाता रहा। कुछ दिन बाद वह मुझे भगाकर दिल्ली ले गया। दिल्ली में मुझे एक कमरे में कैद कर दिया गया तथा लगातार उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाता रहा। जब मेरा गर्भ ठहर गया तो जबरन गर्भपात करा दिया। इसके बाद 29 जून 2022 को उसे दिल्ली में अकेले छोड़कर भाग गया। जहां से वह अकेले घर आई।

### स्वांग वन बी और साड़म मे फुट पेट्रोलिंग अभियान चलाया गया



गोमिया। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर बुधवार को गोमिया थाना प्रभारी रवि कुमार ने सशस्त्र बल के साथ गोमिया थाना क्षेत्र अंतर्गत स्वांग वन बी,साड़म मे फुट पेट्रोलिंग अभियान चलाया गया गोमिया थाना प्रभारी ने साड़म बाजार में सभी दुकानदारों को अपने दुकानों के सामने वाहन नहीं खड़ा करने की सख्त हिदायत दिया साथ ही प्रमुख दुकानदारों को अपने प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी कैमरा लगाने का निर्देश भी दिया। फूट पेट्रोलिंग के क्रम में ग्राम स्वांग से स्थानीय गण्यमान्य लोगों से संवाद किया गया। आगामी मुहर्रम पर्व को लेकर पुलिस पब्लिक समन्वय बनाने का निर्देश देते हुए प्रभारी ने सभी को सहयोग की अपील की उन्होंने कहा कि त्यौहार शांतिपूर्ण संपन्न हो इसके लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सशक्त है।

## 55 हजार क्यूसेक मीटर प्रति सैकेंड नदी में हो रहा है पानी का बहाव

# तेनुघाट डैम का खोला गया आठ फाटक





खबर मन्त्र संवाददाता

**लगातार बारिस होने के कारण दामोदर नदी का जलस्तर बढ़ा रहा है**

**बेरमो।** अनुमंडल मुख्यालय स्थित तेनुघाट डैम का आठ फाटक खुला हुआ है। वहीं लगातार बारिस होने के कारण दामोदर नदी का जलस्तर लगातार बढ़ा रहा है। वहीं डैम में पानी रखने की क्षमता 852 फीट है जबकि अभी पानी 854 फीट तक हो गया है। वहीं कल दो फाटक खोला गया था और आज सुबह दो फाटक खोला गया है। जब दोपहर में दामोदर नदी का जलस्तर काफी बढ़ गया तो चार और फाटक खोल दिया गया है। वहीं अभी कुल आठ रेडियल फाटक खुला हुआ है जिससे अत्यधिक मात्र में पानी का बहाव दामोदर नदी में हो रहा है। वहीं भारी वारिश को देखते हुए और भी फाटक खोला जा सकता है। बताते चले की लगातार हो रहे बारिश के कारण तेनुघाट डैम का दो फाटक को गुरुवार सुबह खोला गया और कल दो फाटक रेडियल गेट को खोला गया था। कुल मिलाकर चार गेट को खोला गया था। वहीं दो बजे के बाद और चार फाटक खोल दिया गया, जिससे दामोदर नदी में 55 हजार क्यूसेक प्रति मीटर सेकेंड में पानी डिस्चार्ज किया जा रहा है। जिससे दामोदर नदी का जलस्तर बढ़ गया है ऐसे में जिला प्रशासन ने इसको लेकर लोगों को सतर्क भी किया है। दामोदर किनारे रहने वाले लोग और दामोदर नदी में मछली मारनेवाले और स्नान करने वाले लोगो को जिला प्रशासन के द्वारा आगाह करते हुए इसकी जानकारी दे दी गई है। जरूरत पड़ने पर और भी रेडियल गेट खोलने की बात कही गई है।

## डालमिया सीमेंट ने की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की बड़ी पहल

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** डालमिया सीमेंट (भारत) लिमिटेड की सीएसआर इकाई- डालमिया भारत फाउंडेशन ने महिलाओं को हुनरमंद और आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से रेड कारपेट लर्निंग इंस्टीट्यूट के साथ दीक्षा पहल के अंतर्गत एक एमओयू किया है। इस पहल के तहत असम पश्चिम बंगाल और झारखंड में 10 बैचों में कुल 300 महिलाओं को ऑटोमोबाइल सेक्टर की ट्रेनिंग दी जाएगी। तीन प्रमुख क्षेत्रों- शोरूम होस्ट व टेली-कॉलर और टू-व्हीलर सर्विस असिस्टेंट में प्रशिक्षण अगस्त 2025 से शुरू होकर दिसंबर 2025 तक चलेगा। ट्रेनिंग के लिए 18 वर्ष या उससे अधिक आयु की दसवीं पास महिलाएं पात्र होंगी। सफल प्रतिभागियों को लगभग 10000 प्रति माह की शुरूआती आय वाली नौकरी मिलने की उम्मीद है। प्रशिक्षण केंद्रों को अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा और मूल्यांकन तीन चरणों में होगा। कोर्स पूरा करने वाली महिलाओं को 90% प्लेसमेंट सहायता दी जाएगी। इस साझेदारी पर डालमिया भारत फाउंडेशन के सीईओ अशोक कुमार गुप्ता और रेड कार्पेट लर्निंग इंस्टीट्यूट के पार्टनर बिटन रॉय ने हस्ताक्षर किए। दोनों अधिकारियों ने महिलाओं के कौशल विकास को लेकर अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। अब तक दीक्षा के तहत 23624 लोगों को प्रशिक्षित किया जा चुका है जिनमें बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हैं।

## बोकारो : स्वामी अद्वैतानंद ने आत्मज्ञान के पथ पर अग्रसर होने की दी प्रेरणा





खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** चिन्मय मिशन केंद्र जनवृत-5 द्वारा चिन्मय विद्यालय बोकारो में आयोजित छह दिवसीय ज्ञान यज्ञ के समापन दिवस की संध्या पर भारी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच स्वामी अद्वैतानंद सरस्वती जी ने श्रीराम-वाल्मीकि संवाद के माध्यम से सच्चे भक्त की पहचान को स्पष्ट करते हुए कहा कि प्रभु उन हृदयों में वास करते हैं जहां लोभ मोह राग-द्वेष अभिमान और क्रोध नहीं होता। उन्होंने कहा कि वास्तव में धन्य वही है जो अपने सच्चिदानंद स्वरूप को जान ले और परमात्मा से एकाकार हो जाए। स्वामी जी ने कहा कि संसार की भौतिक उपलब्धियां अंत में व्यक्ति को शून्यता का अनुभव कराती हैं जबकि आत्मिक जीवन में ही सच्ची तृप्ति है। उन्होंने भक्तों को संतों की संगति में आत्मज्ञान के पथ पर अग्रसर होने की प्रेरणा दी। स्वामी जी ने कहा कि ज्ञान गंगा में निरंतर डुबकी लगाते रहने से हमारे भीतर छिपे दुख व दोष और अज्ञान का प्रक्षालन संभव है। उन्होंने कहा- संपूर्ण दृश्यमान जगत ही ब्रह्म से ओत प्रोत है। हमेशा इसी बोध के साथ जीएं। ज्ञान मार्गी बनें तभी आपका जीवन सार्थक और धन्य होगा। कार्यक्रम के अंत में श्रीराम लला की आरती संपन्न हुई। स्वामी जी ने उपस्थित श्रद्धालुओं को पुस्तकें भेंट कीं और प्रसाद वितरण हुआ। मौके पर मुख्य अतिथि बोकारो के डीसी अजय नाथ झा के अलावा चिन्मय मिशन बोकारो की आचार्या स्वामिनी संयुक्तानंद सरस्वती विद्यालय के अध्यक्ष बी मुखोपाध्याय सचिव महेश त्रिपाठी कोषाध्यक्ष आरएन मल्लिक प्राचार्य सूरज शर्मा नरमेन्द्र कुमार गोपाल चंद्र मुंशी विद्यालय के शिक्षक कर्मचारी छात्र परिषद के सदस्य और चिन्मय मिशन के पदाधिकारी तथा भक्तगण उपस्थित थे।

## कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ बासुकीनाथ महादेव मंदिर और पार्वती मंदिर महोत्सव



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जारंगडीह 16 नम्बर मे श्री श्री बासुकीनाथ महादेव मंदिर एवं मां पार्वती मंदिर का वार्षिक महोत्सव मनाया जा रहा है। इसी क्रम में बृहस्पतिवार की सुबह से ही यहां भक्तो की भारी भीड़ मंदिर परिसर में उमड़ आई थी। बताते चले की आयोजन की शुरूआत मंदिर परिसर से भव्य रुप से गाजे बाजे के साथ कलस यात्रा निकाली गई जो यात्रा दामोदर नदी तट से जल उठाकर मंदिर परिसर में वापस लौटी। इसके बाद मंदिर परिसर में विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की गई और कलश स्थापित की गई। जबकि पूजा समिति के अनुसार संध्या 6:00 बजे से यहां भजन कीर्तन का आयोजन मंदिर परिसर में किया जायेगा। वहीं 20 जून को दोपहर को प्रसाद वितरण आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। बताया गया कि रात्रि में भव्य जागरण का आयोजन होगा और इस कार्यक्रम का आयोजक श्री श्री बासुकीनाथ नाथ मंदिर एवं मां पार्वती मंदिर समिति जारंगडीह 16 नंबर द्वारा किया जा रहा हैं। जबकि इस समिति के अध्यक्ष नित्य मेथी, सचिव श्याम सिंह सोनार ने उपरोक्त जानकारी मिडिया को दी।

## लाखों अर्जित हो सकते स्क्रैप से : अजय कुमार

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो।** सीसीएल के लगभग सभी क्षेत्रों में दर्जनों वहान स्क्रैप में तब्दील हो चुके हैं। किसी किसी परियोजना में 20 वर्ष 15 वर्ष 10 वर्ष से बेकार पड़े स्क्रैप के नीलामी नहीं हो पाने से लाखों रुपया का नुकसान हो रहा है। स्क्रैप पॉलिसी बनाकर इन सारे चीजों का सर्वे करवा कर स्क्रैप उठाव से जहां पर स्क्रैप पड़े हैं वहां की सफाई हो सकेगी साथ ही छोटे-मोटे चोरी के नियत से जो लोग चहल कदमी करते हैं उसमें भी कमी आएगी। कथारा क्षेत्र के सभी परियोजनाओं को मिलाकर लगभग 50 ऐसे चार पहिया छह पहिया वाहन बेकार पड़े हैं, उसके उठाव से लाखों रुपया कंपनी को अर्जित हो सकता है। लेकिन लंबे समय से इस पर ठोस कदम अथवा ठोस निर्णय नहीं ले पाने की स्थिति में स्क्रैप का उठाव संभव नहीं हो पा रहा है। सीसीएल के अध्यक्ष सह, प्रबंध निदेशक, तथा महाप्रबंधक भंडार सीसीएल मुख्यालय का ध्यान आकर्षण करते हुए स्क्रैप का उठाव जल्द करवाने से सीसीएल को लाखों रुपया प्राप्त हो सकता है इस संदर्भ में कथारा क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष अजय कुमार सिंह ने कहां है कि प्रबंधन जल्द ही बेकार पड़े स्क्रैप की नीलामी करके बेकार पड़े वाहनों के स्थान को सफाई भी किया जा सकता है।

## पेज एक का शेष

### आफत की बारिश...

**बारिश ने छीनी कई जिंदगियां :** भारी बारिश से पूरे झारखंड में हर ओर तबाही ही नजर आ रही है। खूंटी जिले में निमार्णाधीन कुएं के धंस जाने से उसमें नीचे 22 घंटे तक दबे रहने के बाद दो स्कूली छात्रों ने दम तोड़ दिया। तमाड़ में एक मासूम बच्ची के ऊपर दीवार गिरी और उस मलबे में दबने से उसकी मौत हो गयी। उसकी पहचान संयोति कुमारी के रूप में हुई। चक्रधरपुर में मिट्टी का मकान गिर जाने से एक महिला की मौत हो गयी। तीन बच्चों के घायल होने की खबर है। चान्हो के बढ़ईया में पड़ोसी की दीवार गिरने से एक बुजुर्ग की मौत हो गयी। खूंटी के तोरपा में छत गिरने से एक युवक की मौत हो गयी। मृत युवक युवक राजकुमार मांझी खूंटी में चौधरी मेडिकल हॉल में काम करता था। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने राजकुमार को मलबे से निकालकर प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स रेफर कर दिया गया। हालांकि, परिजनों ने उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

**रिम्स के बेसमेंट में घुसा पानी :** राज्य के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल रिम्स के बेसमेंट में भी पानी भर गया है। हालात ऐसे हैं कि अस्पताल के ऑपरेशन थियेटर तक में बारिश का पानी जमा हो गया है। कर्मचारियों को पानी निकालने में लगाया गया है।

ठाकुरगांव में मूसलाधार बारिश से एकैशि महादेव मंदिर में भुर नदी का पानी उफान पर पहुंच गया है। सोनाहातू प्रखंड में लगातार हो रही बारिश से प्रखंड के सभी नदी नाले उफान पर हैं। स्वर्णरिखा नदी के उफान पर होने के चलते सतीघाट मंदिर डूब गया है। इटकी में चचगुरा से भंडरा सड़क का डाइवर्जन ही बह गया है। पर्यटनकर्मियों ने पर्यटकों को फॉल के करीब जाने पर रोक लगा दी है।

**कई ट्रेन हुई प्रभावित :** झारखंड में हो रही तेज बारिश का असर ट्रेन संचालन पर भी हो रहा है। रेलवे ने बड़काखना टाटा को रद्द कर दिया है। इसके अलावा रांची हावड़ा ट्रेन को डायवर्ट रूट से चलाने का फैसला लिया है। इलाके में तेज बारिश के कारण सड़क यातायात भी प्रभावित हो रहा है।

**सभी नदियां खतरे के निशान से ऊपर :** रांची में भी लगातार बारिश हो रही है। लगातार दो दिनों से हो रही बारिश के कारण क्षेत्र की सभी नदियां खतरे के निशान के ऊपर बह रही हैं। इससे नदी के आसपास के इलाकों में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। कई इलाकों में घरों में भी पानी भरने लगा है।

**जमशेदपुर में बाढ़ जैसे हालात :** भारी बारिश का असर जमशेदपुर में भी देखने को मिल रहा है। यहां दो दिनों से लगातार बारिश के बाद सड़कों पर पानी भर गया है। कई इलाके जलमग्न हो गये हैं। इलाके में लगातार हो रही बारिश के कारण बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। बारिश के कारण जमशेदपुर में सोनारी एयरपोर्ट की दीवार, जमशेदपुर में एक स्कूल की चहारदीवारी गिर गयी। जमशेदपुर की आशियाना वुडलैंड सोसाइटी में इतना पानी भर गया है कि नाव से आना और जाना करना पड़ रहा है। चांडिल डैम का जलस्तर 181.20 मीटर पर पहुंच गया। डैम के सात फाटक को ढाई-ढाई मीटर तक खोल दिया गया। इससे स्वर्णरिखा नदी पूरे उफान पर आ गई। तटीय इलाकों में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है।

**कहां कितनी बारिश :** रांची मौसम केंद्र के अनुसार पिछले 24 घंटे में बारिश में जमशेदपुर में सर्वाधिक 247.2 मिमी वर्षा दर्ज की गयी। सरायकेला-खरसावां में 237.5 मिमी, रांची के कांके में 260.4 मिमी, लातेहार में 150 मिमी, चाईबासा में 123.3 मिमी, और डाल्टनगंज में 107.4 मिमी बारिश दर्ज की गयी। रांची मौसम केंद्र के निदेशक अभिषेक आनंद ने बताया कि गंगा के तटीय क्षेत्र पश्चिम बंगाल और आसपास के इलाकों में बना निम्न दबाव का क्षेत्र धीरे-धीरे उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ रहा है। उम्मीद है कि अगले 24 घंटों में यह क्षेत्र झारखंड से आगे बढ़ जायेगा।

**आज की मौसम चेतावनी :** 20 जून को गढ़वा, पलामू, चतरा, और लातेहार जिलों में भारी बारिश की संभावना के कारण ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है. इसके अलावा, हजारीबाग, कोडरमा, गिरिडीह, देवघर, और दुमका जिलों में भारी बारिश का येलो अलर्ट रहेगा। मूसलाधार बारिश से अधिकतम तापमान में कमी आयी है।

**मूसलधार बारिश से रांची बेहाल :** राजधानी रांची में लगातार तीन दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। शहर की छोटी-बड़ी सड़कें जलमग्न हैं। वहीं हरमू और स्वर्णरिखा जैसी प्रमुख नदियां खतरे के निशान के ऊपर बह रही हैं। स्वर्णरिखा नदी के किनारे बसे कुछ इलाकों में पानी घरों में घुस गया है। कई परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट करना पड़ा। हरमू नदी और अन्य बड़े नाले भी उफान पर हैं, जिससे आस-पास के इलाकों में जलभराव और बाढ़ जैसे हालात हैं।

**एयरपोर्ट जाने वाली सड़क भी जाम :** भारी बारिश से शहर में ट्रैफिक की रफ्तार धीमी हो गयी है। इधर एयरपोर्ट रोड पर भी एक ट्रैक्टर, रोड धंसने के कारण पलट गया। रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट जाने वाली सड़क में जाम की स्थिति बन गयी, जिससे एयरपोर्ट जाने वाले यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ी। फिलहाल रांची व आसपास के जिलों में राहत व बचाव दल को अलर्ट मोड पर रखा गया है ताकि किसी भी आपात स्थिति से निपटा जा सके।

### सिकल सेल पर...

उन्होंने यह भी कहा कि वे सिकल सेल को एक बीमारी कहना उचित नहीं मानते हैं, फिर भी इस संक्रमण से प्रभावित लोगों का इलाज और अन्य समस्याओं का समाधान तभी सम्भव होगा जब वे अपनी बातें तथा परेशानियों को खुलकर रखेंगे। युवक-युवतियों ने अपनी समस्याओं को मुख्यमंत्री के सामने खुलकर रखा। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी, मुख्य सचिव अलका तिवारी, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह के अलावा डॉ कनीनिका मित्र, प्रमुख, यूनिसेफ झारखंड, डॉ विवेक सिंह, आस्था अलंग, डॉ वनेश माथुर, शिवानी मौजूद थीं।

# ट्रंप ने ईरान पर हमले को दी मंजूरी

▸▸ **मैं अंतिम निर्णय समय से एक सेकंड पहले लेना पसंद करता हूं, खासकर युद्ध के समय : राष्ट्रपति**

**एजेंसी**



**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार रात ईरान पर हमले को मंजूरी दी है। उन्होंने इस बात पर अंतिम निर्णय नहीं लिया कि हमला किया जाए या नहीं। औपचारिक रूप से वह यह भी तय नहीं कर पाए हैं कि इजराइल के हवाई अभियान में शामिल हुआ जाए या नहीं। अमेरिका के सीबीएस न्यूज चैनल ने अपनी 18 जून को प्रसारित रिपोर्ट में यह दावा एक वरिष्ठ खुफिया सूत्र और रक्षा विभाग के अधिकारी के हवाले से किया है। सीबीएस न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, अगर तेहरान अपने परमाणु कार्यक्रम को छोड़ने पर सहमत हो जाता है तो अमेरिका हमला नहीं करेगा। यह बात ट्रंप ने हमले की योजना को मंजूरी देते हुए कही। चैनल के अनुसार, यह खबर सबसे पहले द वॉल स्ट्रीट जर्नल ने दी। व्हाइट हाउस ने इस पर टिप्पणी के अनुरोध का तुरंत जवाब नहीं दिया। ट्रंप ईरान के फोर्डो भूमिगत यूरेनियम संवर्धन सुविधा पर अमेरिकी हमले पर विचार कर रहे थे। पिछले सप्ताह के अंत में ईरानी परमाणु और सैन्य ठिकानों पर बमबारी शुरू करने के बाद से इजराइल ने अभी तक फोर्डो पर हमला नहीं किया है। ट्रंप ने बुधवार को संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने ईरान पर हमला करने के बारे में अभी तक कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया है।

उन्होंने कहा कि मैं अंतिम निर्णय समय से एक सेकंड पहले लेना पसंद करता हूं, क्योंकि चीजें बदलती रहती हैं, खासकर युद्ध के साथ। उन्होंने बुधवार को पहले कहा कि मैं यह कर सकता हूं। मैं यह नहीं भी कर सकता। मेरा मतलब है, कोई नहीं जानता कि मैं क्या करने जा रहा हूं। उन्होंने कहा कि वे चाहते हैं कि ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम को समाप्त करने के लिए एक समझौते पर बातचीत करे। ईरान ने बुधवार को कहा कि वह दबाव में बातचीत नहीं करता है। उसने कहा कि वह किसी भी खतरे का जवाब धमकी से देगा। एक वरिष्ठ अमेरिकी खुफिया अधिकारी और मामले की जानकारी रखने वाले पेंटागन अधिकारी के अनुसार, यदि अमेरिका इजराइली अभियान में शामिल होता है तो ईरान ने मध्य पूर्व में अमेरिकी ठिकानों पर हमले के लिए मिसाइल और उपकरण तैयार किए हैं।

यूएस टुडे अखबार के अनुसार, पेंटागन के पास ईरान पर संभावित हमले के बाद की स्थिति संभालने के लिए कम से कम 40,000 सैनिक पहले से मध्य पूर्व में हैं। यह सैनिक इस समय बहरीन से लेकर सीरिया और बीच के स्थानों पर तैनात हैं। अगर अमेरिका ईरान की परमाणु सुविधाओं पर चल रहे हमले में इजरायल के साथ शामिल होता है, तो यह सैनिक ईरानी बैलिस्टिक मिसाइलों, ड्रोन या आतंकवाद से जुड़े जवाबी हमलों में मदद करेंगे।

## इजराइल कर सकता है खामेनेई के बंकर पर हमला

▸▸ **ईरान के सर्वोच्च नेता को अब जिंदा रहने का कोई अधिकार नहीं है : काट्ज**

▸▸ **खामेनेई को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया**

**एजेंसी**



**तेल अवीव।** इजराइल के रक्षामंत्री इजराइल काट्ज ने यह कहकर सनसनी मचा दी है कि उसके सबसे बड़े अस्पताल में मिसाइलों से हमला कराने वाले ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई को अब जिंदा रहने का कोई अधिकार नहीं है। इसके बाद ऐसी आशंका है कि इजराइल अब बंकर में परिवार समेत छुपे खामेनेई पर कभी भी हमला कर सकता है। आर वोलंट मीडिया यूके लिमिटेड के ईरान इनसाइट की एक खबर के अनुसार, संभव है अब 86 वर्षीय खामेनेई को बंकर से सुरंग के रास्ते कहीं और भेज दिया गया है। अब किसी को नहीं पता कि सर्वोच्च नेता को किस जगह रखा गया है। कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि खामेनेई को सुरंगों के माध्यम से मशहद में सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया गया है। मशहद पूर्वी ईरान में है। यह राजधानी तेहरान से करीब 850 किलोमीटर दूर है।

**खामेनेई ने शक्तियां इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स को सौंपी :** इस बीच एक खबर में कहा जा रहा है कि खामेनेई ने ईरानी सेना की सर्वोच्च परिषद इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स को प्रमुख शक्तियां सौंप दी हैं। ईरान इनसाइट के अनुसार, खामेनेई को उनके बेटे मोजतबा सहित उनके करीबी परिवार के सदस्यों के साथ उत्तर-पूर्वी तेहरान में एक भूमिगत बंकर में भेज दिया गया है। ईरानी राज्य मीडिया ने इस खबर पर चुप्पी साध रखी है। अंदरूनी सूत्रों का दावा है कि सेना अब रणनीतिक संचालन, खुफिया निदेशों और क्षेत्रीय कमांड समन्वय पर विस्तारित नियंत्रण रखती है।

**काट्ज ने की हिटलर से तुलना :** इजरायल के रक्षामंत्री इजरायल कैट्ज ने कहा कि ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई को अब जीवित रहने का अधिकार नहीं है। होलोन के केंद्रीय शहर में पत्रकारों से कैट्ज ने कहा कि ईरान की मिसाइलों ने रातभर तबाही मचाई है। सोरोका मेडिकल सेंटर पर हमला किया है। उन्होंने खामेनेई की तुलना जर्मन तानाशाह एडोल्फ हिटलर से की।

**ईरान में इंटरनेट ब्लैकआउट :** इंटरनेट गवर्नेंस की निगरानी करने वाले संगठन नेटब्लॉक्स के आंकड़ों के अनुसार, बुधवार दोपहर ईरान में इंटरनेट कनेक्टिविटी 78 फीसद से घटकर 3 फीसद रह गई। ईरान के सूचना और संचार प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने कहा कि सुरक्षा कारणों से अस्थायी इंटरनेट प्रतिबंध लगाया गया है। ऐसा इसलिए कि इजराइली हमलों के शुरू होने के बाद से ईरान को आंशिक इंटरनेट आउटेज का सामना करना पड़ रहा है।

**इजराइल ने सेना से हमला तेज करने को कहा :** इजराइल के रक्षामंत्री काट्ज ने अस्पतालों और आवासीय भवनों के खिलाफ जानबूझकर किए गए हमलों का हवाला देते हुए सेना को ईरान में रणनीतिक लक्ष्यों के खिलाफ हमले तेज करने का निर्देश दिया है।

### तेहरान के आसमान पर किलेबंदी

ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने स्थानीय समयानुसार सुबह 4 बजे से ठीक पहले टेलीग्राम पर पोस्ट किया। इसमें कहा गया है कि तेहरान के ऊपर वायु रक्षा प्रणाली सक्रिय कर दी गई है। ईरान की राजधानी तेहरान के आसपास के स्थानों पर अब इजराइल के लिए हमला करना आसान नहीं होगा। ईरान के उप विदेश मंत्री माजिद तख्त रवांची ने कहा कि हम आत्मरक्षा के लिए काम कर रहे हैं।

### इरान के अराक जल रिएक्टर पर हमला

ईरान ने कहा कि इजराइल ने गुरुवार को उसके अराक भारी जल रिएक्टर पर बम बरसाए हैं। यह स्थान राजधानी तेहरान से लगभग 155 मील (250 किलोमीटर) दक्षिण-पश्चिम में है। यह एक परमाणु सुविधा केंद्र है। स्थानीय समयानुसार सुबह 6 बजे के आसपास सुविधा पर दो प्रोजेक्टाइल दागे गए।

## स्पीड न्यूज

### राजा हत्या में सोनम और राज की पुलिस हिरासत दो दिन बढ़ी

शिलांग। इंदौर के व्यवसायी राजा रघुवंशी की हत्या के मामले में उनकी पत्नी सोनम रघुवंशी और उसके कथित प्रेमी राज कुशवाहा की पुलिस हिरासत को शिलांग के जिला एवं सत्र न्यायालय ने गुरुवार को दो दिन के लिए बढ़ा दिया। इस सनसनीखेज हत्या मामले में मेघालय पुलिस ने गुरुवार को सभी पांच आरोपितों सोनम रघुवंशी, राज कुशवाहा, विशाल चौहान, आकाश राजपूत और आनंद कुर्मी को अदालत में पेश किया। पुलिस ने सोनम और राज की हिरासत बढ़ाने की मांग करते हुए कहा कि जांच के शेष हिस्से पूरे करने के लिए और समय चाहिए। इस पर कोर्ट ने दोनों की पुलिस हिरासत दो दिनों के लिए बढ़ा दी।

### नेपाल में मिथेन गैस का बड़ा भंडार मिला

काठमांडू। नेपाल के दैलेख जिला में प्राकृतिक गैस का एक बड़ा भंडार मिलने का दावा किया गया है। तेल उत्खनन करने गई चीनी कंपनी को मिथेन गैस का भंडार मिलने की जानकारी नेपाल सरकार को दी गई है। सरकार की तरफ से कहा गया है कि प्राकृतिक गैस का मिला भंडार नेपाल की घरेलू खपत के लिए 50 वर्षों के लिए पर्याप्त है। चाइना जियोलॉजिकल सर्वे ने पहले दैलेख में भौगोलिक अध्ययन कराया था, जिसमें इस क्षेत्र में ट्रैक भंडार होने की रिपोर्ट सौंपी गई थी। उद्योग वाणिज्य तथा आपूर्ति मंत्री दामोदर भंडारी ने कहा कि उत्खनन की प्रारंभिक रिपोर्ट से वहां मिथेन गैस होने की बात सुनिश्चित हुई है।

### सोनिया गांधी को अस्पताल से छुट्टी

नयी दिल्ली। कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी को चार दिन के बाद गुरुवार को सर गंगा राम अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। उन्हें पेट से संबंधित बीमारी के कारण 15 जून को भर्ती कराया गया था।डिस्चार्ज होने पर सोनिया गांधी को लेने उनके बेटे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी अस्पताल पहुंचे थे। पार्टी नेताओं और शुभचिंतकों ने सोनिया गांधी के जल्द ठीक होने की कामना की है। डॉक्टरों ने सोनिया को आराम करने की सलाह दी।

### भारत-फ्रांस संयुक्त सैन्य अभ्यास शुरू

नयी दिल्ली। भारत और फ्रांस के बीच हर दो वर्ष में होने वाला संयुक्त सैन्य अभ्यास शक्ति बुधवार को फ्रांस के कैंप लारजैक, ला कैवेलरी में शुरू हुआ। शक्ति के आठवें संस्करण में भारतीय सेना की टुकड़ी में 90 सैनिक हिस्सा ले रहे हैं। इस टुकड़ी का प्रतिनिधित्व मुख्य रूप से जम्मू और कश्मीर राइफल्स की एक बटालियन के साथ-साथ अन्य शाखाओं और सेनाओं के सैनिक कर रहे हैं। फ्रांसीसी टुकड़ी में भी 90 कर्मी शामिल हैं जिनका प्रतिनिधित्व 13वीं विदेशी सेना हाफ-ब्रिगेड (13 डीबीएलई) कर रही है।


### तीन देशों की यात्रा के बाद स्वदेश लौटे मोदी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीन देशों की सफल यात्रा के बाद गुरूवार अपराह्न स्वदेश लौट आये। मोदी पांच दिन की यात्रा के अंतिम पड़ाव पर क्रोएशिया से राजधानी दिल्ली के लिए रवाना हुए थे। प्रधानमंत्री रविवार को यात्रा के पहले पड़ाव पर साइप्रस के लिए रवाना हुए थे। साइप्रस में उन्होंने राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस के साथ द्विपक्षीय बैठक में हिस्सा लिया। राष्ट्रपति ने श्री मोदी को साइप्रस के सर्वोच्च सम्मान ह्यग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ मकारियोस ह्न से सम्मानित किया। साइप्रस में दो दिन के प्रवास के बाद मंगलवार को वह कनाड़ा पहुंचे जहां उन्होंने जी-7 देशों की बैठक में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न देशों के नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी की। मोदी बुधवार को यात्रा के अंतिम पड़ाव पर क्रोएशिया पहुंचे। वहां उन्होंने प्रधानमंत्री आंद्रेज प्लेंकोविच के साथ द्विपक्षीय बातचीत की। किसी भारतीय पीएम की यह पहली क्रोएशिया यात्रा थी।

## प्रधानमंत्री आज बिहार में कई योजनाओं का देंगे सौगात

▸▸ **सिवान में पाटलिपुत्र और गोरखपुर के बीच वंद भारत एक्सप्रेस को रवाना करेंगे**

▸▸ **मढ़ौहारा रेल इंजन फैक्ट्री में बने पहले लोकोमोटिव को भी हरी झंडी दिखाएंगे, जो गिनी को भेजा जायेगा**



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 20 और 21 जून को बिहार, ओडिशा और आंध्र प्रदेश का दौरा करेंगे। इस दौरान वह तीनों राज्यों में जल, रेल, ऊर्जा, स्वास्थ्य, सड़क और स्वच्छता से जुड़ी कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री का पहला पड़ाव 20 जून को बिहार के सिवान में होगा, जहां वह दोपहर 12 बजे से विभिन्न विकास परियोजनाओं की शुरूआत करेंगे और एक जनसभा को संबोधित करेंगे। इस मौके पर प्रधानमंत्री वैशाली से देवरिया के बीच नई रेल लाइन परियोजना का उद्घाटन करेंगे। इसके अलावा प्रधानमंत्री पाटलिपुत्र से गोरखपुर के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस को भी रवाना करेंगे, जो मुजफ्फरपुर और बेतिया होते हुए चलेगी, जिससे उत्तर बिहार में कनेक्टिविटी को बड़ा लाभ मिलेगा। प्रधानमंत्री मोदी मढ़ौहारा रेल इंजन फैक्ट्री में बने पहले निर्यात योग्य लोकोमोटिव को भी हरी झंडी दिखाएंगे, जो गिनी गणराज्य को भेजा जाएगा। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत बिहार में 53,600 से अधिक लाभार्थियों को पहली किस्त जारी की जाएगी।

## जेंडर बजट विकास का दृष्टिकोण: अन्नपूर्णा

▸▸ **4.49 लाख करोड़ रुपये के बजट और 273 से अधिक योजनाओं में महिलाओं को प्राथमिकता**

**एजेंसी**



**नयी दिल्ली।** केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 के 4.49 लाख करोड़ रुपये के जेंडर बजट और 273 से अधिक योजनाओं में महिला हितधारकों की प्राथमिकता–यह साबित करता है कि अब बजट केवल आंकड़े नहीं, विकास का दृष्टिकोण है। यह बदलाव महिलाओं को लाभार्थी से नेतृत्वकर्ता बना रहा है। जेंडर बजटिंग पर राष्ट्रीय परामर्श में मंत्रालयों, राज्यों, सहयोगी संस्थानों और विशेषज्ञों की सहभागिता ने महिला नेतृत्व में विकास के साझा संकल्प को सशक्त किया। यह संवाद, समावेशी नीति निर्माण की दिशा में अहम कदम रहा। अन्नपूर्णा देवी गुरुवार को विज्ञान भवन में आयोजित जेंडर बजटिंग पर राष्ट्रीय परामर्श में मौजूद विशेषज्ञों को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले एक दशक में भारत ने ऐसे भविष्य की नींव रखी है जहां महिलाएं अब सिर्फ भागीदार नहीं हैं बल्कि- वे नेता, नवप्रवर्तक, संरक्षक और उद्यमी हैं। अंतरिक्ष मिशन से लेकर जमीनी स्तर के शासन तक नारी शक्ति पहले से कहीं अधिक दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है। भारत की महिलाओं ने अपने दृढ़-संकल्प से, विकसित भारत निर्माण में नित नए आयाम स्थापित किए हैं। वे चुनौतियों को अवसर में बदल रही हैं। अन्नपूर्णा ने कहा कि मंत्रालय द्वारा संचालित वन स्टॉप सेंटर, वुमन हेल्पलाइन ने उन्हें सुरक्षा का विश्वास दिया है। मिशन शक्ति के अंतर्गत प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना के लिए इस बार के बजट में 3150 करोड़ रुपए का आवंटन किया गया है। जिससे 3 करोड़ 66 लाख लाभार्थी महिलाओं को स्वस्थ व सुरक्षित शिशु जन्म व उसकी देखभाल में सहायता प्राप्त होगी।

उन्होंने कहा कि सरकार की दो प्रमुख योजनाएं- प्रधानमंत्री मुद्रा योजना और स्टैंड अप इंडिया- इस परिवर्तन में एक निर्णायक भूमिका निभा रही हैं। मुद्रा योजना के अंतर्गत लगभग 68 प्रतिशत ऋण महिला उधमियों को प्रदान किए गए हैं। यह महिलाओं के नेतृत्व वाले बिजनेस महिलाओं द्वारा संचालित उद्यमी को प्रोत्साहित करने में केंद्र सरकार की भूमिका को दर्शाता है।

## रांची समेत 11 ठिकानों पर ईडी का छापा

▸▸ **नीट-यूजी पेपर लीक और बिहार कांस्टेबल भर्ती घोटाला मामले में रांची में सिकंदर यादवेंदु के घरों की तलाशी**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**पटना।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीमों ने गुरुवार को 2024 के नीट-यूजी पेपर लीक मामले और बिहार बिहार कांस्टेबल भर्ती घोटाले के सिलसिले में देशभर के 11 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। ईडी के एक अधिकारी ने इसकी पुष्टि की। नीट पेपर लीक मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने की एक टीम ने बिहार के नालंदा के नगरनौसा में संजीव मुखिया के बलवा गांव में डॉ शिव कुमार और गोसाईमठ निवासी संदीप कुमार के घर छापेमारी कर तलाशी ली।

पूरे मामले में नालंदा के संजीव मुखिया, उसका पुत्र और उसके गैंग का नाम सामने आया है। प्रवर्तन निदेशालय की टीम जब नालंदा जिले के नगरनौसा थाना क्षेत्र में एक आरोपित के घर छापेमारी करने पहुंची तो वहां लोगों ने हंगामा किया। छापेमारी के दौरान घर के एक सदस्य ने ईडी अधिकारी का मोबाइल फोन छीन लिया। हालांकि नगरनौसा थानाध्यक्ष शशि रंजन मिश्रा ने मोबाइल छीनने की बात से इंकार किया है। प्रवर्तन निदेशालय ने इसके साथ ही बिहार कांस्टेबल भर्ती घोटाले के सिलसिले में देशभर के 11 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की।

ईडी अधिकारी के अनुसार यह कार्रवाई दिल्ली ईडी टीम की अगुवाई में की जा रही है जिसमें पटना, नालंदा, रांची, लखनऊ और कोलकाता समेत कई शहर शामिल हैं।रांची में आरोपित सिकंदर यादवेंदु, यूपी के लखनऊ में पेपर लीक से जुड़े एजेंट और कोलकाता में प्रिंटिंग प्रेस और उसके निदेशक के घरों की तलाशी ईडी ने ली है। कोलकाता में आधा दर्जन स्थानों पर छापेमारी की गई है। सिकंदर बिहार में जूनियर इंजीनियर के पद पर कार्यरत थे।

नीट पेपर लीक मामले में इनकी गिरफ्तारी के बाद इनका नाम सुर्खियों में आया था। सिकंदर बिहार में जूनियर इंजीनियर के पद पर कार्यरत थे। नीट पेपर लीक मामले में इनकी गिरफ्तारी के बाद इनका नाम सुर्खियों में आया था।

### अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में एयर इंडिया ने 15 % की कटौती

**नयी दिल्ली।** टाटा ग्रुप की स्वामित्व वाली कंपनी एयर इंडिया ने अपनी अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में 15 प्रतिशत की कटौती करने का ऐलान किया है। अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में कटौती करने का ये फैसला 12 जून को अहमदाबाद में हुए विमान हादसे के बाद शुरू हुई सुरक्षा जांच, ईरानी एयर स्पेस के बंद होने और अन्य तकनीकी कारणों की वजह से लिया गया है। अंतरराष्ट्रीय उड़ानों की संख्या में की गई ये कटौती कम से कम जुलाई के पहले पखवाड़े तक जारी रहेगी। एयर इंडिया द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर किए गए एक पोस्ट में कहा गया है कि एयर इंडिया के सामने उत्पन्न कठिन स्थितियों को देखते हुए एयरलाइन के ऑपरेशन की स्थिरता और बेहतर दक्षता को सुनिश्चित करने के लिए तथा मुसाफिरों की असुविधा को कम करने के लिए एयरलाइन ने अगले कुछ सप्ताह तक अंतरराष्ट्रीय विमान की उड़ानों की संख्या में 15 प्रतिशत की कटौती करने का फैसला किया है। अंतरराष्ट्रीय उड़ानों की संख्या में कटौती शुक्रवार 20 जून से लागू की जाएगी, जो कम से कम मध्य जुलाई तक जारी रहेगी।






## शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन गिरावट

### सेंसेक्स 83 और निफ्टी 19 अंक फिसला

**एजेंसी**




**मुंबई।** अमेरिकी फेडरल रिजर्व के सतर्क संकेतों और मध्य-पश्चिम में जारी भू-राजनीतिक तनाव से निवेशकों की धारणा कमजोर पड़ने से स्थानीय स्तर पर कमोडिटीज, इंडस्ट्रियल्स, आईटी, रियल्टी और सर्विसेज समेत 20 समूहों में हुई बिकवाली से गुरुवार को शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन गिरावट पर रहा। सेंसेक्स 82.79 अंक टूटकर 81361.87 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 18.80 अंक फिसलकर 24793.25 अंक पर आ गया। बीएसई का मिडकैप 1.64 प्रतिशत का गोता लगाकर 44,941.19 अंक और स्मॉलकैप 1.77 प्रतिशत लुढ़ककर 52,093.75 अंक पर बंद हुआ।

इस दौरान बीएसई में कुल 4117 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 3018 में बिकवाली जबकि 959 में लिवाली हुई वहीं 140 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2954 कंपनियों के शेयरों में से 2363 में गिरावट जबकि 516 में तेजी रही वहीं 75 में टिकाव रहा। बीएसई में ऑटो की 0.42 प्रतिशत की तेजी को छोड़कर अन्य 20 समूहों में बिकवाली का दबाव रहा। इससे कमोडिटीज 1.05, सीडी 0.51, ऊर्जा 0.69, एफएमसीजी 0.42, वित्तीय सेवाएं 0.73, हेल्थकेयर 0.92, इंडस्ट्रियल्स 1.10, आईटी 1.14, दूरसंचार 1.06, यूटिलिटीज 1.61, बैंकिंग 0.31, कैपिटल गुड्स 0.57, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.06, धातु 1.18, तेल एवं गैस 0.82, पावर 1.24, रियल्टी 1.63, टेक 0.64, सर्विसेज 1.68 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.95 लुढ़क गए। सेंसेक्स 41 अंक की गिरावट लेकर 81,403.94 अंक पर खुला और भारी बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 81,191.04 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, लिवाली होने से इसके थोड़ी देर बाद ही यह 81,583.94 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 81,444.66 अंक के मुकाबले 0.10 प्रतिशत उतरकर 81361.87 अंक पर रहा।

निफ्टी भी नौ अंक फिसलकर 24,803.25 अंक पर सपाट खुला और 24,733.40 अंक के निचले जबकि 24,863.10 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा।

### निवेशकों को पौने चार लाख करोड़ नुकसान

शेयर बाजार में गिरावट से निवेशकों की संपति में करीब पौने चार लाख करोड़ रुपये की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप घट कर 442.58 लाख करोड़ रुपये हो गया। बुधवार को इनका मार्केट कैप 446.28 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 3.70 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया।